* ओड़िशा संस्करण

www.epaper.azadsipahi.in

23 दिसंबर, 2023
मार्गशीर्ष, शुक्ल पक्ष, एकादशी
संवत 2080
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

रांची
शनिवार, वर्ष 09, अंक 63

कलम कलम बढ़ाये जा

आजाद सिपाही

रेसलर बजरंग पूनिया ने पद्मश्री अवार्ड लौटाया। पीएम को लिखी चिट्ठी, कहा ऐसी जिंदगी नहीं जी पायेंगे।
(अवार्ड लेते फाइल फोटो)

न्यूज रील्स

कोरोना से जयपुर में एक महीने का बच्चा संक्रमित

नयी दिल्ली। कोरोना का जेएन1 वैरिएंट भारत में तेजी से फैल रहा है। पिछले 24 घंटे में देशभर में कोरोना के 640 मामले दर्ज किये गये हैं। एक शख्स की मौत हुई है। देश में एक्टिव मामलों की संख्या 2 हजार 997 हो गयी है। जयपुर में एक महीने का बच्चा कोरोना पॉजिटिव मिला है। उसका इलाज चल रहा है।

संसद भवन-अयोध्या में बड़े धमाकों की धमकी

जयपुर। जयपुर कंट्रोल रूम के वॉट्सएप नंबर पर आये एक मैसेज ने तीन राज्यों में हड़कंप मचा दिया। इसमें लिखा था कि जयपुर, दिल्ली में संसद भवन और राष्ट्रपति भवन और अयोध्या में राम मंदिर पर आने वाले सात दिनों में बड़े धमाके होंगे। जयपुर पुलिस ने नंबर ट्रैक किया तो एक युवती का निकला। हलांकि इस लड़की ने ऐसा मैसेज करने से इनकार कर दिया। जांच करने पर पता चला कि मोबाइल को किसी ने हैक कर लिया था और उसने मैसेज पुलिस को भेजा है। पुलिस मामले की जांच कर रही।

गणतंत्र दिवस के लिए फ्रांसीसी राष्ट्रपति को न्योता

नयी दिल्ली। बाइडेन के इनकार के बाद भारत ने गणतंत्र दिवस समारोह में शामिल होने के लिए फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों को न्योता भेजा है। अगर मैक्रों भारत का इनविटेशन स्वीकार करते हैं तो ऐसा छठी बार होगा जब फ्रांसीसी राष्ट्रपति भारत की रिपब्लिक डे परेड में शामिल होंगे।1976 से लेकर भारत अब तक 5 बार फ्रांस के राष्ट्रपति को रिपब्लिक डे के लिए आमंत्रित कर चुका है। इसी साल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी फ्रांस की बैस्टिल डे परेड में बतौर चीफ गेस्ट शामिल हुए थे।

आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम

हर वर्ग और तबका बनेगा मजबूत: हेमंत

- मुख्यमंत्री ने 206 योजनाओं का दिया तोहफा
- 3.76 लाख लाभुकों को बांटी परिसंपत्ति

मो. शब्बीर हुसैन

धनबाद (आजाद सिपाही)। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि यह आदिवासियों-मूलवासियों और झारखंड वासियों की सरकार है। यह सरकार रांची-दिल्ली से नहीं, बल्कि गांव-देहात और मोहल्ला-टोला से चल रही है। हर व्यक्ति के दरवाजे तक कल्याणकारी योजनाएं पहुंचाने का महाअभियान चल रहा है। लोगों को पूरे मान-सम्मान के साथ उनका हक-अधिकार दे रहे हैं। हमारी सरकार समाज के अंतिम व्यक्ति को सशक्त बनाने के लिए संकल्पित है। हर वर्ग और तबके को मजबूत बनाया जा रहा है। झारखंड को इतना ताकतवर राज्य बनायेंगे कि यह अपने बलबूते विकास का रास्ता तय करेगा। मुख्यमंत्री शुक्रवार को धनबाद जिला के बलियापुर प्रखंड स्थित मोदीटोला ग्राम में आयोजित 'आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार' कार्यक्रम में बोल रहे थे।

हर वर्ष चलेगा यह अभियान: मुख्यमंत्री ने कहा कि 'आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार' कार्यक्रम पहली बार वर्ष 2021 में आयोजित हुआ था। इस दौरान लगभग 30 लाख आवेदन मिले थे। वहीं, 2022 में आयोजित दूसरी बार के इस कार्यक्रम में लगभग 50 लाख लोगों ने अपनी समस्याओं को लेकर आवेदन शिविरों में दिया था। तीसरी बार यह कार्यक्रम इस वर्ष 24 नवंबर से चल रहा है। इन शिविरों में जिस तरह लोगों का उत्साह देखने को मिल रहा है, उससे साफ जाहिर होता है कि लोगों को सरकार से काफी उम्मीदें हैं। उन्होंने कहा कि अलग राज्य बनने के दो दशकों तक लोगों की समस्याओं का समाधान सही तरीके से नहीं हो सका था। हमारी सरकार लोगों के घर और दरवाजे तक पहुंच कर उनकी समस्याओं का समाधान कर रही है। यह सिलसिला हर वर्ष जारी रहेगा।

विकास योजनाओं का दिया तोहफा : मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर 531.07 करोड़ की 206 योजनाओं का उद्घाटन-शिलान्यास किया। वहीं, विभिन्न योजनाओं के 3 लाख से अधिक लाभुकों के बीच 418.21 करोड़ की परिसंपत्तियों बांटी गयी। इस अवसर पर मंत्री सत्यानंद भोक्ता, बन्ना गुप्ता, विधायक मथुरा प्रसाद महतो, पूर्णिमा नीरज सिंह समेत अधिकारीगण मौजूद थे।

योजनाओं से कराया अवगत

मुख्यमंत्री ने सरकार द्वारा चलायी जा रही जनहित की योजनाओं और इसके लाभ से लोगों को अवगत कराया। उन्होंने गुरुजी क्रेडिट कार्ड, स्कूली शिक्षा से जुड़ी योजनाएं, पेंशन योजना, अबुआ आवास योजना, ग्रामीण बस सेवा समेत अन्य योजनाओं का जिक्र किया। लोगों से योजनाओं का लाभ लेने की अपील की। उन्होंने कहा कि सरकार युवाओं को हुनरमंद बना रही। रोजगार के लिए कई योजनाएं शुरू की गयी हैं। किसानों के लिए कई योजनाएं चल रही हैं। इन सभी का लोग लाभ लें। उन्होंने सड़क, बिजली, पानी समेत इंफ्रास्ट्रक्चर को मजबूत करने की दिशा में उठाये गये कदम का जिक्र किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड कोई पिछड़ा और गरीब राज्य नहीं है। लेकिन, पिछले 20 वर्षों के दौरान इसे पिछड़ा रहने के लिए छोड़ दिया गया। किसी ने राज्य को विकास के रास्ते पर आगे ले जाने की प्रतिबद्धता नहीं दिखायी। हमारी सरकार इस राज्य को गरीबी और पिछड़ापन के टैग से निजात दिलाने की दिशा में आगे बढ़ रही है। हम अगले दो वर्षों में राज्य को इतना ताकतवर बनायेंगे कि हमें किसी के आगे हाथ फैलाने की जरूरत नहीं पड़ेगी।

हकीकत का ले रहा हूं जायजा

मुख्यमंत्री ने कहा कि कार्यक्रम के तहत यह 20वां शिविर है, जिसमें मैं स्वयं शामिल हो रहा हूं। मैं इन शिविरों में आकर यह देखने का प्रयास कर रहा हूं कि सरकार की योजनाओं की क्या प्रगति है और लोगों को इसका लाभ किस तरीके से मिल रहा है। हमारी कोशिश है कि सरकार की योजनाएं हकीकत में धरातल पर उतरे, ताकि -गरीबों जरूरतमंदों और वंचितों का इसका लाभ मिल सके।

कमर्शियल पायलट और एयर होस्टेस बनायेंगे

मुख्यमंत्री ने कहा कि दुमका में एविएशन ट्रेनिंग सेंटर खोलने का काम अंतिम चरण में है। इसके शुरू होने से यहां के युवक-युवतियों को कमर्शियल पायलट, ग्राउंड इंजीनियर और एयर होस्टेस का प्रशिक्षण मिलेगा। सरकार के इस कदम से एविएशन के क्षेत्र में झारखंड के नौजवानों के आगे बढ़ने का मार्ग प्रशस्त होगा। उन्होंने कहा कि धनबाद जिले के बलियापुर में जो हवाई पट्टी है, अगर केंद्र सरकार अनुमति दे तो इसे विकसित करने की दिशा में राज्य सरकार आगे बढ़ेगी।

राहुल ने नाराज नीतीश को मनाया

आजाद सिपाही संवाददाता

नयी दिल्ली। आइएनडीआइए गठबंधन की बैठक से नाराज हो कर लौटे बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को मनाने की कवायद शुरू हो गयी है। दिल्ली दरबार से नीतीश को फोन आया। ये फोन कॉल किसी और ने नहीं बल्कि खुद राहुल गांधी ने किया। इस फोन कॉल पर नीतीश कुमार और राहुल गांधी के बीच बहुत लंबी बातचीत हुई। इस फोन कॉल के बाद दिल्ली से पटना तक हलचल मची है। जदयू सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार दोनों नेताओं के बीच गठबंधन को मजबूती देने को लेकर चर्चा हुई। इंडिया गठबंधन की बैठक के दौरान कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे को प्रधानमंत्री उम्मीदवार बनाये जाने के ममता बनर्जी और अरविंद केजरीवाल के प्रस्ताव के बाद से नीतीश काफी असहज हो गये थे। उनकी नाराजगी को लेकर भी मीडिया में कई तरह की खबरें चलने लगी थीं। सियासी गलियारों में ये चर्चा तेजी से फैली थी कि नीतीश कुमार खुद को अइएनडीआइए गठबंधन में दरकिनार किये जाने से बुरी तरह खफा हैं। खड़गे का नाम पीएम कैंडिडेट के रूप में आने को लेकर राहुल गांधी ने अपनी और पार्टी की स्थिति को स्पष्ट करते हुए कहा कि उनको इस संबंध में किसी तरह की कोई जानकारी नहीं थी।

कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग, झारखंड, रांची

जिला कृषि कार्यालय-रांची

किसान दिवस (23 दिसंबर 2023) के शुभ अवसर पर जिला के सभी बिरसा किसान भाईयों को शुभकामनाएं। कृषि प्रभाग के द्वारा चलाई जा रही लाभकारी योजनाएं-

- बीज विनिमय एवं वितरण की योजना अंतर्गत 50% अनुदान पर विभिन्न लैम्पस के द्वारा ब्लॉक चेन प्रणाली के माध्यम से खरीफ एवं रबी में बीज का वितरण।
- जिले के किसानों को कृषि कार्य करने हेतु किसान क्रेडिट कार्ड (KCC) ऋण वितरित ।
- झारखंड कृषि ऋण माफी योजना अन्तर्गत 50,000/-(पचास हजार रू.) कृषि ऋण माफ ।
- प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना अन्तर्गत 90% अनुदान पर टपक सिचाई योजना का लाभ।
- मिट्टी जांच प्रयोगशाला, कृषि विज्ञान केन्द्र एवं एग्री क्लीनीक के माध्यम से मिट्टी नमूना का मुफ्त जांच।
- किसान भाईयों एग्री स्मार्ट ग्राम के तहत जिले में 10 एग्री स्मार्ट ग्राम का संचालन समेकित बिरसा ग्राम विकास योजना अंतगर्त तमाड़, बुंडू, लापुंग एवं बेड़ो में कृषक पाठशाला का संचालन।
- किसान कॉल सेंटर 1800-123 - 1136 द्वारा किसानों के समस्याओं का समाधान।

ह./-
जिला कृषि पदाधिकारी
रांची

सांसदों का निलंबन: आइएनडीआइए ने किया जंतर-मंतर पर धरना-प्रदर्शन

आजाद सिपाही संवाददाता

नयी दिल्ली। संसद से 146 विपक्षी सांसदों के निलंबन के खिलाफ शुक्रवार को आइएनडीआइए गठबंधन के नेता जंतर-मंतर पर जुटे। प्रदर्शन का नाम सेव डेमोक्रेसी प्रोटेस्ट (लोकतंत्र बचाओ प्रदर्शन) दिया गया। प्रदर्शन में लेफ्ट पार्टियां, डीएमके, एनसीपी (शरद पवार गुट), सपा, नेशनल कॉन्फ्रेंस, टीएमसी, जेएमएम, आरजेडी समेत अन्य दल थे। देश के अन्य राज्यों में भी सांसदों के निलंबन के विरोध में गठबंधन के नेताओं ने धरना दिया। इस मौके पर राहुल ने कहा कि कुछ दिन पहले संसद भवन में दो-तीन युवा कूद कर अंदर आ गये। उन्हें कूदते हुए हम सबने देखा। भाजपा के सभी सांसद भाग गये। जो अपने आपको देश भक्त कहते हैं उनकी हवा निकल गयी थी। उन्होंने कहा कि देश के युवा मोबाइल (इंस्टाग्राम, फेसबुक, ट्विटर) पर साढ़े सात घंटे बिताते हैं। मोदी सरकार में देश का युवा साढ़े सात घंटे सेलफोन पर रहता है, क्योंकि उसके पास रोजगार नहीं है। ये हिंदुस्तान की सच्ची हालत है। इसी के चलते वो युवा संसद में कूदकर आये। हमने अमित शाह से सवाल पूछा- भैया, आप होम मिनिस्टर हो, ये दो युवा जंप कर-के कैसे आ गये, बेरोजगारी पर दो सवाल पूछे तो 150 लोगों को उठा कर बाहर कर दिया। ये सिर्फ 150 लोग नहीं है, ये हिंदुस्तान की जनता की आवाज हैं।

कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि ये आइएनडीआइए गठबंधन क्यों बना? मोदी-शाह ने संविधान, डेमोक्रेसी को खत्म करने का प्लान बनाया है। सस्पेंड हुए सांसदों ने संसद परिसर में गांधी प्रतिमा के पास प्रदर्शन किया। देश मोदी जी को इतना घमंड है कि हम 400 सीट जीतेंगे।

अयोध्या एयरपोर्ट पर हुआ ट्रायल

आजाद सिपाही संवाददाता

अयोध्या। अयोध्या के राम मंदिर में राम लला की प्राण प्रतिष्ठा की तैयारी तेजी से चल रही है। यहां 17 जनवरी 2024 को कार्यक्रम की शुरुआत हो जायेगी। सप्ताह भर आयोजन चलेंगे। उससे पहले विभिन्न प्रोजेक्ट को पूरा करने के लिए समय सीमा तय कर दी गयी है। इसी कड़ी में अयोध्या में मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम इंटरनेशनल एयरपोर्ट के लोकार्पण से पहले शुक्रवार को ट्रायल हुआ। रनवे पर एयरक्राफ्ट की लैंडिंग करायी गयी। यहां 2200 मीटर के रन-वे पर एयरफोर्स के एयरक्राफ्ट की लैंडिंग हुई। सिविल एविएशन के अधिकारी इस एयरक्राफ्ट से अयोध्या एयरपोर्ट पहुंचे। अब जल्द ही अयोध्या से हवाई सेवा शुरू हो जायेगी।

30 दिसंबर को पहली उड़ान: मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे का उद्घाटन 30 दिसंबर को होने जा रहा है। इसी दिन दिल्ली से पहली उड़ान हवाई अड्डे पर उतरेगी। एयरलाइंस कंपनी इंडिगो पहले चरण में अयोध्या से दिल्ली और अहमदाबाद के लिए उड़ान शुरू करने जा रही है। गौरतलब है कि इंडिगो अयोध्या हवाई अड्डे से संचालित होनेवाली पहली एयरलाइन होगी। अयोध्या एयरलाइन कंपनी का 86वां डोमेस्टिक डेस्टिनेशन होगा। फ्लाइट के जरिये 1 घंटा 20 मिनट में दिल्ली से अयोध्या की दूरी तय हो जायेगी। दिल्ली से अयोध्या के लिए पहली फ्लाइट 11.20 बजे पहुंचेगी। यह फ्लाइट दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट से 10 बजे उड़ान भरेगी। एयरपोर्ट अथॉरिटी ने इसकी तैयारियां की हैं। इस फ्लाइट के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अयोध्या करीब 12 बजे पहुंचेंगे। उनका विमान भी इसी एयरपोर्ट पर लैंड करेगा।

(संबंधित खबर पेज 02 पर)

पीएम करेंगे उद्घाटन

अयोध्या में एयरपोर्ट और रेलवे स्टेशन की नयी बिल्डिंग पूरी बनकर तैयार हो गयी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 30 दिसंबर को अयोध्या पहुंच रहे हैं। वह दो घंटे वहां रहेंगे। प्रधानमंत्री मयार्दा पुरुषोत्तम श्रीराम एयरपोर्ट और अयोध्या रेलवे स्टेशन का उद्घाटन करेंगे। इसके अलावा 3 हजार करोड़ के प्रोजेक्ट्स का शिलान्यास और लोकार्पण करेंगे।

सर्राफा

सोना (बिक्री)	59,800 रु./10 ग्राम
चांदी	78,000 रु./प्रति किलो

आजाद सिपाही
रांची, शनिवार, 23 दिसंबर, 2023
www.azadsipahi.in

झारखंड में आमने-सामने के स्तर पर पहुंची झामुमो-भाजपा की लड़ाई

■ राजनीतिक प्रतिद्वंद्विता की बजाय एक-दूसरे की चौतरफा घेरेबंदी में जुट गये हैं दोनों पक्ष

आजाद सिपाही विशेष

झारखंड, यानी 15 नवंबर 2000 को भारत के राजनीतिक नक्शे पर उभरा 28वां राज्य अब 23 साल का हो चुका है, लेकिन इसकी राजनीतिक मानसिकता इतनी परिपक्व हो चुकी है कि अच्छे-अच्छे अक्सर मात खा जाते हैं। इन 23 सालों में राजनीतिक अस्थिरता से लेकर राजनीतिक और प्रशासनिक भ्रष्टाचार के कारण समुचित विकास से वंचित रहे इस राज्य ने उन सबका अनुभव हासिल कर लिया है, जो दूसरे राज्य कल्पना भी नहीं कर सकते हैं। इन दिनों झारखंड एक अजीब किस्म की रस्साकशी में फंसा हुआ नजर आता है। यह असमंजस झारखंड की राजनीति की दो प्रमुख ताकतों के बीच चल रही प्रतिद्वंद्विता के कारण पैदा हुआ है। इन ताकतों में एक छोर पर दुनिया की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी भाजपा है, तो दूसरे छोर पर झारखंड की सबसे ताकतवर क्षेत्रीय पार्टी झामुमो। ये दोनों ताकतें अलग झारखंड राज्य की स्थापना का श्रेय लेती हैं, लेकिन झारखंडी हितों के मोर्चे पर एक-दूसरे से होड़ नहीं लगाती हैं, बल्कि प्रतिस्पर्द्धा करने लगती हैं। अब जबकि झारखंड की पांचवीं विधानसभा का कार्यकाल एक साल रह गया है, भाजपा और झामुमो की यह प्रतिद्वंद्विता राजनीतिक नहीं, बल्कि आमने-सामने के स्तर तक आ गयी है। दोनों ही पार्टियां एक-दूसरे की चौतरफा घेरेबंदी में जुट गयी हैं, जिसके कारण राज्य का सामान्य विकास भी प्रभावित हो रहा है। झारखंड के इसी असमंजस भरे माहौल के कारणों और संभावित परिणामों के बारे में बता रहे हैं **आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**

राकेश सिंह

लंबे संघर्ष और आंदोलन के साथ हजारों कुर्बानियों के बाद 15 नवंबर 2000 को जब भारत के राजनीतिक नक्शे पर 28वें राज्य के रूप में झारखंड का उदय हुआ था, तब इसे एक अभिनव राजनीतिक प्रयोग तो कहा गया था, लेकिन अगले करीब डेढ़ दशक तक इस राज्य में जो कुछ हुआ, उसके बाद इसे एक 'फेल्ड स्टेट' कहा जाने लगा। राजनीतिक अस्थिरता और भ्रष्टाचार के साथ प्रशासनिक अक्षमता ने प्राकृतिक संपदा से भरपूर इस राज्य को चारागाह के रूप में बदल कर रख दिया था। 2014 के बाद झारखंड में राजनीतिक अस्थिरता तो आयी, पर इसके अनुभवों ने झारखंड को देश के बाकी राज्यों के मुकाबले अधिक परिपक्व बना दिया। झारखंड के 23 साल के इतिहास में इस पर अधिकांश समय भाजपा का शासन रहा, लेकिन राज्य की सबसे ताकतवर क्षेत्रीय पार्टी झारखंड मुक्ति मोर्चा भी बहुत पीछे नहीं रही।

यही झारखंड आज एक अजीब किस्म के असमंजस में फंसा हुआ नजर आ रहा है। इस असमंजस का कारण दो प्रमुख राजनीतिक ताकतों, भाजपा और झामुमो के बीच जारी जोर-आजमाइश है। यह जोर-आजमाइश अब राजनीति तक सीमित नहीं रह गयी है, बल्कि दोनों ही एक-दूसरे की चौतरफा घेरेबंदी में लग गयी हैं। राजनीतिक प्रतिद्वंद्विता का इतना तगड़ा और कठोर अनुभव शायद भारत के किसी दूसरे राज्य ने अब तक नहीं किया है।

क्या है झारखंड की वर्तमान स्थिति

झारखंड की वर्तमान स्थिति ऐसी है कि यहां के ये दो प्रमुख राजनीतिक दल अब एक-दूसरे के खिलाफ आर-पार के मुकाबले में उतर गये हैं। राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को उनके हर फैसले के लिए घेरनेवाली भाजपा उस समय खुद रक्षात्मक नजर आने लगती है, जब झामुमो की तरफ से उसके शासनकाल की बात की जाने लगती है। झारखंड की हालत का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि एक तरफ यहां के सीएम कहते हैं कि विपक्ष उनकी सरकार को गिराने की साजिश कर रहा है, तो दूसरी तरफ राज्य के सबसे वरिष्ठ नेताओं में से एक भाजपा के बाबूलाल मरांडी यह आरोप लगाते हैं कि विधानसभा में उन्हें बोलने तक की अनुमति नहीं दी जाती है। राजनीतिक प्रतिद्वंद्विता में इतनी कटुता शायद पहली बार सामने आ रही है।

भ्रष्टाचार और घोटाला आज की ही बात नहीं

झारखंड की राजनीति भ्रष्टाचार और घपलों-घोटालों के आरोप-प्रत्यारोप के इर्द-गिर्द ही चक्कर काट रही है। यह सही है कि झारखंड में भ्रष्टाचार की कहानियां नयी नहीं हैं, लेकिन यह भी सही है कि भाजपा की पूर्व सरकार, मधु कोड़ा की सरकार में भी भ्रष्टाचार सिर चढ़ कर बोलता था। यही कारण है कि ये कहानियां किसी को चौंकाती भी नहीं। फिलहाल भाजपा का हमला मुख्यमंत्री को इडी की तरफ से जारी किये गये समन को लेकर है। मुख्यमंत्री को इडी ने पूछताछ के लिए आधा दर्जन बार समन भेजा है। भाजपा इसे जोर-शोर से उठा रही है। दूसरी तरफ मुख्यमंत्री इसे भाजपा की साजिश करार देते हैं। वे बार-बार अपनी सभाओं में यह आरोप लगा रहे हैं कि जब भी वह झारखंड में जनहित में बड़ा कदम उठाते हैं और केंद्र से झारखंड के बकाया एक लाख 30 हजार करोड़ की मांग करते हैं, तो केंद्र सरकार उनके पीछे इडी लगा देती है। वह इडी को भी निशाने पर लेते हैं। झामुमो का कहना है कि इडी की जांच मनरेगा घोटाले में उस तरफ क्यों नहीं जाती, जब से यह शुरू हुआ था। उस समय रघुवर दास की सरकार थी। झामुमो भी खुले मंच से भाजपा सरकारों के पाप को गिना रहा है। राज्य की प्रमुख विपक्षी पार्टी का मुखिया केवल मुख्यमंत्री को निशाने पर रखता है, तो सत्तारूढ़ दल की तरफ से प्रधानमंत्री से लेकर पार्टी प्रमुख और केंद्रीय एजेंसियों पर निशाना साधा जाता है।

क्या हो रहा है इस लड़ाई का असर

झामुमो और भाजपा के बीच चल रही इस रस्साकशी का सीधा असर झारखंड के विकास पर पड़ रहा है। हालांकि दोनों ही दलों की तरफ से इस मुकाबले को राज्य के विकास के लिए जरूरी बताया जा रहा है, लेकिन आशंका यही है कि इस मुकाबले में झारखंड की आवाज कहीं गुम नहीं हो जाये। जो राज्य देश की खनिज जरूरतों का 40 प्रतिशत हिस्सा अकेले पूरा करता है, उसकी अर्थव्यवस्था लगातार पिछड़ती जा रही हो, यह अटपटा लगता है। सत्तारूढ़ दल की तरफ से कई बड़े फैसले जरूर लिये जा रहे हैं, मसलन नयी स्थानीय नीति, नियोजन और अन्य फैसले, लेकिन इनका कार्यान्वयन किसी न किसी स्तर पर जरूर अटक रहा है। दूसरी तरफ विपक्षी दल के पास सिवाय सीएम को निशाने पर रखने के अलावा दूसरा कोई विजन नजर ही नहीं आता है। भाजपा झारखंड के विकास का कोई रोड मैप लेकर नहीं आती, सिर्फ सरकार की कमियां गिनाने में व्यस्त है।

आगे क्या हो सकता है परिणाम

झारखंड की दोनों प्रमुख राजनीतिक ताकतों के बीच चल रही इस प्रतिद्वंद्विता का परिणाम क्या हो सकता है, यह बड़ा सवाल है, जो आज हर झारखंडी पूछ रहा है। राज्य का हर नागरिक यही मना रहा है कि राजनीतिक प्रतिद्वंद्विता का यह स्वरूप कहीं टकराव का कारण न बन जाये, जो अक्सर निर्दोषों को ही अपनी चपेट में लेता है। इसके अलावा चूंकि अब राजनीतिक माहौल चुनावी होता जा रहा है, तो टकराव की आशंका भी बढ़ती जा रही है। इसलिए दोनों पक्षों से उम्मीद की जाती है कि वे संयम से काम लेंगे और मर्यादाओं की सीमाओं को लांघने से परहेज करेंगे। बेहतर होगा ये दल विचारों की लड़ाई लड़ें।

भाजपा और झामुमो को यह नहीं भूलना चाहिए कि झारखंड का समाज आम तौर पर शांतिप्रिय है। इसमें प्रतिद्वंद्विता तो है, लेकिन यह एक-दूसरे को पटखनी देने के स्तर पर नहीं है। इसलिए राजनीतिक प्रतिद्वंद्विता को उसकी सीमाओं तक ही सीमित रखने से दोनों पक्षों का भला हो सकता है।

सज रही अयोध्या, आ रहे हैं श्रीराम, इंतजार की घड़ियां खत्म, स्वागत की तैयारी जोरों पर

राम की नगरी अयोध्या सज रही है। हर जगह उत्सव का माहौल है। सदियों के इंतजार के बाद भव्य राम मंदिर में रामलला विराजेंगे। 22 जनवरी को राम मंदिर में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा होगी। इस आयोजन में पीएम नरेंद्र मोदी मुख्य यजमान हैं। इसके अलावा इस आयोजन में देश भर के 7000 से ज्यादा मेहमान शामिल होंगे। इन मेहमानों में देश के उद्योगपति, अभिनेता, साहित्यकार और खिलाड़ी भी शामिल हैं।

यह ऐतिहासिक मौका है, जिसका इंतजार देश के करोड़ों हिंदू कई दशक से कर रहे हैं। राजा राम की नगरी अयोध्या में जगह-जगह सूर्यस्तंभ लगाये जा रहे हैं। मंदिर परिसर में कांस्य की बनी विशाल जटायु प्रतिमा भी लगायी गयी है। मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम एयरपोर्ट रोशनी से जगमगाने लगा है। सबसे पहले यहां से दिल्ली और अहमदाबाद के लिए फ्लाइट सेवा शुरू करने की तैयार है। हाइटेक अयोध्या रेलवे स्टेशन देखते ही बन रहा है। रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के बाद पूरे देश से श्रद्धालुओं का आना बढ़ जायेगा, इसलिए जगह-जगह मल्टीलेवल पार्किंग भी बन रही है। यहां इलेक्ट्रिक वाहनों को चार्ज करने की सुविधा भी रहेगी। एयरपोर्ट के अलावा अयोध्या में भक्ति पथ, रामपथ, जन्मभूमि पथ, धर्म पथ आदि का लोकार्पण भी होना है। रामलला की प्राण प्रतिष्ठा समारोह के लिए थाईलैंड के राजा ने वहां की मिट्टी भेजी है। कंबोडिया से सुगंधित हल्दी आयी है। इसके अलावा जोधपुर से 600 किलोग्राम गाय का घी और जनकपुर से मिथिला आर्ट पेंटिंग भेजी गयी है। इस पेंटिंग में माता सीता के धरती की गोद से जन्म से लेकर उनका प्रभु राम से विवाह तक के प्रसंगों को दर्शाया गया है।

भारत के इतिहास में अबतक का सबसे बड़ा इवेंट होगा रामोत्सव

बता दें कि रामोत्सव-2024 की तैयारी में जुटी योगी सरकार इस एक माह में ना सिर्फ अयोध्या को बल्कि पूरे प्रदेश को राममय बनाने के संकल्प के साथ आगे बढ़ रही है। अयोध्या में भव्य श्रीराम मंदिर के उद्घाटन और रामलला की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा के सुअवसर को देखते हुए मुख्यमंत्री के निर्देश पर विभिन्न रंगारंग कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे। भारत के इतिहास में अबतक के इस सबसे बड़े ग्रैंड इवेंट के लिए 100 करोड़ रुपये से अधिक खर्च कर रही है। माना जा रहा है कि 30 दिसंबर से अयोध्या में उत्सवों की शुरूआत हो जायेगी। यही नहीं प्रदेश के सभी जनपदों में विभिन्न सांस्कृतिक आयोजन भी होंगे। भजन-कीर्तन, रामकथा, प्रवचन और रामलीलाओं के मंचन के साथ ही अन्य भक्तिमय सांस्कृतिक प्रस्तुतियां होंगी। इस एक माह में देश के प्रख्यात कथावाचक और सुप्रसिद्ध गायकों को अयोध्या में अपनी प्रस्तुति देने का अवसर भी मिलेगा।

शुक्रवार को हुआ पहला ट्रायल फ्लाइट का रन

अयोध्या के श्रीराम इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर फ्लाइट का ट्रायल रन हुआ। एयरपोर्ट पर सिविल एविएशन के अधिकारियों को लेकर फ्लाइट उतरी। ट्रायल रन के दौरान व्यवस्थाओं की जांच की गयी। एयरपोर्ट अॉथॉरिटी के अधिकारियों का दावा है कि ट्रायल फ्लाइट का रन सफल रहा है।

30 दिसंबर को पीएम मोदी अयोध्या में

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मौजूदगी में आगामी 30 दिसंबर को अयोध्या में एयरपोर्ट और रेलवे स्टेशन के उद्घाटन के अवसर पर अयोध्या की साज-सजावट का इंतजाम ठीक वैसा ही होगा, जैसा आगामी 22 जनवरी के दौरान प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के लिए किया जायेगा। इसलिए 30 दिसंबर की तैयारियों को 22 जनवरी 2024 के लिए ग्रैंड रिहर्सल के तौर पर माना जा रहा है।

अयोध्या नहीं जा सकेंगे ये लोग

सीएम योगी ने गुरुवार को रामलला की प्राण प्रतिष्ठा समारोह के दौरान सुरक्षा को लेकर अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की और कई सख्त दिशा निर्देश जारी किये। योगी ने आदेश दिया कि 22 जनवरी को अयोध्या में करायी गयी सभी धर्मशालाओं और होटलों की प्री बुकिंग को रद्द किया जाये। 22 जनवरी को सबकी बुकिंग रद्द होगी। इस दिन अयोध्या में केवल वहीं आयेगा, जिनके पास राम मंदिर के समारोह का न्योता होगा। सिर्फ निमंत्रण पत्र और जिनके पास इ्यूटी के पास होंगे वहीं अयोध्या में प्रवेश कर सकेंगे। 22 जनवरी को अयोध्या में वही लोग जा सकेंगे, जिनके पास आयोजन समिति का निमंत्रण होगा या सरकारी इ्यूटी में होंगे। बगैर निमंत्रण वाले जिन लोगों ने 22 जनवरी के लिए पहले से अयोध्या में होटल, गेस्ट हाऊस बुक करा रखे हैं, उन सबकी बुकिंग भी कैंसिल की जायेगी। प्राण प्रतिष्ठा के दिन अयोध्या एयरपोर्ट पर 100 से अधिक प्लेन लैंड करेंगे। इस दौरान ट्रैफिक रूट में भी परिवर्तन किया जायेगा।

राम मंदिर से जुड़ी खास बातें

22 जनवरी, 2024 को अयोध्या के राम मंदिर में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा होगी। इस भव्य समारोह में देश भर के 7000 से ज्यादा विशिष्ट मेहमान शामिल होंगे। रामलला की मूर्ति कर्नाटक और राजस्थान के पत्थरों से बनी है। अयोध्या राम मंदिर के निर्माण में करीब 900 करोड़ का खर्च आया है। दरवाजे और खिड़कियों की लकड़ियां महाराष्ट्र के बल्लाल शाह से लायी गयी हैं। दरवाजों और खिड़कियों पर नक्काशी हैदराबाद के मजदूरों ने किया। देश भर की पवित्र नदियों और कुडों से लाये जल से रामलला का अभिषेक होगा। वर्ष 2025 में पूरी तरह बनकर तैयार हो जायेगा भव्य राम मंदिर। 9 नवंबर, 2019 को सुप्रीम कोर्ट ने राम मंदिर के पक्ष में फैसला दिया था। रामलला की प्राण प्रतिष्ठा समारोह के लिए थाईलैंड के राजा ने वहां की मिट्टी भेजी है। मंदिर परिसर में 44 फीट लंबाई और 500 किलोग्राम का ध्वज दंड भी लगेगा। प्रतिष्ठा समारोह के लिए रेलवे स्पेशल ट्रेन चलायेगा। भगवान राम की चरण पादुका में एक किलो सोना और सात किलो चांदी का इस्तेमाल किया गया है। इसके अलावा पादुका में बहुमूल्य रत्न भी लगाये गये हैं।

राम मंदिर अयोध्या रेलवे स्टेशन से कितनी दूरी पर है?

यदि आप ट्रेन से अयोध्या पहुंच रहे हैं तो रेलवे स्टेशन से मात्र पांच किलोमीटर का सफर तय कर राम मंदिर पहुंच जायेंगे। यहां पहुंचने के लिए कई साधन मिल जायेंगे। इसके अलावा लखनऊ, दिल्ली समेत अनेक प्रमुख शहरों से सीधी बस सेवा के जरिये भी अयोध्या पहुंचा जा सकता है।

हवाई मार्ग से कैसे पहुंचें अयोध्या?

अयोध्या में मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम एयरपोर्ट है। राम मंदिर और एयरपोर्ट के बीच करीब 10 किलोमीटर की दूरी है। इंडिगो की तरफ से यहां उड़ान सेवा शुरू की जा रही है। फिलहाल दिल्ली और अहमदाबाद से अयोध्या के लिए फ्लाइट मिलेगी। आप पड़ोसी शहरों लखनऊ, गोरखपुर और वाराणसी एयरपोर्ट पर उतरकर बस और ट्रेन के जरिये भी अयोध्या पहुंच सकते हैं।

राम मंदिर में दर्शन कैसे करें?

मंदिर में रामलला के दर्शन 30 फुट की दूरी से हो सकेंगे। श्रद्धालु पूरब दिशा से दर्शन के लिए प्रवेश करेंगे। सिंह द्वार से आगे बढ़ते ही वे रामलला के सामने होंगे। रामलला का दर्शन कर वह बायें घूमेंगे। उसके बाद आगे पीएफसी भवन से सामान लेकर बाहर निकल जायेंगे। लेकिन कुबेर टीला जाने के लिए उनके पास अनुमति पत्र होना चाहिए।

राम मंदिर में प्रसाद कहां से मिलेगा?

श्रद्धालुओं को दर्शन स्थल पर प्रसाद नहीं मिल पायेगा। उन्हें रामलला का दर्शन करने के बाद लौटते समय दर्शन मार्ग के पास परकोटा से प्रसाद मिलेगा।

अयोध्या में अन्य प्रमुख मंदिर

आप हनुमानगढ़ी मंदिर, नागेश्वरनाथ मंदिर, कनक भवन, राम की पैड़ी, गुप्तार घाट और रामकोट भी दर्शन और घूमने के लिए जा सकते हैं। हनुमानगढ़ी महाबली हनुमान का विख्यात मंदिर है जो 10वीं शताब्दी में बनाया गया। धार्मिक मान्यता है कि यहां भगवान हनुमान का वास है और वह अयोध्या की रक्षा करते हैं।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
189200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Subscribe NOW

वेदर

शहर	अधिकतम	न्यूनतम
रांची	22.0 °C	9.4 °C
सूर्यास्त (आज)	:	17.09 बजे
सूर्योदय (कल)	:	06.26 बजे

आजाद सिपाही
रांची, शनिवार, 23 दिसंबर, 2023
www.azadsipahi.in

सांसदों के निलंबन के खिलाफ आइएनडीआइ गठबंधन ने निकाला विरोध मार्च

देश में लोकतंत्र और संविधान सुरक्षित नहीं : राजेश ठाकुर

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। लोकसभा और राज्यसभा से सांसदों को निलंबित करने के विरोध में आइएनडीआइए गठबंधन ने शुक्रवार को देशभर विरोध-प्रदर्शन किया। इसी क्रम में रांची के जिला स्कूल से राजभवन तक विरोध मार्च निकाला गया। वहीं कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने कहा कि लोकसभा में सांसदों की आवाज को दबा दिया गया। इसलिए हम सड़क पर आकर लड़ाई लड़ रहे हैं। हमें सड़क पर प्रदर्शन करने से कोई नहीं रोक सकता। देश में लोकतंत्र और संविधान सुरक्षित नहीं है। भाकपा के प्रदेश सचिव महेंद्र पाठक ने कहा कि केंद्र सरकार अडाणी-अंबानी के इशारे पर कार्य कर रही है। केंद्र सरकार को संविधान से कोई लेना-देना नहीं, इसलिए लगातार जन विरोधी फैसले ले

रही है। आने वाले दिन 2024 के लोकसभा चुनाव में जनता सबक सिखायेगी। झामुमो के केंद्रीय प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि देश में आपातकाल की स्थिति है। केंद्र सरकार विपक्षी सरकारों को निशाना बना रही है। कभी इडी के नाम पर, तो कभी सीबीआइ के नाम पर लोगों को परेशान किया जा रहा है। इस अवसर पर वित्त मंत्री रामेश्वर उरांव, बंधु तिर्की, कृषि मंत्री बादल पत्रलेख, राष्ट्रीय जनता दल के रंजन यादव, धर्मेंद्र महतो, आम आदमी पार्टी के हरि सिंह, तृणमूल के फिलोमिन टोपनो, झामुमो के जिलाध्यक्ष मुस्ताक आलम, कांग्रेस के जिला अध्यक्ष राकेश किरण, सीपीआइ के अजय सिंह, झामुमो के जिला सचिव हेमलाल महतो सहित कई नेता मौजूद थे।

दामोदर रोपवे और इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड कोलकाता को ब्लैकलिस्ट करे राज्य सरकार : दीपक प्रकाश

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। राज्यसभा सांसद दीपक प्रकाश ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को पत्र लिख कर दामोदर रोपवे एंड इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड कोलकाता कंपनी, जो देवघर के त्रिकुट में रोपवे चलाने का काम करती है, उसे ब्लैकलिस्ट कर उस पर नौ करोड़ जुर्माने लगाने की मांग की है।

श्री प्रकाश ने अपने पत्र में बताया है कि 10 अप्रैल 2022 को कंपनी की लापरवाही के कारण घटित हुई घटना में तीन की मृत्यु हो गयी। कई लोगों की घायल होने के मामले की जांच के लिए गठित एक्सपर्ट कमेटी ने रोपवे संचालक को उक्त घटना के लिए दोषी ठहराया है। श्री प्रकाश ने लिखा है कि झारखंड सरकार ने एक जनहित याचिका में भी उच्च न्यायालय को यह सूचित किया था कि वह कंपनी के खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई करेगी। राज्य सरकार के पर्यटन मंत्री हफीजुल हसन ने भी विधानसभा में कंपनी पर 9 करोड़ रुपये का जुर्माना लगाने की बात कही थी, लेकिन झारखंड सरकार की तरफ से अब तक कोई कार्रवाई नहीं की गयी।

उन्होंने मुख्यमंत्री से मांग की है कि दामोदर रोपवे एंड इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड कोलकाता कंपनी की अन्य राज्यों में भी इतिहास खराब रहा है। इसलिए झारखंड सरकार इसे ब्लैकलिस्ट करे और दामोदर रोपवे से 9 करोड़ रुपये जुर्माना वसूले। आग्रह किया है कि बड़ी संख्या में बाबा नगरी देवघर आने वाले पर्यटकों के हित में पूर्ण सुरक्षा उपायों के साथ रोपवे को पुनः प्रारंभ किया जाये।

क्या थी घटना

देवघर के बाबा बैद्यनाथ ओर बासुकीनाथ के बीच स्थित त्रिकुट पहाड़ पर 10 अप्रैल 2022 को रोपवे हादसा हुआ था। इसमें 48 पर्यटक की जान रोपवे पर हवा में अटक गयी थी। वे यूं ही हवा में 72 घंटे लटके रहे। वहीं इस हादसे में तीन पर्यटकों की जान चली गयी थी। रेस्क्यू ऑपरेशन के बाद लोगों को उतारा गया था। आज भी वहां के लोग उस खौफनाक मंजर को भुला नहीं पाये हैं। हादसे का मंजर इतना भयावह था कि आज भी याद करते हुए लोगों का दिल दहल उठता है। वहीं इस हादसे का असर यह हुआ कि हादसे के बाद रोपवे बंद कर दिया, जो अभी तक चालू नहीं हो पाया है। इस कारण पर्यटन प्रभावित है। लोगों की गतिविधि में काफी कमी आयी है।

त्रिकूट की घटना कोई पहली घटना नहीं है, जो इस कंपनी की लापरवाही से घटित हुई। 20 जनवरी 2019 को जम्मू में लगे इनके रोपवे में केबल कार क्रैश हो गया था, जिसमे दो लोगों की मौत हो गयी थी और चार लोग घायल हुए थे। 18 अक्टूबर 2021 को इस कंपनी द्वारा संचालित सावित्री माता रोपवे पुष्कर, राजस्थान में एक व्यक्ति केबल कार से 50 फुट ऊपर से गिर गया था। 23 मई 2022 को दामोदर रोपवे एंड इंफ्रा लिमिटेड द्वारा संचालित मैहर रोपवे, जो सतना एमपी में स्थित है, वहां 28 यात्री 40 मिनट तक हवा में केबल कार में फंसे रहे।

राशिफल

डॉ एनके बेरा | 9431114351

मेष कार्यक्षेत्र की जिम्मेदारियां बढ़ेगी,परिश्रम व प्रयास से सभी कार्य पूरे होंगे।

वृष विपरीत स्थितियों में सुधार होगा,प्रशंसनीय कार्य करने का अवसर मिलेगा।

मिथुन रोजी-रोजगार के क्षेत्र में लाभकारी वातावरण की शुरूआत है, नये काम में लाभ मिलेगा।

कर्क नए सम्पर्क बनेंगे,शत्रुओं पर विजय,समाज से सद्भावनाएं एवं शुभ संदेश प्राप्त होगा।

सिंह नौकरी-व्यापार की क्षेत्र में सफलता, आदर-सम्मान एवं कर्मबल की वृद्धि होगी।

कन्या रोग-शोक-दुःश्चिन्ताएं दूर होगी, नई आशाओं का उदय होगा,धैर्य व साहस से सभी कार्य पूरे होंगे।

तुला विविध समस्याओं का समाधान, परिश्रम से इच्छित सफलता की ओर अग्रसर रहेंगे।

वृश्चिक राजनीतिक सम्पर्क प्रभाव बढ़ेगा, चिन्तित मनोरथ की सिद्धि होगी, बिजनेस में शुभ परिवर्तन।

धनु रुके कामों में प्रगति, सामाजिक-राजनीतिक व्यक्तियों के लिए कुछ कर दिखाने का पर्याप्त अवसर मिलेगा।

मकर आजीविका संबंधी चिंता दूर होगी, साहसिक कार्य में सफलता, पारिवारिक सुख-साधनों में वृद्धि।

कुंभ लाभकारी प्रवास सफल होगा, स्वजन-मित्रों का सहयोग, स्वाभिमान और स्वावलम्बन बढ़ेगा।

मीन मीन-चिन्तनीय वातावरण से मुक्ति मिलेगी,रोजी-रोजगार में परिश्रम का फल मिलेगा।

सीएम से मिले डीआरडीए के कर्मचारी

समायोजन समेत तीन सूत्री मांग पत्र सौंपा

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। झारखंड राज्य जिला ग्रामीण विकास अभिकरण सेवा संघ का शिष्टमंडल तीन सूत्री मांग को लेकर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन मिला। सीएम को शिष्टमंडल की ओर से तीन सूत्री मांग पत्र सौंपा गया। प्रदेश सचिव माणिक चंद्र प्रजापति ने बताया कि सभी डीआरडीए कर्मियों और पदाधिकारियों की नियुक्ति सेवा शर्त नियमावली 2008 के तहत वित्त विभाग के संकल्प के अनुसार की गयी। भारत सरकार के 1 नवंबर 2021 के द्वारा जिला ग्रामीण विकास अभिकरण को 1 अप्रैल 2022 के प्रभाव से बंद

करते हुए राज्य सरकार को डीआरडीए में कार्यरत कर्मियों-पदाधिकारियों का समायोजन जिला परिषद, जिला पंचायत और अन्य सरकारी विभागों में करने का निर्देश दिया गया है। ऐसे में डीआरडीए कर्मियों के समायोजन की प्रक्रिया दिनांक 1 अप्रैल 2022 से ही लंबित है। इस वजह से लगभग 400 कर्मियों के सामने असमंजस की स्थिति है। साथ ही वे अपने भविष्य को लेकर चिंतित भी हैं। ऐसे में सरकार को अविलंब उनकी मांग पूरी करनी चाहिए। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री ने संघ की मांग को गंभीरतापूर्वक सुना है और जल्द ही कार्रवाई का आश्वासन भी दिया है।

सांसद निशिकांत दुबे की याचिका पर अब 2 जनवरी को सुनवाई

रांची (आजाद सिपाही)। गोड्डा सांसद निशिकांत दुबे ने देवघर स्थित एम्स अस्पताल में मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए जनहित याचिका दायर की है। उसपर शुक्रवार को झारखंड हाइकोर्ट में आंशिक सुनवाई हुई। इसके बाद चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्रा और जस्टिस आनंद सेन की बेंच ने मामले की अगली सुनवाई के लिए 2 जनवरी की तिथि निर्धारित की है। सांसद निशिकांत दुबे की ओर से अधिवक्ता दिवाकर उपाध्याय अदालत में पक्ष रखा।

सांसद संजय सेठ के सवाल पर अमित शाह ने दिया जवाब

1,14,007 सहकारी समितियों को मिले 7.4 करोड़

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। भारत में 798044 सहकारी समितियां पंजीकृत हैं। इन समितियां के माध्यम से 29.14 करोड़ लोग जुड़े हुए हैं। झारखंड में 11407 सहकारी समितियां हैं, जिसके माध्यम से 20 लाख 92 हजार 444 लोग जुड़े हुए हैं। सहकारिता मंत्रालय 63000 कार्यात्मक पैक्स के कंप्यूटरीकरण के लिए एक परियोजना कार्यान्वित कर रहा है। इसके तहत 10.99 करोड़ जारी किये गये हैं। उक्त आशय की जानकारी केंद्रीय सहकारिता मंत्री अमित शाह ने लोकसभा में दी। सांसद संजय सेठ ने लोकसभा में सहकारी क्षेत्र में कार्यरत समितियां से

संबंधित सवाल पूछा था। मंत्री ने बताया कि सीडीसी के द्वारा कई योजनाओं का क्रियान्वयन किया जा रहा है। नंदिनी सहकार के माध्यम से महिलाओं की सामाजिक आर्थिक स्थिति में सुधार करने के लिए कई कदम उठाये जाते हैं। डेयरी सहकार के माध्यम से पर्यावरण, सामाजिक और शासन से जुड़ी गतिविधियों पर काम किया जाता है। इसके अलावा 10000 एफपीओ का गठन और संवर्धन की योजना भी बनायी गयी है। इस पर कार्य भी चल रहा है। मत्स्य पालन, कृषि और संरचना विकास निधि के तहत मछली पालन और पशुपालन के साथ डेयरी उद्योग को बढ़ावा दिया जा रहा है। केंद्रीय मंत्री ने बताया कि विगत 3 वर्षों में झारखंड को सहकारी समितियां और सहकारी क्षेत्र के विकास के लिए 7.40 करोड़ प्रदान किये गये हैं, जिसमें 7.10 करोड़ की सब्सिडी प्रदान की गयी है।

भाकृअनुप-राष्ट्रीय चावल अनुसंधान संस्थान
ICAR-NATIONAL RICE RESEARCH INSTITUTE
कटक-753 006 (ओडिशा), भारत
Cuttack -753 006, (Odisha), India

विज्ञापन संख्या / Advertisement No. 36/SRF/FA/2023-24

भाकृअनुप-राष्ट्रीय चावल अनुसंधान संस्थान, कटक में "फार्मर फर्स्ट प्रकल्प के माध्यम से धान-आधारित उत्पादन प्रणाली की उत्पादकता में बढ़ोतरी तथा इसकी स्थिरता" (ईएपी-228) परियोजना के लिए **एक (01) सिनियर रिसर्च फेलो** तथा **एक (01) फिल्ड असिस्टेंट** के चयन के लिए प्रत्यक्ष साक्षात्कार दिनांक **05.01.2024** को आयोजित किया जाएगा । आवश्यक योग्यता, आयु, परिलब्धियों की राशि आदि तथा अन्य शर्तों के बारे में जानकारी भाकृअनुप-एनआरआरआई की वेबसाइट **https://icar-nrri.in** पर उपलब्ध हैं ।

Walk-in-Interviews will be held on **05.01.2024** for selection of **one (01) Senior Research Fellow** and **one (01) Field Assistant** at the ICAR-National Rice Research Institute, Cuttack, Odisha in the scheme **"Increasing Productivity and Sustaining the Rice-based Production System through Farmer FIRST Approach (EAP-228)**. The details regarding essential qualifications, age, amount of emoluments etc. and other terms and conditions are available in NRRI website- **https://icar-nrri.in.**

प्रधान अन्वेषक/ PRINCIPAL INVESTIGATOR

अवैध कोयला लदा ट्रक धराया

चौपारण पुलिस ने धनबाद से अवैध कोयला लदे ट्रक को चोरदाहा से पकड़ा

ट्रक चालाक ने बताया, बिहार लेकर जा रहा था कोयला

आजाद सिपाही संवाददाता

हजारीबाग। चौपारण पुलिस ने कोयला लदे ट्रक को चोरदाहा से पकड़ा है। एसपी मनोज रतन चौथे ने बताया कि विगत कुछ दिनों से सूचना प्राप्त हो रही थी कि कोयला तस्करों द्वारा धनबाद से हजारीबाग के रास्ते अवैध कोयला ट्रकों पर लाद कर बिहार एवं यूपी की मंडियों में ड्रोजा जा रहा है। उक्त सूचना पर अवैध कोयला के व्यापार एवं परिवहन पर रोक लगाने हेतु टीम गठित की गयी। गठित टीम द्वारा गत रात्रि कोयला लदे सड्डी ट्रकों की चोरदाहा चेक

पोस्ट पर जांच की जा रही थी। जांच के क्रम में ट्रक सं- एन एल 01 एडी- 8625 आता दिखायी दिया। सशस्त्र बल के द्वारा उक्त ट्रक को रोकने का इशारा किया गया, परंतु ट्रक चालक अपनी गाड़ी को लेकर ड्राागने का प्रयास करने लगा। उसे सशस्त्र बल के द्वारा पकड़ लिया गया। पकड़े गये चालक से ट्रक पर लदे कोयला के संबंध में कागजात की मांग की गयी, परंतु चालक द्वारा कोई ड्डी कागजात प्रस्तुत नहीं किया गया और ना ही संतोषजनक जवाब दिया। कड़ाई से पूछताछ करने पर चालक द्वारा बताया गया कि धनबाद के वन क्षेत्र से ट्रक मालिक राजेंद्र यादव के कहने पर कोयला तस्कर विकास चौधरी के द्वारा अवैध कोयला को ट्रक पर लोड कराया गया था, जिसे मैं धनबाद से लेकर बिहार जा रहा था। पकड़ाये चालक एवं ट्रक पर लदे अवैध कोयले को जब्त कर थाना लाया गया। इस संबंध में चौपारण थाना कांड सं- 480/23 दर्ज किया गया। उक्त अवैध कोयला के कारोबार में संलिप्त ट्रक चालक बब्लू कुमार पिता स्व मुंशी यादव ग्राम- गोलवाढाह थाना- डोमचांच जिला- कोडरमा को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में ड्रोजा गया। छापामारी दल में थाना प्रड्डारी पुअनि शंड्डु नंद ईश्वर, सअनि लक्ष्मण तिवारी और चौपारण थाना के सशस्त्र बल शामिल थे।

नीरज सिंह हत्याकांड मामला में हाइकोर्ट ने उठाया सवाल

संजीव सिंह को क्यों नहीं भेजा गया एम्स

राज्य सरकार को जवाब दाखिल करने का दिया निर्देश

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। पूर्व डिप्टी मेयर नीरज सिंह की हत्या के मामले में झरिया के पूर्व विधायक संजीव सिंह की जमानत याचिका की सुनवाई झारखंड हाइकोर्ट में हुई। मामले में हाइकोर्ट के न्यायमूर्ति रंगन मुखोपाध्याय की कोर्ट ने मामले में राज्य सरकार को जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया है। कोर्ट ने राज्य सरकार से पूछा है कि संजीव सिंह को क्यों नहीं बेहतर इलाज के लिए एम्स भेजा गया है। कोर्ट ने मामले में राज्य सरकार को जवाब दाखिल करने का निर्देश देते हुए अगली सुनवाई 3 जनवरी को निर्धारित की है। प्रार्थी संजीव सिंह की ओर से अपनी बीमारी का हवाला देते हुए 30 दिन का प्रोविजनल बेल का आग्रह कोर्ट से किया गया है। प्रार्थी की ओर से कोर्ट को बताया गया कि संजीव सिंह गंभीर रूप से बीमार हैं। वह रिम्स में इलाजरत हैं। रिम्स के आठ डॉक्टरों की टीम ने उन्हें बेहतर इलाज के लिए एम्स भेजने की अनुशंसा की है, लेकिन जेल प्रशासन अगस्त माह से ही इस मामले में कुछ नहीं कर रहा है। बता दें कि पूर्व में हाइकोर्ट दो बार संजीव सिंह की जमानत अर्जी खारिज कर चुका है। नीरज की हत्या के मामले में पूर्व विधायक संजीव सिंह 11 अप्रैल 2017 से जेल में बंद हैं। इससे पूर्व भी हाइकोर्ट से संजीव सिंह की जमानत याचिका खारिज हो चुकी थी। 21 मार्च 2017 को सरायढेला में नीरज सिंह समेत चार लोगों की हत्या हुई थी। 23 मार्च 2017 को सरायढेला थाना में नीरज के भाई अभिषेक सिंह की लिखित शिकायत पर संजीव सिंह, मनीष सिंह, पिंटू सिंह, महंत पांडेय और गया प्रताप सिंह के खिलाफ नामजद प्राथमिकी दर्ज हुई थी। बाद में इस केस में शूटरों के साथ अन्य संलिप्त लोगों की गिरफ्तारी हुई। गिरफ्तार आरोपियों से पूछताछ के बाद पुलिस के पास संजीव सिंह की भूमिका षडयंत्रकारी की मिली। इसके बाद उन्हें गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। उसके बाद से वह जेल में बंद हैं।

e-Auction Notice for Leasing of Parcel, VPH, Advertisement, ATM, Parking & Misc. Statics

Notification No.: C/RNC/e-auction/2023 Dated: 22.12.2023

For & on behalf of the President of India, Senior Divisional Commercial Manager, South Eastern Railway, Ranchi has invited e-auction over Ranchi Division. The catalogue has already been published on IREPS website. The details are as under: **Sl.No.** 1. **Category:** Parcel. **Catalogue No.: RNCPARCEL22. Assets Details:** E-auction for 68 nos. of assets for leasing of SLR compartment by 37 number of Passenger/Mail/Express trains originating from Ranchi Division. **Auction Start:** 08.01.2024 at 10.00 hrs. **Auction Closed Date:** 09.01.2024 at 14.00 hrs. **Sl.No.** 2. **Category:** VPH. **Catalogue No.: RNCVPH1. Assets Details:** Leasing of Parcel Van (24 tonne capacity) on round trip basis ex Hatia (HTE)-Anandvihar (ANVT)-Hatia (HTE) by train No. 12825/12826. **Auction Start:** 02.01.2024 at 10.00 hrs. **Auction Closed Date:** 02.01.2024 at 10.30 hrs. **Sl.No.** 3. **Category:** Advertisement. **Catalogue No.: RNCADVT22. Assets Details:** (i) E-auction for 11 nos. of assets for Commercial Publicity contracts (07 nos. out of home & 4 nos. inside station) over Ranchi Division. (ii) E-auction for advertisement on exterior of train (Full Face) in 18 trains with link rake over Ranchi Division. **Auction Start:** 09.01.2024 at 10.00 hrs. **Auction Closed Date:** 09.01.2024 at 15.10 hrs. **Sl.No.** 4. **Category:** ATM. **Catalogue No.: RNCATM21. Assets Details:** E-auction for 06 nos. of assets for ATMs over Ranchi Division. **Auction Start:** 09.01.2024 at 10.00 hrs. **Auction Closed Date:** 09.01.2024 at 11.10 hrs. **Sl.No.** 5. **Category:** Parking. **Catalogue No.: RNCPARKING21. Assets Details:** E-auction for parking of two, three and four wheeler parking at Ramgarh, Itky, Tangerbansli and Suisa Railway stations. **Auction Start:** 10.01.2024 at 10.00 hrs. **Auction Closed Date:** 10.01.2024 at 11.00 hrs. **Sl.No.** 6. **Category:** Misc. Statics (Medical Facility). **Catalogue No.: RNCMFC02. Assets Details:** E-auction for medical facility at Ranchi station. **Auction Start:** 29.12.2023 at 11.00 hrs. **Auction Closed Date:** 29.12.2023 at 11.30 hrs. **Note:** Prospective bidders are requested to visit e-auction leasing module on IREPS website **(www.ireps.gov.in)**. The Lot wise details are available there under the above mentioned catalogue.

(PR-960) **Asst. Commercial Manager, Ranchi**

South Eastern Railway
We serve with a smile

एग्रीकल्चर टुडे समूह का 14वां एग्रीकल्चर लीडरशिप कॉन्क्लेव

किसान कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है सरकार: अर्जुन मुंडा

आजाद सिपाही संवाददाता

नयी दिल्ली। केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण और जनजातीय कार्य मंत्री अर्जुन मुंडा ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व में कृषि परिदृश्य में काफी सकारात्मक बदलाव हुआ है। इसमें किसानों और वैज्ञानिकों का अहम योगदान है। यह देश किसानों का देश है, हमारे किसान देश की शान है। किसानों की लंबे कालखंड तक उपेक्षा हुई, लेकिन मोदी सरकार किसान कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है। वह दिल्ली में एग्रीकल्चर टुडे समूह द्वारा आयोजित 14वें एग्रीकल्चर लीडरशिप कॉन्क्लेव सह अवार्ड समारोह में बोल रहे थे।

श्री मुंडा ने कहा कि कृषि, देश

की अर्थव्यवस्था की रीढ़ है। आज भारत अनेक कृषि उत्पादों में नंबर वन है। इन्हें उपजाने वाले हमारे कृषक खुशहाल होंगे, तो देश खुशहाल होगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में कृषि विकास एवं किसानों के कल्याण को प्राथमिकता देते हुए योजनाएं प्रारंभ की गयी हैं। निःसंदेह हमारा कृषि क्षेत्र तेजी से प्रगति कर रहा है, लेकिन सबको मिलकर आगे और भी प्रयास करने होंगे। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार खेती-किसानी करने वाले और मत्स्य पालन करने वाले प्रगतिशील लोगों को पद्मश्री से नवाजा है, ऐसा पहले कभी नहीं हुआ। केंद्रीय मंत्री श्री मुंडा ने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में सरकार पठारी और पहाड़ी इलाकों में दूरस्थ रहने वाले आदिवासी भाइयों-बहनों के उत्थान पर भी फोकस कर रही है। इसीलिए लगभग 24 हजार करोड़ रुपये के बजट के साथ प्रधानमंत्री जनजाति आदिवासी न्याय महा अभियान (पीएम जनमन) की पहल की गयी है, जो कि वोट की राजनीति से बिल्कुल परे हैं। कार्यक्रम में सुप्रीम कोर्ट के सेवानिवृत्त मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति पी सथाशिवम, उत्तराखंड के मंत्री सौरभ बहुगुणा, हरियाणा के पूर्व मंत्री ओपी धनखड़, तरुण श्रीधर उपस्थित थे। समूह प्रमुख एमजे खान ने अतिथियों का स्वागत किया।

साहिबगंज में अवैध खनन मामला

सुनील यादव की जमानत पर हाइकोर्ट ने मांगा जवाब

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। साहिबगंज में 1000 करोड़ के अवैध खनन मामले में आरोपी सुनील यादव की ओर से दाखिल जमानत याचिका की आंशिक सुनवाई झारखंड हाइकोर्ट में हुई। मामले में हाइकोर्ट के न्यायमूर्ति गौतम कुमार चौधरी की कोर्ट ने इडी को जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया है। अगली सुनवाई जनवरी माह में होगी। याचिका में प्रार्थी की ओर से कहा गया है कि उनके खिलाफ जो आरोप लगे हैं, वह निराधार हैं। अवैध खनन मामले में उनकी कोई संलिप्तता नहीं है। सुनील यादव की ओर से हाइकोर्ट में अधिवक्ता सव्यसाची ने पक्ष रखा। दरअसल 7 अक्टूबर को इडी के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की कोर्ट ने सुनील यादव की जमानत याचिका खारिज कर दी थी। सुनील, दहू यादव का भाई है। इडी कोर्ट ने इन दोनों के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी किया था। इसके बाद साहिबगंज पुलिस ने 26 अगस्त 2023 को सुनील यादव को गिरफ्तार किया था। बता दें कि इडी ने साहिबगंज में अवैध खनन घोटाले की जांच में पंकज मिश्रा के साथ ही सुनील यादव और दहु यादव को अवैध खनन में लिप्त पाया है। मामले में इडी ने सुनील यादव के खिलाफ भी मामला दर्ज किया है।

कल बरही आयेंगे कमलेश सिंह

बरही (आजाद सिपाही)। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष सह हुसैनाबाद विधायक कमलेश सिंह बरही टाउन हॉल आयेंगे। 2024 में होने वाले विधानसभा चुनाव पर विचार विमर्श कर कार्यकर्ताओं को संबोधित करेंगे। इसके लिए टाउन हॉल को आरक्षित कर लिया गया है। उक्त जानकारी एनसीपी के बरही विधानसभा प्रभारी महेश ठाकुर ने दी। विधानसभा प्रभारी ने भारी संख्या में कार्यकर्ताओं को बरही पहुंचने का अपील किया है। कार्यक्रम की सारी तैयारी पूरी कर ली गयी है।

फहिमा एकेडमी में रक्तदान शिविर आज

हजारीबाग (आजाद सिपाही)। शहर में कई विद्यालय है जो बच्चों को शिक्षा प्रदान कर रहे हैं परंतु शहर में कुछ ऐसे भी विद्यालय हैं जो बच्चों को शिक्षा के साथ सामाजिक कार्यों में भी अपनी सहभागिता पूरी सुनिश्चित कर रहे हैं। इन्हीं विद्यालयों में से एक फहिमा अकैडमी है जो 110 छात्रों को निःशुल्क शिक्षा देने का संकल्प लिया है। छात्रों को नर्सरी से बारहवी कक्षा तक पूरी निःशुल्क पढ़ाई जायेगी। स्व रफीक अंसारी के 11वीं पुण्यतिथि पर विशेष रूप से किया जा रहा है। इसके अलावा विद्यालय परिसर में रक्तदान शिविर का आयोजन आज किया जा रहा है, इसके अलावा गरीब जनों के बीच कंबल एवं टोपी का वितरण किया जायेगा। 24 दिसंबर को भारत मेडिकल में जांच शिविर का आयोजन किया गया है। फहिमा प्राचार्या फरहा फातमी ने कहा की उनका ये निर्णय उनके दादा स्वर्गीय रफीक अंसारी के लिए एक श्रद्धांजली है। साथ ही स्कूल प्रांगण में ब्लड डोनेशन कैंप, मुफ्त चिकित्सा शिविर, और कंबल और गर्म टोपियों का वितरण जरुरतमंदो के बीच किया जायेगा। साथ ही बताया की स्वर्गीय रफीक अंसारी का सपना था लड़कियों के शिक्षा को बढ़ावा देना इसलिए उन्होंने हर धर्म जाति के लड़कियों के लिए एक निःशुल्क शिक्षा का मौका प्रदान कर उनके सपने को पूरा करने की छोटी सी कोसिस की है।

कुसुंभा पंचायत में 'आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार' कार्यक्रम आयोजित

विष्णुगढ़ (आजाद सिपाही)। विष्णुगढ़ के कुसुंभा पंचायत में आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बीडीओ अखिलेश कुमार, बीपीओ राजमोहन वर्मा, बीपीओ ममता सिंह, खाद्य आपूर्ति पदाधिकारी आलोक कुमार, सुरेश राम, मुखिया दुलारचंद पटेल, पसंस चिंता देवी, कांग्रेस के प्रखंड अध्यक्ष अब्बास अंसारी आदि उपस्थित थे। कार्यक्रम में कुल 2492 आवेदन आये, 1919 का निष्पादन किया गया। वही 573 लंबित रहे। जिसमे अबुआ आवास के 471, जाति, आय 15, बिरसा कूप सिंचाई के 21, भूमि जांच 01, राजस्व 01, भूमि मापी, लगान, ऑनलाइन 14, आयुष्मान कार्ड के 04, सर्वजन पेंशन के लिए 15, सावित्री बाई फुले बालिका समृद्धि योजना के 60, मनरेगा जॉब कार्ड के 125, केसीसी 05, आधार और राशन कार्ड में संशोधन 13, गुरुजी स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना के 02, श्रम विभाग अंतर्गत प्रवासी श्रमिक पंजीकरण 08, मुख्यमंत्री पशुधन योजना के 57 तथा बिजली बिल 12 आवेदन आये। 515 धोती-साड़ी-लूंगी वितरण किया गया, 05 पोशाक का वितरण, साइकिल के लिए 08 चेक वितरण, 130 लोगों को कंबल दिया गया, साइकिल के लिए नगद हस्तांतरण डीबीटी के तहत 83 चेक वितरण तथा क्लस्टर सदस्यों के बीच 905 आईडी कार्ड वितरण किये गये। स्वास्थ विभाग में 666 मरीजों की स्वास्थ जांच की गयी और दवा वितरण किया गया।

नाबालिग की जान लेने वाला वाहन जब्त

दारु/हजारीबाग (आजाद सिपाही)। दारु थाना क्षेत्र के काबलासी पंचायत के ग्राम तीउज निवासी नाबालिग युवक श्यान कुमार सिंह पिता राकेश कुमार सिंह की सड़क दुर्घटना मे जान लेना वाला वाहन को दारु थाना पुलिस ने बक्सर से जब्त किया है। यह घटना इसी वर्ष के 13 नवंबर की है जब साईकिल से जा रहे 9 वी वर्ग के छात्र श्यान की स्कार्पियों वाहन संख्या बी आर 03 पी ए 3554 मारकर फरार हो गया था जिसमे नाबालिग की जान चली गयी थी। इस मामले की जांच करने मे सक्रियता दिखाते हुए दारु थाना प्रभारी अमित कुमार और एएसआइ रंजीत सिंह वाहन को बिहार के बक्सर से जब्त कर थाने ले लाये। मृतक के पिता और परिजनों ने भी इसके लिए काफी प्रयास किया था और रास्ते के कई सिसिटीवी फुटेज की जांच कर पुलिस को सौंपा था। गाड़ी जब्त होने के बाद नाबालिग युवक के पिता और परिजनों ने दारु थाना पुलिस को इसके आभार ब्यक्त करते हुए धन्यवाद दिया है।

आलोक सिंह ने बांटे स्वेटर

चलकुसा (आजाद सिपाही)। चलकुसा नीचे टोला कोड नंबर 526 में 22 बच्चों और भूइंया टोला आंगनवाड़ी केंद्र में 30 बच्चों के बीच स्थानीय मुखिया सह मुखिया संघ अध्यक्ष आलोक सिंह ने स्वेटर वितरण किया। उन्होंने आंगनवाड़ी सेविकाओं को कहा कि सभी बच्चे के माता-पिता को कह दें ठंड में बच्चों को स्वेटर पहनाकर हीं केंद्र में भेजें। वितरण में सेविका टून्नी देवी, कविता कुमारी, सीमा देवी उपस्थित थी।

146 विपक्षी सांसदों के निलंबन के खिलाफ आइएनडीआइए गठबंधन ने किया प्रदर्शन

केंद्र सरकार का यह घिनौना कृत्य लोकतांत्रिक सिद्धांतों और मूल्यों की हत्या है: शैलेंद्र कुमार यादव

यह लोकतांत्रिक व्यवस्था के लिए दुर्भाग्यपूर्ण है: प्रभुदयाल कुशवाहा

आजाद सिपाही संवाददाता

हजारीबाग। हजारीबाग जिला मुख्यालय में आइएनडीआइए (इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इक्लूसिव अलायंस) के सहयोगी दलों के साथ मिलकर मोदी सरकार द्वारा 146 सांसदों की निलंबन के खिलाफ कांग्रेस ऑफिस से गुरु गोविंद सिंह रोड, पैगोडा चौक होते हुए सब्जी बाजार होते हुए झंडा चौक पर विरोध प्रदर्शन कांग्रेस के जिला अध्यक्ष शैलेंद्र कुमार यादव के अध्यक्षता में की गयी। मंच संचालन सीपीएम के गणेश सीटू और कांग्रेस के राजू चौरसिया और धन्यवाद ज्ञापन राजद के जिला अध्यक्ष हीरामन यादव ने किया। इस अवसर पर कांग्रेस के जिला अध्यक्ष शैलेंद्र कुमार यादव ने कहा की केंद्र की भाजपा सरकार ने लोकतंत्र पर करारा हमला किया है संसद के दोनों सदनों से आश्चर्यजनक रूप से 146 विपक्षी दल के सांसदों को निलंबित कर दिया गया है। केंद्र सरकार का यह घिनौना कृत्य लोकतांत्रिक सिद्धांतों और मूल्यों की हत्या है। पूर्व सांसद कामरेड भुवनेश्वर प्रसाद मेहता ने कहा जब भी विपक्ष देश की सुरक्षा को लेकर सवाल उठाता है तो सभी को निलंबित कर दिया जाता है, ऐसा पहली बार हुआ है कि इतने सारे सांसदों को निलंबित किया गया है और हम इसका विरोध करते हैं। इस अवसर पर जेएमएम के केंद्रीय सदस्य कमल नयन सिंह ने कहा की भाजपा की मोदी सरकार लोकतंत्र की हत्या कर रही है और आनेवाला लोकसभा चुनाव में जनता बीजेपी की सरकार को हटा कर दम लेगी इस अवसर पर जेएमएम से केंद्रीय सदस्य संजीव बेदिया ने कहा प्रधानमंत्री और भाजपा देश में एकल पार्टी शासन स्थापित करना चाहते हैं और संसद से सांसदों का निलंबन उसी के लिए किया जा रहा है। जेडीयू के अध्यक्ष प्रभुदयाल कुशवाहा ने कहा की यह लोकतांत्रिक व्यवस्था के लिए दुर्भाग्यपूर्ण है। आम आदमी के प्रदेश उपाध्यक्ष सच्चिदानंद पांडे ने कहा की यह सरकार सही बात सुनना नहीं चाहती है। इस अवसर पर मुख्य रूप से कांग्रेस नेता मुन्ना सिंह, महानगर कांग्रेस अध्यक्ष मनोज नारायण भगत, अशोक देव, भीम कुमार, विनोद कुशवाहा, मुन्ना सिंह, आबिद अंसारी, डॉ आर सी मेहता, संजय गुप्ता, मिथलेश दुबे, रघु जायसवाल, सदरुल होदा, निसार अहमद, निसार खान सुनील अग्रवाल, अनवर हुसैन, विकास कुमार, प्रदीप प्रजापति, शशि कुमार सिंह, विकास कुमार गुप्ता, जीतू कुमार, गुड्डू सिंह, कृष्णा किशोर प्रसाद, परवेज अहमद, मुंगेस्वर चौधरी, दिलीप रवि, मिथिलेश दुबे, देव चौहान, नेपाल महतो, अर्जुन सिंह, रविंद्र प्रताप सिंह, कृष्णदेव प्रताप सिंह, रघु जायसवाल, मोहम्मद दरगाहही खान, आदिव रिजवी, सुरेश कुशवाहा, अनिल कुमार, डॉ भैया असीम, विनोद सिंह, मोहम्मद मुस्ताक अंसारी, अरुण कुमार सिंह, सलीम रजा, दिगम्बर मेहता, कृष्णा मेहता, मोहम्मद इसराइल, राकेश गुप्ता, अर्जुन कुमार मेहता, वसंत मेहता, असगरी अंजुम, राकेश कुमार समेत बड़ी संख्या में इंडिया गठबंधन के कार्यकर्ता उपस्थित थे।

सिझुआ के ग्रामीणों पर दर्ज मामला वापस हो: अंबा प्रसाद

आजाद सिपाही संवाददाता

केरेडारी। सीसीएल प्रबंधन द्वारा केरेडारी प्रखंड क्षेत्र के सिझुआ के ग्रामीणों पर दर्ज मामला वापस करने की मांग विधायक अंबा प्रसाद के द्वारा विधानसभा में की गयी। अल्प सूचित प्रश्न के माध्यम से विधायक ने केरेडारी थाना में दर्ज मामलों को रद्द करते हुए भूमि अधिग्रहण अधिनियम 2013 लागू कराने व ग्राम सभा की सहमति के बिना किसी प्रकार का कार्य नहीं करने का निर्देश सीसीएल प्रबंधन को देने की मांग की। इस दौरान विधायक ने स्पष्टीकरण मांगते हुए कहा कि हजारीबाग जिला अंतर्गत केरेडारी प्रखंड के ग्राम सिझुआ में

विगत 22 नवंबर 2023 को सीसीएल के चंद्रगुप्त ओसीपी परियोजना के लिए ग्राम सभा आयोजित की गयी थी व उक्त ग्राम के ग्रामीणों के द्वारा सीसीएल प्रबंधन के समक्ष भूमि अधिग्रहण अधिनियम 2013 लागू करने, विस्थापन से जुड़े लाभ तथा अपने हक अधिकार से जुड़ी मांगो को रखा गया था। सीसीएल के द्वारा रैयतों की मांगों को पूरा नहीं करने और रैयतों द्वारा परियोजना के विरोध के कारण उक्त ग्राम सभा रद्द कर दी गयी। वहीं सीसीएल द्वारा केरेडारी थाना में दर्जन भर नामजद रैयतों समेत 100 अज्ञात रैयतों पर मामला दर्ज कर दिया गया जिससे रैयत काफी भयभीत हैं। विधायक ने कहा कि विभाग द्वारा प्राप्त उत्तर के आलोक में माननीय अध्यक्ष महोदय से पत्राचार करके इस संबंध में अग्रेतर कार्रवाई सुनिश्चित की जायेगी।

बेलकप्पी पैक्स के अध्यक्ष बने संजय

बरकट्ठा (आजाद सिपाही)। प्रखंड के पंचायत बेलकप्पी में निर्वाचन पदाधिकारी कारू राम की उपस्थिति में (निर्विरोध) पैक्स लि के अध्यक्ष बने संजय साव। यह बेलकप्पी मुखिया प्रतिनिधि धीरेंद्र पांडे की अध्यक्षता में ग्राम सभा हुई, जिसमें पैक्स चुनाव के ग्राम सभा में उपस्थित बेलकप्पी मुखिया ललिता देवी, बेलकप्पी दक्षिणी पंचायत समिति सदस्य विकास पांडे, बेलकप्पी उतरी पंचायत समिति सदस्य विनीता कुमारी, वार्ड सदस्य रेवल साव, समाजसेवी रवि गोस्वामी, नंदू राणा, गणेश नायक, अमर पांडे, दौलत पांडे, अजीत पांडे, हीरालाल सोनी, सूरज राणा, सुनील राणा, ज्ञानदीप पांडे, तरुण पांडे, सतीश कुमार, संगीता कुमारी, गोमिया देवी और काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

मोदी ड्रग एजेंसी का हुआ उद्घाटन

हजारीबाग (आजाद सिपाही)। शहर के नवाबगंज में मोदी ड्रग एजेंसी का उद्घाटन शुक्रवार को हुआ। उद्घाटन बरकट्ठा विधायक अमित कुमार यादव ने फीता काट कर किया। ड्रग एजेंसी के संचालक सचिदानंद अग्रवाल, प्रवीण कुमार सिंह और राजेश सिंह ने बताया की हमारे यहां पशुओं के सभी दवा और विटामिन किफायती दाम पर उपलब्ध हैं। उद्घाटन मौके पर मुखिया नंदकिशोर कुमार, पूर्व बीस सूत्री अध्यक्ष गौतम नारायण सिंह, सांसद प्रतिनिधि मुकेश उपाध्याय, पूर्व मुखिया निर्मल कुमार, प्रकाश कुमार यादव, बिकू विश्वकर्मा, ब्रजेश सिन्हा, विनय सिंह, अजय अग्रवाल, बबलू अग्रवाल, रवि सिन्हा, सुमंत सिन्हा, वसिष्ठ दास, शंकर सोनी, राजेश सिंह, प्रकाश चंद्रवंशी, ज्ञानी साव, उमेश समेत कई लोग उस्थित थे।

झारखंड सरकार बच्चों के साथ कर रही है सौतेला व्यवहार: प्रकाश रजक

आजाद सिपाही संवाददाता

कोडरमा। भाकपा अंचल कमिटी चंदवारा की बैठक सांस्कृतिक भवन चंदवारा में कुलेश्वर पंडित की अध्यक्षता में हुई। बैठक में विगत कार्यक्रमों का कार्य रिपोर्ट अंचल मंत्री सच्चिदानंद पांडे ने प्रस्तुत किया। जिप सदस्य महादेव राम ने कहा कि दिल्ली के संसद में डेढ़ सौ से ऊपर विपक्षी सांसदों को मोदी सरकार ने निलंबित कर लोकतंत्र और संविधान को गला घोट दिया है। मोदी के शासन में महंगाई बेरोजगारी अपराध, दुष्कर्म जैसी घटनाओं में वृद्धि हुई है। मोदी के खिलाफ पूरे देश में आक्रोश है। यह आक्रोश 2024 लोकसभा चुनाव में आम जनता मोदी को सबक सिखायेगी। भाकपा जिला मंत्री प्रकाश रजक ने कहा कि झारखंड सरकार के मुखिया हेमंत सोरेन और शिक्षा विभाग के द्वारा झारखंड के सभी सरकारी और गैर सरकारी विद्यालयों को शीतलहरी ठंड को देखते हुए 26 दिसंबर से 31 दिसंबर तक स्कूलों को बंद करने का फैसला लिया गया है। इसके लिए भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी झारखंड सरकार को स्वागत करती है। जिला कार्यकारिणी सदस्य दशरथ पासवान ने कहा कि सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में आम जनता को नाहक परेशान किया जा रहा है। ऑन द स्पॉट एक भी योजना को स्वीकृति नहीं दी जा रही है। चंदवारा प्रखंड से सैकड़ों की संख्या में भाग लेने का फैसला लिया गया। बैठक को सिकंदर कुमार, कृष्ण शर्मा, दशरथ पासवान, लक्ष्मण सिंह, विश्वनाथ यादव ने भी संबोधित किया। बैठक में प्रदीप सिंह, लक्ष्मण सिंह, नकुल ठाकुर, कैलाश रजक आदि लोग मौजूद थे। धन्यवाद ज्ञापन लक्ष्मण सिंह ने किया।

अबुआ आवास का किया गया निरीक्षण

बड़कागांव (आजाद सिपाही)। पश्चिमी पंचायत में अबूवा आवास का निरीक्षण किया गया। जिसमें मुखिया सह मुखिया संघ अध्यक्ष रंजीत कुमार, कनीय अभियंता जय प्रकाश चौधरी और पंचायत सचिव रंजू कुमारी ने शामिल थे। इस दौरान मुखिया संघ अध्यक्ष रंजीत कुमार ने बताया कि जरूरत मंद व असहाय व्यक्तियों का अबूवा आवास डोर टू डोर घर घर जा कर निरक्षण किया गया। जिसमें कई लोगों का अबूवा आवास सुचिबन्ध किया गया। जिसमें अपना सरकार अपना द्वार में जमा करने वाले लोगों को अबूवा आवास का निरक्षण किया जा रहा है।

सांसद ने एनटीपीसी के सीएमडी को पत्र लिखकर 15 दिनों के अंदर मांगा जवाब

एनटीपीसी हजारीबाग में विस्थापितों के अधिकारों का कर रहा हनन, पुनर्वास नीति का करे अनुपालन : चंद्र प्रकाश चौधरी

आजाद सिपाही संवाददाता

हजारीबाग। आजसू पार्टी के सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी ने राष्ट्रीय ताप विद्युत निगम लिमिटेड (एनटीपीसी) द्वारा हजारीबाग जिले में कोल ब्लॉक लेकर भूमि अधिग्रहण से विस्थापित हुए ग्रामीणों के मानवाधिकार और विधि द्वारा स्थापित अधिकारों के हनन पर कड़ी नाराजगी जतायी है। उन्होंने कहा कि एनटीपीसी ने हजारीबाग जिले में कोयला मंत्रालय द्वारा कोयला नीलामी में पकरी- बरवाडीह, चट्टी-बरियातू, चट्टी बरियातू (साउथ), केरेडारी, तलापल्ली, बनाई, बाल मुंडा, मंदाकनी, बादाम और बनहारडीह कोल ब्लॉक प्राप्त किया है। जिसके आलोक में बड़े पैमाने पर भूमि अधिग्रहण किया गया है। इससे हजारों परिवार प्रभावित होकर विस्थापित हो गये हैं। उन्होंने कहा कि भारत सरकार और राज्य सरकार की विस्थापन और

पुनर्वास नीति के अलावा एनटीपीसी द्वारा अनुमोदित पुनर्वास और पुनः स्थापना नीति होने के बावजूद इसका अनुपालन और क्रियान्वयन धरातल और स्थानीय स्तर पर नहीं के बराबर हो रहा है, जो बहुत ही संवेदनहीनता के साथ -साथ प्रशासनिक उदासीनता और लापरवाही को ही दर्शाता है। उन्होंने इसको लेकर एनटीपीसी के अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक (सीएमडी) गुरदीप सिंह को पत्र लिखा है। उन्होंने पत्र में कहा है कि यही नहीं स्थानीय स्तर पर संस्था के प्रबंधकों द्वारा तय नियमों का उल्लंघन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि स्थानीय भूमि विस्थापितों के मानवाधिकारों का बड़े पैमाने पर हनन के साथ-साथ संस्था द्वारा चयनित कंपनी त्रिवेणी सैनिक कंपनी (संयुक्त उद्यम) द्वारा अवैध और गैर कानूनी रूप से पकरी- बरवाडीह कोल ब्लॉक में भूमि विस्थापितों के साथ बड़े स्तर पर उत्पीड़न किया जा रहा है। इससे विस्थापितों में एनटीपीसी के प्रति व्यापक आक्रोश है। उन्होंने सीएमडी से एनटीपीसी के द्वारा अनुमोदित, स्वीकार्य पुनर्वास व स्थापना नीति के क्रियान्वयन को लेकर अब तक की गयी कार्रवाई का बिंदुवार जवाब 15 दिनों के अंदर मांगा है।

गुरुग्राम स्कूल में विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन

हजारीबाग (आजाद सिपाही)। हजारीबाग सदर प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत गुरुग्राम पब्लिक स्कूल बनाहप्पा में शुक्रवार को विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि समाजसेवी रंजीत पाठक और विद्यालय के निदेशक प्रभात कुमार ने सन्युक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। विद्यालय के बच्चों ने पर्यावरण, तोप, चंद्रयान 3, सीस्मोग्राफी, हावड़ा ब्रिज, हिर्दय, किडनी, पर्यावरण को स्वच्छ रखने का विधि, वाटर साइकिल, वाटर कन्वेंशन, यातायात के नियम सहित अन्य तरह कि प्रदर्शनी दिखाये। कर्यक्रम के मुख्य अतिथि रंजीत पाठक ने कहा विज्ञान प्रदर्शन विज्ञान को व्यवहारिक जीवन से जोड़ने का दिशा में उठाया गया एक सकारात्मक कदम है इससे बच्चों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण उत्पन्न करने के लिए हर संभव वातावरण उपलब्ध होता है। विद्यालय निर्देशक प्रभात कुमार ने कहा विज्ञान प्रदर्शन के माध्यम से विद्यालय में विज्ञान विभाग के बच्चों में विज्ञान के प्रति रुचि पैदा करने का प्रयस किया ज रहा है। मौके पर उपस्थित शिक्षक और शिक्षिकाओं मे प्राचार्य कौशल कुमार सिंह, रीना कुमारी राम, पायल कुमारी, शिवानी कुमारी, ईशा कुजूर, आर्यन कुमार, शोभा कुमारी, विकास कुमार, सविता कुमारी, अभिभावकगण अजय कुमार, राजू सिंह, धनंजय कुमार और अभिभावकगण उपस्थित थे।

जदयू ने सांसदों के निलंबन के विरोध में निकाली रैली

हजारीबाग (आजाद सिपाही)। जनता दल यूनाइटेड हजारीबाग के द्वारा इंडिया गठबंधन के बैनर तले 146 सांसदों के निलंबन के विरोध में स्थानीय कांग्रेस कार्यालय से सभी दलों की एक रैली निकाली गयी। जो झंडा चौक पहुंचकर सभा में तब्दील हो गई। जनता दल यूनाइटेड ने भी इस रैली में हिस्सा लेकर अपना विरोध दर्ज कराया और इस अवसर पर जिला अध्यक्ष ने कहा की सांसदों का यह निलंबन नाजायज है, उन्हें तुरंत वापस लिया जाना चाहिए। रैली में शामिल जिला अध्यक्ष प्रभु दयाल कुशवाहा, प्रदेश सचिव सह बरकट्ठा विधानसभा प्रभारी अर्जुन मेहता, जिला उपाध्यक्ष भीम मेहता, जिला प्रवक्ता राकेश ठाकुर, जिला सचिव बसंत मेहता, कुलदीप राम, महिला प्रकोष्ठ की जिला अध्यक्ष खुशबू कुमारी, महासचिव पिंकी राणा, प्रखंड अध्यक्ष रामधनी कुशवाहा, जिला सचिव मनसा देवी, जिला सचिव नजरुल्ला अंसारी, मनीरूद्दीन अंसारी, सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित थे।

तेली समाज ने जरूरतमंदों के बीच बांटे कंबल

इचाक (आजाद सिपाही)। प्रखंड तेली समाज द्वारा ठंड को देखते हुए प्रखंड के विभिन्न गांव में कंबल का वितरण किया गया। तेली समाज के प्रखंड अध्यक्ष सह सांसद प्रतिनिधि महेश साव ने कहा की बढ़ती ठंड को देखते हुए जरूरतमंदों के बीच कंबल का वितरण किया जा रहा है, जो आगे भी जारी रहेगा। इससे वृद्ध जन और महिलाएं को ठंड से बचाव होगा। मौके पर तेली समाज अध्यक्ष महेश कुमार साव, गणेश नारायण गुप्ता, कमल गुप्ता, रामू साहू, शंकर साव, दीपक साव, श्याम लाल साव, पप्पू साव, संतोष कुमार साव समेत कई लोग उपस्थित थे।

डहरभंगा पंचायत में 'आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार' शिविर का आयोजन

टाटीझरिया (आजाद सिपाही)। प्रखंड के पंचायत भवन डहरभंगा में आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम के तहत शुक्रवार को शिविर का आयोजन किया गया। इसमें मुख्य रूप से दर्जा प्राप्त राज्य मंत्री सह झारखंड राज्य समंवय सदस्य फागु बेसरा, वरिय पदाधिकारियों इंदु खलको, प्रमुख संतोष मंडल, बीस सूत्री अध्यक्ष रवि सिंह, बीडीओ सह सीओ रश्मि खुशबू मिंज, मुखिया रेखा देवी, पंसस पुष्पा देवी व अन्य उपस्थित हुए। मंत्री फागु बेसरा के हाथो कई कई परिसंपत्तियों का वितरण किया गया। झारखंड सरकार के दर्जा प्राप्त मंत्री सह झारखंड राज्य के समंवय समिति के सदस्य फागु बेसरा ने कहा कि आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वारा कार्यक्रम भारत देश में पहला ऐसा राज्य है। जहां यह कार्यक्रम हेमंत सोरेन चला रही है उन्होंने कहा कि सभी स्तर के लोगों के लिए पेंशन योजना दी जा रही है पीएम आवास योजना का पैसा भारत सरकार झारखंड राज्य को नहीं दिया जिसे मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने अबुआ आवास योजना चला कर गरीबों को आवास देने का काम कर रही है आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वारा कार्यक्रम में चाहे बीडीओ हो सीओ हो जिला प्रशासन आ मंत्री हो सभी को इस कार्यक्रम में रहकर क्षेत्र की जो भी छोटी-छोटी समस्या हो उसका आन द स्पाट समाधान हो रहा है। शिविर में कृषि, शिक्षा, स्वास्थ्य, पेंशन, मनरेगा, श्रम, जेएसएलपीएस, आंगनबाड़ी समेत अन्य का स्टॉल लगाया गया था। शिविर में एमओ आलोक कुमार, कृषि पदाधिकारी सुधीर राय, पशु चिकित्सा प्रभारी डॉ नकुल मोदी, बीपीओ अफरोज अख्तर, पंचायत सचिव विश्वजित दुबे, मुखिया प्रतिनिधि रविन्द्र यादव, सुरेश यादव, प्रमेश्वर यादव, प्रेमचंद गुप्ता, कामेश्वर पांडेय, जगदीश चंद्र यादव, चोलो यादव, दीपक राम, सुनिल कुमार व अन्य उपस्थित रहे।

मुखिया ने किया आंगनबाड़ी केंद्र का उद्घाटन

मांडू (आजाद सिपाही)। मांडू चट्टी पंचायत की मुखिया ने शुक्रवार को आंगनबाड़ी केंद्र का उद्घाटन किया। मौके पर मुखिया अनिता देवी ने गोविंदपुर के टकाहा में करीब पांच लाख की लागत से हुए जीणोर्धार आंगनबाड़ी केंद्र का विधिवत रूप से पूजा अर्चना और फीता काट कर किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपमुखिया पंकज कुमार गुप्ता, सेविका आरती देवी, पयवेक्षिका किरण देवी, वार्ड सदस्य शैलेश महतो, युगेशवर महतो, मो मिस्टर आलम अंसारी, बंधन महतो, पिंकी बेसरा आदि मौजूद थे।

केंद्रीय विद्यालय में मनाया गया गणित दिवस

पतरातू (आजाद सिपाही)। पीएम केंद्रीय विद्यालय पतरातू में निवास रामानुजन के जन्मदिन के अवसर पर राष्ट्रीय गणित दिवस आयोजित किया गया। इस मौके पर प्रार्थना सभा में छात्रों के द्वारा गणित के प्रश्न पूछे गये। बच्चों के द्वारा क्रियाकलाप के द्वारा साईकिल के माध्यम से किसी भी गोले के परिमय निकालना सिखाया। छोटे बच्चों के द्वारा विभिन्न प्रकारों के आकारों पर एक प्रस्तुति की गयी। साथ ही एक प्रदर्शनी लगायी गयी जिसमें बच्चों ने परियोजना कार्य के द्वारा गणित को दिखाया। इस अवसर पर गणित क्लब के बच्चों ने बढ़-चढ़ कर भाग लिया गया।

डीएवी बरकाकाना में तीनदिवसीय कार्यशाला

बरकाकाना (आजाद सिपाही)। डीएवी जोन डी और जोन एफ के संयुक्त तत्वाधान में तीन दिवसीय इइडीपी, विज्ञान और समाजिक विज्ञान पर कार्यशाला का शुभारंभ किया गया। कार्यशाला के दौरान दोनों जोन के 18 विद्यालयों से लगभग 250 विषयवार शिक्षकों ने भाग लिया। कार्यक्रम की शुरूआत विधिवत वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ दीप प्रज्जवलित कर और सामुहिक डीएवी गान के साथ कार्यक्रम की औपचारिक शुरूआत की गयी। विद्यालय की प्राचार्या सह क्षेत्रीय अधिकारी डॉ उर्मिला सिंह सहित विभिन्न विद्यालयों के प्रार्चायों को डीएवी बरकाकाना के शिक्षक-शिक्षिकाओं ने हरित पौंधा प्रदान करके स्वागत व सम्मानित किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डॉ उर्मिला सिंह ने कहा कि मुझे कहने में संकोच नहीं है कि यह एक विशेष कार्यक्रम है क्योंकि जब शिक्षक अपने अनुभव से बच्चों को तैयार करते हैं तो वही बच्चे देश के उत्थान में अग्रसर होकर देश के बेहतर नागरिक बनते है। मौके पर विषय संयोजन रजरप्पा प्राचार्य बीपी राय, उरीमारी प्राचार्य यूके राय, पतरातू प्राचार्य मनीश कुमार सिन्हा, हजारीबाग इंचार्ज कविता पांडेय, चैनपूर इंचार्ज शकुंतला गिरी सहित सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

गुरु नानक स्कूल में मना राष्ट्रीय गणित दिवस

रामगढ़ (आजाद सिपाही)। भारतीय गणितज्ञ श्रीनिवास रामानुजन की जयंती के अवसर पर श्री गुरुनानक पब्लिक स्कूल में शुक्रवार को राष्ट्रीय गणित दिवस मनाया गया। यह दिन छात्रों, शिक्षकों और जनता को दुनिया की हमारी समझ को आकार देने और वास्तविक दुनिया की समस्याओं को हल करने में गणित की भूमिका की सराहना करने के लिए प्रोत्साहित करता है। कक्षा 1 और 2 के नन्हे-मुन्ने बच्चों ने इस दिन को बहुत ही उत्साहपूर्वक मनाया। बच्चों के लिए कैलेंडर मेकिंग एक्टिविटी का आयोजन किया गया। उन्होंने सुंदर, रंगीन और नवीन कैलेंडर बनाये। प्राचार्य हरजाप सिंह द्वारा शिक्षा में गणित के महत्व पर प्रकाश डाला गया। मौके पर स्कूल प्रबंधक और स्कूल प्रबंधन समिति के सदस्य सरदार हरपाल सिंह अरोरा, सरदार परमिंदर सिंह जस्सल, सरदार कुलजीत सिंह कालरा, सरदार मनमोहन सिंह लांबा, सरदार परमजीत सिंह चमन, सरदार हरदीप सिंह, सरदार पुष्पिंदर सिंह छाबड़ा, सरदार कुलजीत सिंह छाबड़ा, सरदार इंद्रपाल सिंह। इस अवसर पर सैनी, सरदार सरदार विवेक विक्रमजीत सिंह कोहली और मीडिया प्रभारी सरदार करमजीत सिंह जगी उपस्थित थे।

प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना का लाभ दिलाने के लिए पार्टी नेताओं ने की बैठक

रामगढ़ (आजाद सिपाही)। भारत एक ऐसा देश है जहां सदियों से कलाकार बसते आ रहे हैं। उन कलाकारों का हुनर इस बदले दौर में खत्म होने के कगार पर पहुंच गया है। उन कारीगरों को आर्थिक रूप से सशक्त करने के लिए केंद्र सरकार ने प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना की शुरूआत की है। इस योजना में वैसे लोगों को शामिल किया जाना है जो अपने परिवार की परंपरा का निर्वहन करते आ रहे हैं। भाजपा के नेता और कार्यकर्ता गांव-गांव जाकर वैसे परिवारों को चिन्हित करेंगे, ताकि उन्हें आर्थिक सहयोग देने के लिए सरकार के समक्ष अनुशंसा की जायें। इस मुद्दे को लेकर शुक्रवार को रामगढ़ भाजपा कार्यालय में जिला अध्यक्ष प्रवीण मेहता की मौजूदगी में एक अहम बैठक की गयी। इस बैठक में जिला उपाध्यक्ष बलराम महतो,आनंद बेदिया, अखिलेश प्रसाद, जिला मंत्री राजेन्द्र कुशवाहा, रमेश वर्मा, बसुध तिवारी, जिला कोषाध्यक्ष दीनदयाल कुमार, पालक उमेश प्रसाद मीडिया प्रभारी राजीव पामदत्त, सोशल मीडिया प्रभारी संतोष कुमार शर्मा, गणेश प्रसाद स्वर्णकार, सतीश मोहन मिश्र, अशोक कुमार, तोकेश सिंह, राजेन्द्र महतो, इस कार्यक्रम के मांडू विधानसभा के प्रभारी दासो महतो, वरिष्ठ नेता, मणिशंकर ठाकुर, शंभू नाथ ठाकुर, त्रिभुवन यादव, सत्यजीत सिंह, निरंजन कुमार, दिलीप प्रसाद, हरिनारायण महतो, ललन कुमार, प्रदीप सोनकर, प्रभाष महतो, सुरेन्द्र करमाली, मोहन महतो, प्रदीप कुशवाहा, हरि महतो, धनेश्वर महतो सहित अन्य मौजूद थे।

रामगढ़ थाना से महज चंद कदम की दूरी पर व्यवसायी के घर में चोरी

12 लाख नकद सहित 36 लाख रुपये के जेवरात ले उड़े चोर

आजाद सिपाही संवाददाता

रामगढ़। रामगढ़ थाना से चंद कदम की दूरी पर व्यवसाय के घर में भीषण चोरी की घटना को चोरों ने अंजाम दिया है। हालांकि, चोरी की घटना के समय व्यवसाय अपने सपरिवार के साथ बाहर गये हुए थे। चोरी की घटना के संबंध में व्यवसाय हमेंद्र नाथ सोंधी ने रामगढ़ थाना में एक लिखित आवेदन देकर मामला दर्ज कराया है। आवेदन में उन्होंने चोरी से संबंधित का जो मामला दर्शाया है उसे हर किसी कि होश उड़ सकती है।

क्या है मामला: आवेदन में सोंधी ने कहा है कि 13 दिसंबर को सपरिवार अपने निजी कार्य के लिए

बाहर गये हुए थे। इसी बीच 21 दिसंबर की सुबह मेरा स्टाफ राकेश यादव ने बताया कि घर का ताला टूटा हुआ है। मेरा पड़ोसी जे के शर्मा ने इस संबंध में श्रीमान को सूचना देकर चोरी से संबंधित जानकारी दी। सूचना पाकर रामगढ़ थाना के सब इंस्पेक्टर जितेंद्र टुडू सदलबल के साथ पहुंचकर मामले की जानकारी ली। साथ ही इस मामले में रामगढ़ थाना पुलिस ने कांड संख्या 284/23 धारा 457/380 के तहत मामला दर्ज कर छानबीन में जुट गई है।

चोरों ने 12 लाख नगद सहित 36 लाख रुपये के जेवरात ले उड़े: आवेदन में सोंधी ने कहा है कि 8 सोने का सेन, 3 सोने का हार, 3 डायमंड हीरा कान का टॉप्स, 4 सोने की चूड़ी, तीन सोने की मंटीका, 12 पीस सोने की बाली, 5 सोने का लॉकेट, 6 पीस सोने का सिक्का, 4 पीस सोने की अंगूठी, 28 चांदी की सिक्का और 12 लाख नकद शामिल है। इस सभी के अनुमानित कीमत करीब 48 लाख बताई जा रही।

यूनाइटेड कोल वर्कर्स यूनियन भुरकुंडा कोलियरी का सम्मेलन संपन्न

31 सदस्यीय नवनिर्वाचित पदाधिकारियों और सदस्यों का चयन

आजाद सिपाही संवाददाता

भुरकुंडा। रिभर साईड स्थित यूनियन कार्यालय में शुक्रवार को युनाइटेड कोल वर्कर्स यूनियन भुरकुंडा कोलियरी का 35वां शाखा सम्मेलन धूमधाम से समारोह पूर्वक मनाया गया। सम्मेलन की शुरूआत जावेद असलम खां ने झंडोतोलन कर और शहीद बेदी पर पुष्पांजलि अर्पित कर किया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि एटक के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह युनाइटेड कोल वर्कर्स यूनियन के महासचिव रमेन्द्र कुमार, विशिष्ट अतिथि बरका-सयाल के क्षेत्रीय अध्यक्ष कन्हैया सिंह व क्षेत्रीय सचिव विंध्याचल बेदिया उपस्थित थें। मौके पर मुख्य अतिथि रमेंद्र कुमार ने कहा कि बोला जा रहा था की अच्छे दिन आने वाले हैं, लेकिन अब बुरे दिन की शुरूआत हो चुकी है। सम्मेलन के दौरान भुरकुंडा शाखा के सचिव लखेंद्र राय ने प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। प्रतिवेदन को सर्वसम्मति से सदन द्वारा पास किया गया। तत्पश्चात

नवनिर्वाचित पदाधिकारियों और सदस्यों में ये हैं शामिल

31 सदस्यीय नवनिर्वाचित पदाधिकारी में अध्यक्ष नरेश मंडल, उपाध्यक्ष प्रेम सिंह, अफ्जल हुसैन व जितेंद्र कुमार, सचिव लखेन्द्र राय, सह सचिव अनुज कुमार, रंजीत कुमार और संतोष कुमार, कोषाध्यक्ष अशोक राम चुने गये। वहीं कार्यकारिणी सदस्यों में विकास कुमार, परदेसी, रमेश लाल केवट, नागेन साव, सुनील कुमार सिंह, मंजूर अंसारी, आलोक पुरखत, अशोक कुमार सिंह, विजय यादव, अनिल कुमार सिंह, दिवाकर पटेल, ठुप्पा भुईयां, कलाम अंसारी, सुनील बैठा, मुजीब अंसारी, मनीष सिंह, सुनील मिश्रा, जोगेंद्र ठाकुर, निलेश कुमार शामिल हैं।

भुरकुंडा शाखा का पुनर्गठन किया गया। जिसमें 31 सदस्यीय नवनिर्वाचित पदाधिकारियों व सदस्यों का चयन किया गया। नवनिर्वाचित पदाधिकारियों में अध्यक्ष नरेश मंडल, सचिव लखेंद्र राय और कोषाध्यक्ष अशोक राम चुने गये। सभी पदाधिकारियों को मुख्य अतिथि रमेंद्र कुमार ने फूल माला पहनाकर जोरदार स्वागत किया। धन्यवाद ज्ञापन सीसीएल सेफ्टी बोर्ड सदस्य विकास कुमार ने प्रस्तुत किया। सम्मेलन में तीन सदस्यीय अध्यक्ष मंडली में अशोक राम, प्रेम सिंह, जावेद असलम खां शामिल थे। मौके पर सम्मेलन में मुख्य रूप से सुदेश प्रसाद, सुभाष यादव, बिनोद मिश्रा, महादेव मांझी, प्रसन्न कुमार कुंदन, वरूण कुमार, रंजीत कुमार, विजय कुमार यादव, जितेंद्र सिंह, अनिल कुमार, संतोष कुमार, दिलेश्वर महतो, हीरालाल करमाली, सुखदेव बेदिया, बिनोद बेदिया, राजेश तुरी, महादेव गंझू, राम किशुन, सरविन्द कुमार, मोही कुर्मी, तुलसी मुंडा, करमा करमाली, सुरेश मुंडा, रौशन राम सहित दर्जनों लोग मौजूद थे।

सरस्वती विद्या मंदिर में श्रीनिवास रामानुजन की मनी जयंती

ऐसे कार्यक्रम के आयोजन से बढ़ती है व्यवसाय करने की क्षमता:सुरेश बगड़िया

आजाद सिपाही संवाददाता

रामगढ़। रामप्रसाद चंद्रभान सरस्वती विद्या मंदिर में श्रीनिवास रामानुजन की जयंती धूमधाम से मनायी गयी। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष सुरेश बगड़िया, सचिव शंकर लाल अग्रवाल, वेद प्रकाश, प्रधानाचार्य वरुण कुमार चौधरी ने सामूहिक रूप से श्रीनिवास रामानुजन के चित्र के सामने दीप प्रज्वलित कर और पुष्पार्चन कर

किया। कार्यक्रम में बाल और किशोर वर्ग के छात्र छात्राओं ने खाद्य सामग्री के स्टॉल लगायें। जो गणितीय स्वरूप को दर्शा रहे थे। जिसमें अनेक तरह की मिठाइयां, मोमोज, लिट्टी, ब्रेड चॉप, गुपचुप आदि कई आकर्षक स्टाल लगायें गये थे। कूपन के माध्यम से बच्चों और शिक्षकों ने खाने का आनंद लिया। मौके पर कन्हैया कुमार, दिनेश महतो, राजीव कुमार दास, अमित बर्मन, भोलानाथ घोष, महेश्वर महतो, सुनील कुमार, योगेंद्र प्रसाद सिंह, विकास कुमार कुशवाहा, प्राण रंजन कुमार, दयाशंकर तिवारी, कुमकुम झा, संगीता मिश्रा, निकिता शर्मा, दीपक कुमार, रीता तिवारी, आशीष अग्रवाल, पद्मावती सिंह, सोमा चाकी, अंजू कुमारी, रविंद्र कुमार, शालू कुमारी, अनीशा रंजन, आशीष अग्रवाल, प्रवीण कुमार राय, दुर्गेश कुमार, नागेश्वर साव, रेनू शाह, शैलेंद्र कुमार सिंह, बबीता रानी, रमेश विश्वकर्मा आदि मौजूद थे।

आइएनडीआइए गठबंधन ने केंद्र सरकार के खिलाफ दिया धरना

केंद्र की तानाशाह सरकार को 2024 में जनता उखाड़ फेंकेगी: किस्कू

आजाद सिपाही संवाददाता

रामगढ़। आइएनडीआइए घटक दल रामगढ़ के तत्वाधान में गुरुवार को शहर के सुभाष चौक में एक दिवसीय धरना दिया गया। इस दौरान धरना के माध्यम से केंद्र सरकार की तानाशाही के द्वारा सांसदों के निलंबन और स्वतंत्र को खत्म करने की साजिश की खिलाफ की गयी। धरना की अध्यक्षता झामुमो जिलाध्यक्ष विनोद किस्कू व संचालन सचिव विनोद कुमार महतो और कांग्रेस के पूर्व जिलाध्यक्ष बलजीत सिंह बेदी ने संयुक्त रूप से किया। धरना के माध्यम से इंडिया गठबंधन के सभी घटक दल शामिल हुए। जिसमे, झारखंड मुक्ति मोर्चा कांग्रेस, राष्ट्रीय जनता दल, राजद,

जदयू, सीपीआई, सीपीएम, भाकपा माले के नेता और वक्ताओं ने केंद्र सरकार के लोकतंत्र विरोधी कार्य और सांसदों के निलंबन की घोर निंदा की। मौके पर झामुमो जिलाध्यक्ष किस्कू ने कहा कि आने वाले लोकसभा 2024 के चुनाव में इस केंद्र की तानाशाही सरकार को जानता उखाड़ फेंकने का काम करेगी।

एक दिवसीय धरना में ये थे शामिल: कांग्रेस पार्टी के जिलाध्यक्ष मुन्ना पासवान, प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष शहजादा अनवर, झामुमो के केंद्रीय सदस्य राजकुमार महतो, गीता विश्वास, मंजू देवी, पिंकी बेसरा, गीता देवी, महेश ठाकुर, संतोष कुमार, बजरंग महतो, रंजीत बेसरा, राजेंद्र नाथ चौधरी, विष्णु कुमार, देवकीनंदन बेदिया, योगेंद्र यादव, असदुद्दीन अंसारी, अनु विश्वकर्मा, जगदीश महतो, अरुण बनर्जी, सफीक अंसारी, मंतोष सिंह, सकलदेव करमाली, कमलेश सिंह, लाल बहादुर चौधरी, राजू शाह, मिथुन मुंडा, बबलू यादव, विष्णु कुमार, सुरेंद्र सिंह, मुरलीधर कोठारी, संतोष सोनी, सागर करमाली, प्रकाश करमाली, मंजू जोशी, हेमा अधिकारी, भुवनेश्वर बेदिया, राजेंद्र चौधरी सहित कई लोग शामिल थे।

हजारीबाग के सोशल मीडिया सेल का प्रभारी बने मुकेश, दी गयी बधाई

भुरकुंडा (आजाद सिपाही)। जवाहर नगर भुरकुंडा निवासी सह झामुमो नेता मुकेश राउत को झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय समिति द्वारा हजरीबाग जिला के सोशल मीडिया सेल का प्रभारी बनाया गया है। जिससे झामुमो कार्यकर्ताओ में हर्ष का माहौल है। हजारीबाग जिला के सोसल मीडिया प्रभारी बनाये जाने पर मुकेश राउत ने पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष दीशोम गुरू शिबू सोरेन, पार्टी के कार्यकारी अध्यक्ष सह झारखंड के माननीय मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, केंद्रीय महासिचव विनोद पांडेय, केंद्रीय महासिचव फागू बेसरा, केंद्रीय सचिव संजीव बेदिया के प्रति आभार जताते हुए धन्यवाद कहा है। साथ ही मुकेश राउत ने कहा है की जिस आशा और विश्वास के साथ मुझे यह प्रभार दिया गया है उस पर खरा उतरते हुए ईमानदारी पूर्वक कार्य करना मेरा उद्देश्य होगा। उन्होंने कहा की सोसल मीडिया कवरेज के मामले में पूरे झारखंड में हजारीबाग जिला को अव्वल नंबर पर लाना मेरा लक्ष्य होगा। सोसल मीडिया के माध्यम से ज्यादा से ज्यादा लोगों को झारखंड मुक्ति मोर्चा की ओर आकर्षित करने का प्रयास करूंगा। मुकेश राउत ने कहा की खासकर मैं पार्टी के सभी पदाधिकारियों को और केंद्रीय कमिटी को धन्यवाद देता हुं जिन्होंने मुझे इस काबिल समझ इतना बड़ा दायित्व सौंपा है। उन्होंने कहा की मैं विश्वास दिलाता हूं की सोसल मीडिया के माध्यम से आने वाले 2024 के लोकसभा और विधानसभा के चुनाव में पार्टी के प्रचार-प्रसार में कोई कमी नहीं छोडूंगा।

विधायक की पत्नी ललिता ने बांटे गर्म वस्त्र

कुजू (आजाद सिपाही)। भाजपा मांडू विधायक जयप्रकाश भाई पटेल की धर्मपत्नी ललिता देवी ने शुक्रवार को नीम टोला, बोंगावार और धनहारा में गरीब असहाय लोगो को गर्म वस्त्र वितरण किया। वितरण कार्यक्रम के दौरान ललिता देवी ने कहा कि मेरे पति जेपी पटेल विधानसभा क्षेत्र वासियों के लिए हर वक्त सेवा भाव के साथ खड़े हैं और आगे भी खड़े रहेंगे। कहा की सेवा भावना के तहत विधायक जेपी पटेल की तरफ से इस कपकपाती ठंड को देखते हुए आप सभी लोगो के बीच गर्म वस्त्र वितरण किया जा रहा है। जिससे काफी राहत मिल सकेगी। तत्पश्चात उन्होंने ग्रामीणों की समस्या सुनकर विधायक के माध्यम से समाधान कराने का भरोसा जताया। वितरण कार्यक्रम के मौके पर सांसद प्रतिनिधि जगेश्वर प्रजापति, भाजपा रामगढ़ नगर परिषद अध्यक्ष मनोज गिरी, भाजयुमो केंद्रीय सदस्य नीरज झा, आरा मंडल भाजपा नेता मनोज महतो, प्रो जगेश्वर महतो, मुकेश ठाकुर, दुलाल पंडा समेत कई मौजूद रहे।

विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल पंचायत अध्यक्ष बने रामेश्वर महतो

टंडवा (आजाद सिपाही)। डहू पंचायत के शिव मंदिर प्रांगण में विश्व हिन्दू परिषद् बजरंग दल के नेतृत्व में पंचायत स्तरीय समिति गठन हेतु ग्रामीणों के समक्ष एक बैठक किया गया। जिसकी अध्यक्षता लछु महतो, संचालन राजू महतो ने किया। मुख्य अतिथि जिला सुरक्षा प्रमुख नकुल राम, विश्व हिन्दू परिषद् प्रखंड अध्यक्ष, जीत गुप्ता, उपाध्यक्ष, सोनू कुमार भुइंया, धर्म प्रचारक प्रमुख, अजय कुमार मौर्या, सह मंत्री, विनय कुमार, गारिलोंग पंचायत अध्यक्ष, राजू कुमार चौरसिया शामिल हुये। संगठन का विस्तार किया गया इसमें अध्यक्ष, रामेश्वर महतो, मंत्री, कृष्णा महतो, सत्संग प्रमुख, लच्छू महतो, सदस्य, अवधेश कुमार पांडे, संतोष कुमार, जागेश्वर कुमार, ज्ञानी महतो, डास महतो, सहदेव महतो, रथुराम, विनोद महतो, भोला महतो, विश्व नारायण महतो, देवराज रोशन, रंजीत, संदीप, रंजीत, संजय, कुलदीप, ईश्वर चंद्र, राजू, दिनेश, सदस्य को शामिल किया गया। विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के जिला से आये जिला सुरक्षा प्रमुख, नकुल राम के द्वारा संगठन के बारे में बताया गया। उन्होंने कहा की अयोध्या से आये अक्षत को घर-घर पहुंचाने का संकल्प लिया गया। विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल का कार्यकर्ता प्रखंड अध्यक्ष जीत गुप्ता ने कहा कि हर एक घर-घर से वीर योद्धा बजरंग दल से जुड़ करके संगठन को सहयोग करने की सहयोग करने की अपील किया।

तोपा पंचायत में 'सरकार आपके द्वार' कार्यक्रम का हुआ आयोजन

कुजू (आजाद सिपाही)। तोपा पंचायत सचिवालय में आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता पंचायत मुखिया मफुजा खातून और संचालन बीपीओ कामाख्या प्रसाद ने की। कार्यक्रम का शुभारंभ मौजूद बीडीओ संजय कोंनगाडी, सीआई सुरेश वर्णवाल, मुखिया मफुजा खातून समेत जन प्रतिनिधियों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। मौके पर बीडीओ ने लोगो को झारखण्ड सरकार के जारी जन कल्याणकारी योजनाओं के बारे में जानकारी दी। साथ ही, बढ़ चढ़कर लाभ उठाने की अपील की। वही, मुखिया ने सरकार की योजनाओं से अवगत कराते हुए क्षेत्र वासियों को लाभ उठाने की अपील की। वही, प्रशासनिक अधिकारियों को जनता द्वार में मिले आवेदनों का जल्द निष्पादन करने का अनुरोध किया। इधर, प्रशासन द्वारा विभिन्न विभागों से जुड़े स्टाल लगाये गये। जहां अधिकारियों ने कई मामलों का ऑन द स्पॉट निष्पादन किया। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों के साइकिल खरीदगी के लिए डमी चेक, महिला समिति को 6 लाख रुपया चेक, जन वितरण लाभुकों के बीच धोती - साड़ी का वितरण किया गया। वही, अबुवा आवास से जुड़े करीब ढाई सौ आवेदन विभाग को दिया गया। इस अवसर पर कृपाल कच्छप, सीडीपीओ प्रतिमा कुमारी, पंचायत सेवक राजकुमार साहू, मो असफाक, पूर्व मुखिया अरशद अंसारी, दीपक कुमार, राजेन्द्र राम, बैजनाथ विश्वकर्मा, पंसस दीपा कुमारी, उपमुखिया बलमती देवी, झामुमो नेता सुरेश चंद्र पटेल, उमाशंकर गुप्ता, निर्मल करमाली समेत कई लोग मौजूद रहे।

मास्क ही बचाव

कोरोना के नये सब-वेरिएंट जेएन.1 ने एक बार फिर हलचल मचा दी है। यह दुनिया के 40 देशों में फैल चुका है। भारत में अब तक इसके 21 मामले सामने आये हैं। कोरोना के सभी मामलों को देखा जाये तो बुधवार को देश भर में 624 नये केस मिले, जो 21 मई 2023 के बाद से यानी पिछले सात महीनों में एक दिन में दर्ज हुई सबसे ज्यादा संख्या है। पिछले दो सप्ताह में भारत में कोरोना से 16 मौतें हुई हैं। वैसे तो कोरोना की पिछली लहरों के मुकाबले यह संख्या गंभीर नहीं कही जायेगी, लेकिन शुरू में धीरे और फिर तेजी से फैलाव की इसकी प्रवृत्ति को देखते हुए किसी भी तरह की लापरवाही नहीं बरती जा सकती। इसीलिए सरकार ने भी इसे गंभीरता से लिया है। बुधवार को राज्यों के स्वास्थ्य मंत्रियों के साथ बैठक में केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री डॉ मनसुख मांडविया ने टेस्टिंग बढ़ाने, सर्विलांस सिस्टम को मजबूत करने और सभी केसों की रिपोर्टिंग करने पर जोर दिया। महामारी शुरू होने के बाद से ही हम कोरोना के चले जाने और इसके फिर से आ धमकने की घोषणाएं सुनते रहे हैं। यह बात समझने की है कि कोरोना वायरस कभी गया नहीं था। न ही यह जायेगा। यह हमारे इकोसिस्टम का हिस्सा बन चुका है और यहीं बना रहेगा। समय-समय पर इसके नये-नये वेरिएंट आते रहेंगे और हमें उनसे बचने और निपटने के तरीके अपनाते रहने होंगे। जहां तक इसके नये सब-वेरिएंट जेएन.1 का सवाल है, तो डब्ल्यूएचओ ने भी इस पर नजर रखने की जरूरत बतायी है। यह ऐसे समय उभरा है, जब पहले टीका ले चुके या इसकी चपेट में आ चुके लोगों में बनी एंटी बॉडी कमजोर हो चुकी है। इसके अलावा यह ठंड का मौसम है, जो वायरस के अनुकूल पड़ता है। भारत और अन्य देशों में कोरोना के बढ़ते मामलों के मद्देनजर जब नये वायरस की जीनोम एनालिसिस बढ़ेगी तो इसके व्यवहार से पता चलेगा कि इसकी संक्रामक और मारक शक्ति कितनी कम या ज्यादा है, लेकिन अब तक अन्य देशों के अनुभव से ऐसा नहीं लगता कि इसकी मारक शक्ति ज्यादा है। अगर संक्रमण तेजी से फैलता है, तो भी इसका वास्तविक असर इस बात पर निर्भर करेगा कि अस्पताल में भर्ती होने वालों की संख्या ज्यादा है या नहीं। लेकिन दो-तीन दिनों का हल्का खांसी-बुखार भी न केवल लोगों की सेहत पर असर डालता है, बल्कि दफ्तर में मौजूदगी को भी प्रभावित करता है। ऐसे में इसे हलके में लेने का कोई कारण नहीं है। अच्छी बात यह है कि जानकारों के मुताबिक चाहे नया सब-वेरिएंट हो या कोरोना के पुराने वेरिएंट, अच्छी क्वॉलिटी का फेस मास्क इससे बचाव का कारगर साधन है। इसलिए घबराने की बात नहीं है, लेकिन भीड़-भाड़ वाली जगहों पर मास्क पहनना और अन्य सावधानियां बरतना हमें बड़ी परेशानियों से बचा सकता है।

अच्छी बात यह है कि जानकारों के मुताबिक चाहे नया सब-वेरिएंट हो या कोरोना के पुराने वेरिएंट, अच्छी क्वॉलिटी का फेस मास्क इससे बचाव का कारगर साधन है। इसलिए घबराने की बात नहीं है।

अभिमत
आजाद सिपाही

अगर विपक्ष के बड़े-बड़े नेता कहते हैं कि इन लोगों ने देश के हालात से सरकार को अवगत कराया है या बेरोजगारी के कारण इन्होंने ऐसा किया है, तो आप न जाने कितने लोगों को ऐसा ही भयानक या इससे बड़ा अपराध करने के लिए प्रेरित करते हैं। सही है कि संसद के अंदर कोई अपने जूते में स्मॉक क्रैकर छुपा कर ले जा सकता है, तो वह जहरीला तत्व भी ले जायेगा। यह सुरक्षा में चूक है, जिसका निदान सुरक्षा की समग्र समीक्षा और नये सिरे से व्यवस्था करनी है।

संसद कांड : ऐसा व्यवहार अनुचित और दुर्भाग्यपूर्ण

अवधेश कुमार

संसद धुआं कांड पर दिख रही राजनीति किसी भी विवेकशील भारतीय की चिंता को बढ़ाने वाली है। सत्तारूढ़ गठबंधन या मुख्य पार्टी के विरुद्ध विरोधी दलों का विरोध सामान्य बात है, किंतु ऐसे संवेदनशील मामले पर विपक्ष एवं सत्तारूढ़ दोनों को जिम्मेदारीपूर्वक अपनी भूमिका निर्वहन करने की आवश्यकता होती है। अगर विपक्ष के बड़े-बड़े नेता कहते हैं कि इन लोगों ने देश के हालात से सरकार को अवगत कराया है या बेरोजगारी के कारण इन्होंने ऐसा किया है, तो आप न जाने कितने लोगों को ऐसा ही भयानक या इससे बड़ा अपराध करने के लिए प्रेरित करते हैं। सही है कि संसद के अंदर कोई अपने जूते में स्मॉक क्रैकर छुपा कर ले जा सकता है, तो वह जहरीला तत्व भी ले जायेगा। यह सुरक्षा में चूक है, जिसका निदान सुरक्षा की समग्र समीक्षा और नये सिरे से व्यवस्था करनी है।

हालांकि जो स्थिति पैदा की जा रही है, उसमें सुरक्षा इतनी सख्त हो सकती है कि आम आदमी के लिए दर्शक बन कर भी संसद में प्रवेश करना कठिन हो। यह उचित नहीं होगा। बहरहाल, घटनाक्रम की आयी जानकारी स्पष्ट बताती है कि इन लोगों ने लंबे समय से योजनाएं बनायीं, इसके लिए यात्राएं कीं, दिल्ली सहित कई शहरों में गये। किसी बेरोजगार या बेरोजगारों के समूह के पास इतना धन नहीं हो सकता, जितनी इनकी तैयारी में खर्च हुआ हो।

सामान्य विरोध प्रदर्शनों में भी हिंसा, तोड़-फोड़ और आग की लपटें बताती हैं कि इनमें इसके प्रशिक्षित तत्व हैं।

आप हवाई जहाज तक से यात्रा कर रहे हैं, रेल के उच्च श्रेणी में सफर करते हैं, होटल में रुकते हैं और फिर भी आप बेरोजगार हैं। यानी आपको अपने खर्च के लिए धन उपलब्ध नहीं है। दूसरे, जितने समय में इन्होंने संसद में घुसपैठ कर धुआं छोड़ने और हंगामा मचाने की तैयारी की उतना परिश्रम करके छोटा-मोटा स्टार्टअप आरंभ कर सकते थे। कोई निष्पक्ष व्यक्ति नहीं मानेगा कि देश की चिंता करने वाले कुछ बेरोजगारों के समूह ने सरकार की आंख खोलने के लिए इतना बड़ा जोखिम लिया। वास्तव में उनकी विचारधारा और प्रेरक कारक यह हो ही नहीं सकता।

संसद के अंदर डैस्क पर उछल कर स्मॉक कनस्तर चलाते पकड़े गये लखनऊ के सागर शर्मा की सोच का एक उदाहरण देखिए। उसने 2 जून, 2021 को डायरी में लिखा है कि घर से विदा लेने का समय नजदीक आ गया है।

एक तरफ डर है और दूसरी तरफ कुछ कर गुजरने की आग भी दहक रही है। काश मैं अपनी स्थिति माता-पिता को समझा सकता। इसके मायने क्या हैं? यह एक उदाहरण बता रहा है कि उनकी मस्तिष्क या सोच को किस तरह से परिणत किया गया है।

आप देखेंगे कि दुनिया भर के हिंसक संगठनों में हिंसा करने वाले इसी तरह की सोच लेकर आगे बढ़ते हैं। उनकी पूरी सोच, मानसिकता और व्यवहार इतनी बदल चुकी होती है कि सच और झूठ, संतुलन-असंतुलन, विवेक-अविवेक के बीच उनके लिए अंतर करना कठिन होता है। वीर भगत सिंह के नाम पर भगत सिंह फैन क्लब के नाम से फेसबुक पेज बना कर उस पर जिस तरह की बातें की गयीं, उनसे पता चलता है कि पिछले कुछ सालों में हमारे देश के एक बड़े वर्ग का मानस किस तरह से बदल गया है।

दुर्भाग्य से केंद्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार आने के बाद धीरे-धीरे देश और दुनिया में अलग-अलग तरीकों से ऐसा माहौल बनाया गया है। मानो भारत में केवल पूंजीपतियों का संरक्षण व समर्थन देने वाली गरीब विरोधी, किसान विरोधी, बेरोजगार विरोधी एक धर्म से परे अन्य धर्म को कुचलने वाली, अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का दमन करने वाली नयी श्रेणी की फासिस्ट सरकार काम कर रही है।

देश-विदेश के निहित स्वार्थी तत्व, जो भारत में अपने अनुसार एजेंडा चलाते थे उनको भी समस्याएं पैदा हुईं हैं। जिन लोगों का बड़ा कोई वित्त या भौतिक लाभ का उद्देश्य नहीं था उनमें भी सत्ता, प्रशासन और एक आइकन के रूप में मान्यता पर बदले हुए भारत में असर हुआ है।

2015 में असहिष्णुता से शुरू होकर मॉब लिंचिंग, नागरिकता संशोधन कानून के विरुद्ध, कृषि कानून विरोधी धरना और पहलवानों के धरने तक भारत में आंदोलन के पीछे की सोच, कारक और आंदोलन का चरित्र बदल चुका है। किसी आंदोलन में इस शाहीन बाग की तरह मुख्य सड़क घेर कर वहां स्थाई निर्माण कर देना और केवल वही लोग धरने तक पहुंचे, जिन्हें वह चाहते हैं मीडिया भी वहां स्वतंत्रतापूर्वक अपनी गतिविधियां न कर सके ऐसा पहली बार हुआ।

कृषि कानून विरोधी आंदोलन और धरने का दृश्य हम सबको याद है। पूरी दिल्ली की ऐसी घेरेबंदी कर दी गई मानो सरकार से युद्ध लड़ना हो। लाल किले से तिरंगा उतार कर विशेष पंथ या संगठन का झंडा लहराना, पुलिस वालों को धक्का देकर गिरा देना एवं पूरे शहर को ट्रैक्टर से लड़ने का दृश्य आज भी डर पैदा करते हैं।

देश-विदेश के निहित स्वार्थी तत्व, जो भारत में अपने अनुसार एजेंडा चलाते थे उनको भी समस्याएं पैदा हुईं हैं। जिन लोगों का बड़ा कोई वित्त या भौतिक लाभ का उद्देश्य नहीं था उनमें भी सत्ता, प्रशासन और एक आइकन के रूप में मान्यता पर बदले हुए भारत में असर हुआ है।

सामान्य विरोध प्रदर्शनों में भी हिंसा, तोड़-फोड़ और आग की लपटें बताती हैं कि इनमें इसके प्रशिक्षित तत्व हैं। छात्रों या छात्र संगठनों का विरोध प्रदर्शन वैसा हो ही नहीं सकता। संसद की सुरक्षा को तोड़ कर उस तरह का दुस्साहस कोई सामान्य मस्तिष्क के लोग नहीं कर सकते। सुरक्षित आत्मदाह तक की योजना बनाने का अर्थ क्या है?

जमशेदपुर की खबरें

भाजपा ने 25 दिसंबर को उपवास के लिए मांगी अनुमति

आजाद सिपाही संवाददाता

जमशेदपुर। झारखंड राज्य के जनक सह पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न से सम्मानित अटल बिहारी वाजपेयी और झारखंड आंदोलन के अग्रणीय नायक शहीद निर्मल महतो की जयंती पर भाजपा जमशेदपुर महानगर ने एक दिवसीय शांतिपूर्ण उपवास पर बैठने का निर्णय लिया। शुक्रवार को भाजपा के एक प्रतिनिधि मंडल ने एसडीओ को पत्र लिखकर 25 दिसंबर को कदमा उलियान स्थित शहीद निर्मल महतो के समाधि स्थल के समक्ष शांतिपूर्ण उपवास पर बैठने की अनुमति मांगी। उन्होंने पत्र के माध्यम से बताया मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन 8 अगस्त को शहीद आंदोलनकारी निर्मल महतो की शहादत दिवस पर लौहनगरी जमशेदपुर में उनके पवित्र समाधि स्थल को साक्षी मानकर युवाओं से 1 वर्ष में 5 लाख नौकरी देने का वादा किया था। मुख्यमंत्री बनने के उपरांत 4 साल बीत गये लेकिन मुख्यमंत्री ने युवाओं, महिलाओं, पारा शिक्षक, सहायक पुलिसकर्मियों, किसानों से वादाखिलाफी किया। भाजपा जिलाध्यक्ष गुंजन यादव ने बताया वे एक दिवसीय शांतिपूर्ण सांकेतिक उपवास कार्यक्रम के तहत मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को उनके किये वादे को स्मरण कराने की कोशिश करेंगे। ताकि प्रदेश के हताश और निराश हो चुके युवाओं के हित में निर्णय लेकर नियुक्तियों का रास्ता साफ हो सकें। मौके पर सुधांशु ओझा, संजीव सिन्हा, बबुआ सिंह, मंजीत सिंह, पप्पू सिंह, नीलू मछुआ, राजीव सिंह, बिनोद कुमार सिंह, अमित अग्रवाल, अजीत कालिंदी मौजूद रहे।

योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति को मिले : विधायक

आजाद सिपाही संवाददाता

जेना (चाईबासा)। जनकल्याणकारी योजनाओं का सीधा लाभ ऑन द स्पॉट ग्रामीणों तक पहुंचाना ही सरकार के द्वारा लगवाए जा रहे शिविर का मुख्य उद्देश्य है। यहीं कारण कि हेमंत सोरेन की सरकार पंचायत स्तर पर गांव में ही सरकारी अधिकारी पहुंच कर आपकी समस्या सुन रहे हैं और ऑन स्पॉट आपकी समस्याओं का निराकरण करने का कार्य कर रहे हैं। यह बातें विधायक दीपक बिरुवा ने टोंटो प्रखंड के बामेबासा पंचायत में आयोजित आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने कहा कि ग्रामीण शिविर में पहुंचकर विभिन्न सरकारी कल्याणकारी योजनाओं का लाभ उठायें।

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की सोच है कि राज्य सरकार द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति को मिले, जिससे उसका और क्षेत्र का समग्र विकास हो सके। विधायक ने सभी संबंधित अधिकारियों और उनके अधीनस्थ कर्मचारियों को संवेदनशील होकर कार्य करने का निर्देश दिया। मौके पर टोंटो प्रखंड विकास पदाधिकारी ललित भगत ने ग्रामीणों को योजनाओं की जानकारी देते हुए अधिक से अधिक योजनाओं का लाभ उठाने की अपील की।

ट्रेनिंग लिये बच्चों को किया गया सम्मानित, दिया गया सर्टिफिकेट

आजाद सिपाही संवाददाता

जमशेदपुर। टाटा स्टील फाउंडेशन के पहल पर अर्बन सर्विसेज के प्रयास से शहर के युवतियों को रोजगार से जोड़ने का लगातार प्रयास किया जा रहा है। अर्बन सर्विसेज के द्वारा शहर के 12 सेंटर में सिलाई ट्रेनिग, मेंदिह सहित अन्य कई ट्रेंनिग दिलाये जा रही है। शुक्रवार को ट्रेनिग संपन्न होने पर 180 बच्चों के लिए सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। धतकीडीह कम्युनिटी सेंटर में आयोजित सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि टाटा वर्कर्स यूनियन के वाइस प्रेसिडेंट संजय सिंह, ओमप्रकाश शर्मा और अर्बन सर्विसेस के प्रमुख शामिल हुए। अतिथियों के द्वारा सभी बच्चों को सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर डांस क्लास के बच्चों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत की। सांस्कृतिक कार्यक्रम में शहर के सैकड़ो प्रतिभागी शामिल हुए। अर्बन सर्विसेस के एरिया ऑफिसर बी मरांडी ने बताया अर्बन सर्विसेस के द्वारा शहर के 12 सेंटर में शिलाई क्लास मेंदिह क्लास सहित अन्य कई ट्रेनिंग बच्चों को दी जाती है। ट्रेनिग संपन्न होने पर 180 बच्चों को सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया गया।

प्रेस क्लब के सदस्यों का समर्पण और परिश्रम सराहनीय : मनमोहन राजपूत

चांडिल में प्रेस क्लब की बैठक में कई अहम मुद्दों पर हुई चर्चा। फरवरी में होगा भवन का उद्घाटन

जिले के तमाम पत्रकार को एक मंच पर लाने में प्रेस क्लब सफल : विश्वरूप पांडा

आजाद सिपाही संवाददाता

चांडिल। चांडिल मेन रोड स्थित एक होटल में प्रेस क्लब ऑफ सरायकेला खरसावां के अध्यक्ष मनमोहन सिंह राजपूत की अध्यक्षता में तिमाही बैठक का आयोजन किया गया। बैठक का संचालन क्लब के कोषाध्यक्ष संजीव मेहता ने किया। शुक्रवार को आयोजित बैठक से पूर्व स्वतंत्रता सेनानी भगवान बिरसा मुंडा, सिदो कान्हू, फूलो झानो, तिलका मांझी व अन्य शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की गयी। बैठक को संबोधित करते हुए क्लब के अध्यक्ष मनमोहन सिंह राजपूत ने कहा प्रेस क्लब के सदस्यों का समर्पण और परिश्रम सराहनीय है। बीते कुछ वर्षों से प्रेस क्लब लगातार पत्रकारों के हित में काम कर रही हैं। उन्होंने कहा क्लब में शामिल पत्रकार अपने काम के प्रति समर्पित हैं। जिसके कारण काफी कम समय में अनेकों उपलब्धि हासिल की है। उन्होंने कहा विपरीत परिस्थितियों में भी पत्रकार अपने कर्तव्यों का निर्वहन करते हैं। जिले के विभिन्न प्रखंड में कार्य कर रहे पत्रकारों को हर रोज परेशानियों से जूझना पड़ता है। ऐसे पत्रकारों के लिए प्रेस क्लब हमेशा साथ खड़ा है। उन्होंने कहा आगामी प्रेस क्लब के वार्षिक पिकनिक सह सम्मान समारोह, प्रेस भवन का उद्घाटन, मेडिक्लेम और अन्य कार्य पर काम देखने को मिलेगा। प्रेस क्लब के सदस्यता प्रभारी सह चांडिल अनुमंडल प्रभारी विश्वरूप पांडा ने कहा पत्रकारिता में हर कदम पर संघर्ष है। आए दिन पत्रकारों के उपर हो रहे हमला, झूठे मुकदमे काफी चिंतनीय विषय है। इसलिए सभी पत्रकारों को एकजुट होकर पत्रकार सुरक्षा कानून लागू करने के लिए जोरदार आंदोलन करने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा लोकसभा में 21 दिसंबर को प्रेस और पुस्तक पंजीकरण अधिनियम 1867 कानून को निरस्त कर प्रेस व पत्रिका पंजीकरण विधेयक लागू करना केंद्र सरकार की सराहनीय कार्य है। उन्होंने कहा पत्रकारिता का एक नए युग की सूत्रपात की संकेत अवश्य है। लेकिन अफसोस है पत्रकार सुरक्षा कानून और पेंशन योजना लागू करने के लिए केंद्र और राज्य सरकार गंभीर नहीं है। पत्रकारिता को लोकतंत्र का चौथा स्तंभ कह देने मात्र से पत्रकारों का कल्याण संभव नहीं है। प्रेस क्लब ऑफ सरायकेला खरसावां के उपलब्धियों की लंबी फेरहिस्त है। प्रेस क्लब की मजबूती के कारण आज जिले में पत्रकारों का मान सम्मान बढ़ा है। उन्होंने बताया आगामी 26 जनवरी को सरायकेला में प्रेस क्लब के वार्षिक पिकनिक सह मिलन समारोह मनाया जायेगा। क्लब के साथियों को भी चाहिए वे संगठन के प्रति समर्पित और ईमानदार रहें। उन्होंने कहा पत्रकार निश्चिंत होकर अपना काम करें, आपके सुरक्षा व सम्मान के लिए प्रेस क्लब हर लड़ाई लड़ने को तैयार है। इस दौरान प्रेस भवन के निमित्त क्लब के कार्यकारी अध्यक्ष शुमंगल कुंडू उर्फ केबू कुंडू नव 5051 रुपये तथा विपिन वार्ष्णेय ने 5001 रुपए क्लब के कोषाध्यक्ष को सौंपा। मौके पर अरुण कुमार मांझी, संजीव मेहता, सुधीर गोराई, सुमंगल कुंडू, प्रकाश सिंह, विपिन वार्ष्णेय, रासबिहारी मंडल, खगेन महतो, रवि सेन, जगन्नाथ चटर्जी सहित अन्य मौजूद रहे।

गोबिंदपुर में आजसू पार्टी का लिट्टी पार्टी सह मिलन समारोह का आयोजन

केंद्रीय नेतृत्व के द्वारा मनोनीत सभी पदाधिकारियों को माला पहनाकर किया गया सम्मानित

आजाद सिपाही संवाददाता

जमशेदपुर। गोबिंदपुर पीके प्रेस मेटल में आजसू पार्टी जिला समिति का मिलन समारोह सह लिट्टी पार्टी का आयोजन किया गया। शुक्रवार को मिलन समारोह में बतौर अतिथि पूर्व मंत्री सह आजसू पार्टी के प्रधान महासचिव रामचंद्र सहिस शामिल हुए। मौके पर उन्होंने कहा संगठन में मिले दायित्व को निर्वाह करने के लिए आप सभी का सहयोग की आवश्यकता है। मुझे याद है आप सभी के सहयोग से विधायक बनाकर मुझे जनसेवा करने का मौका मिला, आजसू पार्टी के नीति सिद्धांतो के साथ लगातार 10 वर्षो तक जनप्रतिनिधि के रूप में कार्य किया। लेकिन वर्तमान सरकार किए गए कार्यों को गलत तरीके से जनता को दिग्भ्रमित कर झूठे प्रचार प्रसार कर जनता को धोखा देने का कार्य किया। समारोह में जिला अध्यक्ष कन्हैया सिंह ने कहा कि केंद्रीय प्रधान महासचिव के साथ कुल 18 केंद्रीय पदाधिकारी की नियुक्ति करने का कार्य किया गया। पुनः मुझे खुशी होगी जब जुगसलाई विधानसभा से पूर्व मंत्री को पुनः मंत्री के रूप देखेंगे। आगामी 25 दिसंबर को आजसू पार्टी के संस्थापक शहीद निर्मल महतो के जयंती के अवसर पर बोड़ाम प्रखंड स्थित मुकरूडीह चौक पर प्रतिमा अनावरण किया जायेगा। मौके पर स्वप्न कुमार सिंहदेव, चंदगुप्त सिंह, नंदू पटेल, सागेन हांसदा, दीपक, बुल्लू रानी सिंह सरदार, संजय समेत अन्य उपस्थित थे।

राज्य सरकार की चतुर्थ वर्षगांठ पर 29 को कार्यक्रम

गढ़वा (आजाद सिपाही)। सरकार से प्राप्त निर्देश के आलोक में आज उपायुक्त शेखर जमुआर द्वारा समाहरणालय के सभागार में सभी जिला स्तरीय पदाधिकारियों संग बैठक कर जानकारी दी गयी कि राज्य सरकार के चतुर्थ वर्षगांठ के उपलक्ष्य में 29 दिसंबर 2023 को जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन करने का निर्णय लिया गया है। जिसके आलोक में उपायुक्त द्वारा पदाधिकारियों संग विचार विमर्श कर राजकीयकृत प्लस टू गोविंद हाई स्कूल (टाउन हॉल) के मैदान में 29 दिसंबर को जिला स्तरीय कार्यक्रम के आयोजन का निर्णय लिया गया। उपायुक्त ने बताया कि कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि मंत्री, मिथिलेश कुमार ठाकुर कार्यक्रम में शामिल होंगे।

आंदोलनरत होमगार्ड के जवानों को मिला भाजपा का समर्थन

आजाद सिपाही संवाददाता

गढ़वा। जिले में आंदोलनरत होमगार्ड के जवानों को भाजपा जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश केशरी के नेतृत्व में एक भाजपा का प्रतिनिधिमंडल ने आंदोलन कर रहे गृह रक्षा वाहिनी के जवानों से मिलकर उन्हें भाजपा का समर्थन दिया। मौके पर धरना कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश केशरी ने कहा कि झामुमो सरकार रोजगार छीन रही है। युवाओं को रोजगार देने का वादा कर सत्ता में आने वाली हेमंत सोरेन सरकार आज युवाओं का रोजगार छीन रही है उन्होंने कहा कि पुर्व की भाजपा सरकार ने युवाओं को रोजगार दिया था जिसे झामुमो सरकार छीन रही है झारखंड को भाजपा ने बनाया है भाजपा ही जनभावना को समझ सकता है झामुमो सरकार झारखंड के लिए दुर्भाग्य है। पुर्व लोकसभा प्रत्याशी जवाहर पासवान ने कहा कि झामुमो सरकार में पहले से काम कर रहे गृह रक्षा वाहिनी के जवानों को वर्तमान सरकार ड्यूटी में नहीं लगा रही है जिससे इनका परिवार सड़क पर आ चुका है। उन्होंने कहा कि सत्ता में बैठे मंत्री विधायक सिर्फ अपना विकास करने में लगे हुए हैं, आम जनता त्राहिमाम कर रही है यह सरकार पहले से काम कर रहे होम गार्ड जवानों को रोजगार देने में फेल है तो फिर नया बहाली कैसे करेगी झामुमो मंत्री विधायक जनता को ठगना बंद करें। भाजपा वरिष्ठ नेता बिनय चौबे ने कहा कि झामुमो सरकार में युवाओं को रोजगार नहीं मिल रहा है बल्कि सत्ता में बैठे लोग युवाओं को रोजगार मुक्त करने में लगे हुए हैं लेकिन युवा अब मौन नहीं रहेंगे ऐसी निकम्मी सरकार को उखाड़ फेंकने के लिए तैयार है। झामुमो के लोग युवाओं को रोजगार के नाम पर सिर्फ ढकोसला कर रहे हैं। गढ़वा सहित पूरे झारखंड के लोग पलायन को मजबुर है। मौके पर भाजपा महामंत्री संतोष दुबे ब्रजेश उपाध्याय बृजेंद्र पाठक भाजयुमो जिलाध्यक्ष रितेश चौबे धर्मेन्द्र कुमार, संजय जायसवाल सहित भारी संख्या में गृह रक्षा वाहिनी के जवान मौजूद थे।

झामुमो नेता घायल दारोगा से अस्पताल में मिले

रंका (आजाद सिपाही)। झामुमो प्रखंड अध्यक्ष आशीष कुमार गुप्ता ने नक्सली मुठभेड़ में घायल और रांची भगवान महावीर मेडिका सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल में इलाजरत रंका थाना प्रभारी शंकर प्रसाद कुशवाहा से अस्पताल पहुंच कर हाल चाल जाना, और उन्हें जल्द स्वस्थ होकर अपने कर्तव्य पथ पर लौटने के लिए ईश्वर से कामना की। श्री गुप्ता ने थाना प्रभारी शंकर प्रसाद कुशवाहा की बहादुरी को सैल्यूट किया। इस मौके पर अन्य लोग मौजूद थे।

जायंट्स ग्रुप ने जरूरतमंद के बीच कंबल वितरण किया

गढ़वा (आजाद सिपाही)। जायंटस ग्रुप आफ गढ़वा के द्वारा कड़ाके की ठंड को देखते हुए गढ़वा शहर के रेलवे स्टेशन पर गरीब मजदूर और जरूरतमंद यात्रियों के बीच कंबल का वितरण किया गया। ताकि उन्हें ठंड से राहत मिले जायंट्स ग्रुप आफ गढ़वा के अध्यक्ष कमलेश कुमार गुप्ता के नेतृत्व में जायंटस वेलफेयर फाउंडेशन फेडरेशन 8 के अध्यक्ष विनोद कमलापुरी फेडरेशन 8 के सचिव नंदकुमार गुप्ता, स्पेशल कमिटी के पूर्व सदस्य विजय केशरी, जायंट्स ग्रुप आफ गढ़वा के उपाध्यक्ष अशोक गुप्ता के अलावे अनंत दुबे गढ़वा स्टेशन पर घूम-घूम कर और जरूरतमंदों का तलाश कर उन्हें कंबल प्रदान किया। जायंट्स ग्रुप हर साल ठंड में गरीबों के बीच कंबल का वितरण करती है। अभी शहर में और भी कंबल वितरण किये जायेंगे, साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों में भी अगले सप्ताह जायंट्स के द्वारा कंबल और वस्त्र के वितरण कार्यक्रम रखा गया है।

अपने जन्मदिन पर 100 बच्चों को दी पाठ सामग्री

गढ़वा (आजाद सिपाही)। समाजसेवी दौलत सोनी ने अपने जन्म दिन के अवसर पर बच्चों के बीच पाठ सामग्री और दो असहाय परिवारों के बीच सिलाई मशीन का वितरण किया। इस दौरान समाज से भी दौलत सोनी ने कहा कि जन्म दिवस के अवसर पर लोग कहीं पर पार्टी देते हैं। तो कहीं दूर पर घूमने जाते हैं। वैसे में हमारे समाज का कल्याण नहीं हो पायेगा। समाज सेवी दौलत सोनी ने अपने जन्म दिवस के अवसर पर टंडवा मोहल्ला में 100 बच्चों के बीच पाठ सामग्री का वितरण किया। वहीं दूसरी ओर दो असहाय परिवारों के बीच सिलाई मशीन का वितरण किया। इस अवसर पर विशाल कुमार, विवेक कुमार सिन्हा, गौतम कुमार, प्रदीप कुमार, सनी शर्मा, छोटन गॉड, सुभाष गॉड आदि लोगों उपस्थित थे।

सरस्वती विद्या मंदिर में फूड फेस्ट का आयोजन

बंशीधर नगर (आजाद सिपाही)। राष्ट्रीय गणित दिवस के अवसर पर सरस्वती विद्या मंदिर में फूड फेस्ट का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ भारत माता, ओम, मां शारदे और महान गणितज्ञ श्रीनिवास रामानुजन के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन और पुष्पार्चन एसडीपीओ प्रमोद केसरी, भाजपा के वरिष्ठ नेता सह समाजसेवी शारदा महेश प्रताप देव, सचिव रवि प्रकाश, कोषाध्यक्ष विद्या भास्कर, अध्यक्ष जोखू प्रसाद, उपाध्यक्ष डॉ धर्मचंद लाल अग्रवाल, समिति सदस्य शैलेश कुमार अग्रवाल, समिति सदस्य शशि कला और नीरज पांडे विधायक प्रतिनिधि अशोक सेठ पूर्व संचालक विद्यासागर ने संयुक्त रूप से किया। उक्त अवसर पर प्रधानाचार्य रविकांत पाठक ने कहा कि इस तरह के आयोजन से बच्चों में गणितीय प्रारूप से गणित की अवधारणाओं को समझने का सफल प्रयास किया गया है। मुख्य अतिथि प्रमोद कुमार केसरी ने कहा कि शिशु विद्या मंदिर की व्यवस्था अन्य विद्यालय से उत्तम है मैंने पिछले कई कार्यक्रमों में भाग लिया और मुझे बहुत खुशी हुई विद्यालय परिवार को बहुत आभार के कार्यक्रम होते रहे जिससे बच्चों का प्रतिभा का विकास हो। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में नीरज कुमार सिंह, कौशलेंद्र झा, अविनाश कुमार, कृष्ण कुमार पांडे, सुधीर प्रसाद श्रीवास्तव, दिनेश कुमार, अशोक कुमार, प्रसून, नंदलाल पांडे, सत्येंद्र प्रजापति, सुप्रिया, आरती श्रीवास्तव, नीति, प्रियंवदा, नेहा, सलोनी की प्रमुख भूमिका रही।

हारादाग में खुली सेंट्रल बैंक की शाखा, ग्रामीणों में खुशी

मेराल। रमना प्रखंड के सुदूरवर्ती ग्रामीण क्षेत्र हारादाग कला के पंचायत भवन में गुरुवार को सेंट्रल बैंक आफ इंडिया का नया शाखा खोला गया। बैंक शाखा का उद्घाटन वरीय क्षेत्रिय प्रबंधक सुनील कुमार, शाखा प्रबंधक आलोक राज, गांव के वरिष्ट नागरिक भोला साव, प्रभारी मुखिया सहदेव चौधरी ने संयुक्त रूप से फीता काट कर किया। सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया के स्थापना दिवस के अवसर पर खुले इस नये बैंक शाखा में पहुंचे गढ़वा के विभिन्न बैंकों के अधिकारियों ने बैंक के संस्थापक सर सोराबजी पोचखानावाला की तस्वीर के समक्ष दीप प्रज्वलित और माल्यार्पण कर स्थापना दिवस मनाया गया। वरीय क्षेत्रिय प्रबंधक सुनील कुमार ने कहा कि बैंक आपके द्वार कार्यक्रम के तहत इस शाखा का विधिवत शुरूआत की गयी है। आज भी ऐसे कई क्षेत्र हैं जहां बैंक नहीं रहने के कारण लोग बचत नहीं कर पाते हैंद्ध उन्होंने कहा भारत में सबसे पहले 1911 में आज ही के दिन सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया का पहला भारतीय वाणिज्यिक बैंक की स्थापना की गयी थी। शाखा प्रबंधक आलोक राज ने कहा कि सेंट्रल बैंक की शाखा खुलने से इलाके के किसानों समेत अन्य सभी प्रकार के उपभोक्ताओं को काफी सहूलियत होगी। उन्होंने कहा कि इससे पहले यहां के लोगों को बैंकिंग कार्य के लिए करीब 15 किलोमीटर रमना या मेराल-गढ़वा जाना पड़ता था। इस अवसर पर पुरैनी शाखा प्रबंधक दिलीप किंडो, चंदरी शाखा प्रबंधक प्रवीण पांडेय, गढ़वा शाखा प्रबंधक सतीश राणा, सुरक्षा अधिकारी रवि भूषण, श्री बंशीधर नगर पाल्हे कलां शाखा प्रबंधक रंजीत पांडेय, सगमा शाखा प्रबंधक रविशंकर, एलडीएम एके मांझी, पूर्व उपप्रमुख, सीएसपी संचालक सतेंद्र साह सहित बड़ी संख्या में लोग थे।

नेशनल प्रतियोगिता में भाग लेगी गढ़वा की आयुषी

गढ़वा (आजाद सिपाही)। 85वीं सिनियर राष्ट्रीय टेबल टेनिस प्रतियोगिता जो हरियाणा के पंचकूला में आयोजित होना है। उक्त प्रतियोगिता में गढ़वा की आयुषी कुमारी का चयन हुआ है। साथ ही अंजलि रानी उक्त प्रतियोगिता में अंपायर की भूमिका में रहेंगी। दोनों दीपुवां मोहल्ला के पूर्व शिक्षक अशोक कुमार दुबे की बेटी हैं। आयुषी और अंजलि के चयन पर गढ़वा जिला टेबल टेनिस के पदाधिकारी ने बधाई दी है। बधाई देने वालों में संघ के संरक्षक अलख नाथ पांडेय, अध्यक्ष मदन प्रसाद केशरी, सचिव, आनंद सिन्हा, प्रिंस सोनी, कमलेश दुबे, उपाध्यक्ष धनंजय सिंह, नंदकुमार गुप्ता आदि ने बधाई और शुभकामनाएं दी है

बाबू दिनेश सिंह विवि के कुलाधिपति और कुलपति ने उपायुक्त से शिष्टाचार मुलाकात की

गढ़वा (आजाद सिपाही)। बाबु दिनेश सिंह विश्वविद्यालय के कुलाधिपति दिनेश प्रसाद सिंह और विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो० (डॉ०) एमके सिंह ने उपायुक्त शेखर जमुआर से शिष्टाचार मुलाकात की। इस दौरान विश्वविद्यालय के कार्यकलापो, चिकित्सा, शिक्षा का विकास, छात्र-छात्रों की सुरक्षा तथा गढ़वा के छात्र-छात्राओं को उच्चतर, बेहतर और सस्ता शिक्षा देने के विषयो में विस्तृत चर्चा की गयी। चिकित्सा के क्षेत्र में भी विकास हेतु कुलाधिपति और कुलपति महोदय ने कहा कि सुदूरवर्ती इलाकों में विश्वविद्यालय द्वारा समय समय पर मेगा मेडिकल कैंप लगाकर रोगीओं का इलाज किया जाता है तथा मुफ्त दवा भी दी जाती है। नववर्ष के शुभारंभ में सुदूरवर्ती रोगियों के इलाज हेतु मेगा कैंप लगाकर रोगियों का इलाज किया जायेगा। कुलपति ने उपायुक्त को विश्वविद्यालय भ्रमण के लिए आग्रह किया।

खिलाड़ी लगातार सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने का प्रयास करें : नंद कुमार गुप्ता

गढ़वा (आजाद सिपाही)। जिला पब्लिक स्कूल समन्वय समिति के तत्वाधान में आयोजित 22वीं गढ़वा जिला अंतर स्कूल क्रिकेट प्रतियोगिता के सातवें दिन साउथ प्वाइंट पब्लिक स्कूल ने एनटीसीए को एक तरफा मुकाबले में 111 रनों से, वहीं दूसरे मैच में ज्ञान निकेतन स्कूल रेहला की टीम ने संत पॉल एकेडमी की टीम को छह विकेट से, तीसरे मैच में बीएनटी संत मैरी की टीम ने जेपीएस स्कूल को हराकर क्वाटर फाइनल में प्रवेश किया। मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार साउथ प्वाइंट के शिवम और ज्ञान निकेतन कांवेंट स्कूल के नंदन को बीएनटी संत मैरी के लक्की अहमद को संयुक्त रूप से प्रदान किया।

बाबू दिनेश सिंह विवि में महान गणितज्ञ श्रीनिवास रामानुजन जन्म दिन मनाया गया

राष्ट्रीय गणित दिवस का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता

गढ़वा। बाबू दिनेश सिंह विश्वविद्यालय परिसर स्थित दिनेश कॉलेज ऑफ एजुकेशन के सेमिनार कक्ष में महान भारतीय गणितज्ञ श्री निवास रामानुजन के जन्म दिवस के अवसर पर राष्ट्रीय गणित दिवस का आयोजन बाबू दिनेश सिंह विश्वविद्यालय के कुलाधिपति श्री दिनेश प्रसाद सिंह की प्रेरणा और कुलपति प्रो. (डॉ.) एमके सिंह के मार्गदर्शन में किया गया। आयोजन का शुभारंभ दिनेश कॉलेज आफ एजुकेशन की प्राचार्या डॉक्टर सुनीता गुप्ता जी ने मां सरस्वती के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्वलित करके किया, जिसमें सभी प्रशिक्षुओं ने ऑनलाइन / ऑफलाइन भाग लिया। कार्यक्रम में महाविद्यालय की प्राचार्या डॉक्टर सुनीता गुप्ता जी ने अपने प्रेरणादाई उद्बोधन में कहा कि हम सभी को महान गणितज्ञ श्रीनिवास रामानुजन से प्रेरणा लेते हुए विषम परिस्थितियों में भी अपने लक्ष्य के प्रति एकाग्र होना चाहिए। इस अवसर पर बी.एड. प्राध्यापक शशिकांत सिंह यादव ने कहा कि आज हमें इस युवा गणितज्ञ से प्रेरणा लेने की आवश्यकता है कि प्रतिभाएं परिस्थितियों की मोहताज नहीं होती। कार्यक्रम में अंजली, पूजा, अर्चना, रेखा, सोनी, शहनाज परवीन, चंदन आदि प्रशिक्षुओं ने अपने-अपने विचार व्यक्त किये। कार्यक्रम में बी.एड. तथा डी.एल.एड. के प्राध्यापकों में अशोक कुमार यादव, शशिकांत सिंह यादव आदि उपस्थित रहे। मंच संचालन बी.एड. प्राध्यापक जनार्दन शुक्ल द्वारा तथा तकनीकी सहयोग सुधीर दुबे द्वारा किया गया।

झारखण्ड राज्य ग्रामीण पथ विकास प्राधिकरण (JSRRDA)
एफ०एफ०पी० भवन, तृतीय तल्ला, धूर्वा, राँची –834004, झारखण्ड

अल्पकालीन ई–पुनर्निविदा आमंत्रण सूचना (2nd Call)

PR No-311948 dated 24.11.2023

अल्पकालीन ई–पुनर्निविदा संख्या:- 192 /2023-24 दिनांक :- 20.12.2023

मुख्य अभियंता, जे०एस०आर०आर०डी०ए०, राँची द्वारा निम्नविवरण के अनुसार e-procurement पद्धति से निविदा आमंत्रित की जाती है।

क्र० सं०	आईडेन्टीफिकेशन संख्या / पैकेज संख्या	प्रखण्ड का नाम		कार्य का नाम	प्राक्कलित राशि: अंक में (लाख में)	प्राक्कलित राशि: अक्षर में (रूपये में)	कार्य समाप्ति की अवधि
1	2	3		4	5	6	7
1	JH-M-KOD-04 / 2023-24	मरकच्चो	1	पी०डब्ल्यू०डी० डुमरदगा से नावाडीह तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (लं०–9.250 कि०मी०)	1336.237	तेरह करोड़ छत्तीस लाख तेईस हजार सात सौ रू० मात्र	09 महीना
		डोमचांच	2	नीमाडीह से असनाबाद तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (लं०–10.000 कि०मी०)			
		मरकच्चो	3	मरकच्चो से पोपलो पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (लं०–4.800 कि०मी०)			
		मरकच्चो	4	मरकच्चो से अम्बाडीह पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (लं०–6.500 कि०मी०)			

2. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि:–**22.12.2023**
3. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय:– **03.01.2024** अपराह्न 5.00 बजे तक।
5. निविदा खोलने की तिथि एवं समय:–**04.01.2024** .अपराह्न 5.00 बजे।
6. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता:–मुख्य अभियंता का कार्यालय, जे०एस०आर०आर०डी०ए०, राँची,एफ०एफ०पी० भवन, तृतीय तल्ला, धूर्वा, राँची–834004, झारखण्ड।
7. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं०– .....

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट **jharkhandtenders.gov.in** में देखा जा सकता है।

मुख्य अभियंता
जे०एस०आर०आर०डी०ए०, राँची

PR 314061 Rural Work Department(23-24).D

झारखण्ड राज्य ग्रामीण पथ विकास प्राधिकरण (JSRRDA)
एफ०एफ०पी० भवन, तृतीय तल्ला, धूर्वा, राँची –834004, झारखण्ड

ई–निविदा आमंत्रण सूचना

ई–निविदा संख्या:- 179 /2023-24 दिनांक :- 20.12.2023

मुख्य अभियंता, जे०एस०आर०आर०डी०ए०, राँची द्वारा निम्नविवरण के अनुसार e-procurement पद्धति से निविदा आमंत्रित की जाती है।

क्र० सं०	आईडेन्टीफिकेशन संख्या / पैकेज संख्या	प्रखण्ड का नाम		कार्य का नाम	प्राक्कलित राशि: अंक में (लाख में)	प्राक्कलित राशि: अक्षर में (रूपये में)	कार्य समाप्ति की अवधि
1	2	3		4	5	6	7
1	JH-M-KOD-05 / 2023-24	मरकच्चो	1	पी०डब्ल्यू०डी० रोड जामू से हरलाडीह भाया हरिजन टोला तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (लं०–2.175 कि०मी०)	1085.567	दस करोड़ पचासी लाख छप्पन हजार सात सौ रू० मात्र	09 महीना
		मरकच्चो	2	मरकच्चो सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र से भोजपुर तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (लं०–1.500 कि०मी०)			
		मरकच्चो	3	पी०डब्ल्यू०डी० से सिमरिया टॉड़ तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (लं०–1.750 कि०मी०)			
		मरकच्चो	4	तेतरॉन पी०डब्ल्यू०डी० रोड से कुषाहन तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (लं०– 1.900 कि०मी०)			
		जयनगर	5	कोडरमा कोवार आर०सी०डी० रोड से भुआलडीह तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (लं०–1.200 कि०मी०)			
		जयनगर	6	तिलोकरी भिरसिण्डिया बरगद से बीरोगाई भाया अलगडीहा तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (लं०–3.050 कि०मी०)			
		जयनगर	7	पी०एम०जी०एस०वाई० पथ से गड़गी भाया बराकर नदी तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (लं०–2.000 कि०मी०)			
		जयनगर	8	करीयावां से घघरी तक तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (लं०–4.470 कि०मी०)			
		चन्द्रवारा	9	गारोगरगी से जमघटी तक तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (लं०–3.000 कि०मी०)			

2. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि:–**26.12.2023**
3. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय:– **11.01.2024** अपराह्न 5.00 बजे तक।
5. निविदा खोलने की तिथि एवं समय:–**12.01.2024** .अपराह्न 5.00 बजे।
6. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता:–मुख्य अभियंता का कार्यालय, जे०एस०आर०आर०डी०ए०, राँची,एफ०एफ०पी० भवन, तृतीय तल्ला, धूर्वा, राँची–834004, झारखण्ड।
7. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं०– .....

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट **jharkhandtenders.gov.in** में देखा जा सकता है।

मुख्य अभियंता
जे०एस०आर०आर०डी०ए०, राँची

PR 314099 (Rural Work Department)23-24*D

कार्यालय, उप निदेशक कल्याण, उतरी छोटानागपुर प्रमण्डल, हजारीबाग।

नामाकंन संबंधी सूचना वर्ष 2024

उत्तरी छोटानागपुर प्रमण्डल, हजारीबाग अंतर्गत कल्याण विभाग द्वारा संचालित निम्नलिखित अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति विद्यालयों में शैक्षणिक सत्र–2024–25 के लिए प्रथम वर्ग में रिक्ति अनुसार नामांकन हेतु इच्छुक छात्र / छात्राओं से विहित प्रपत्र में दिनांक–27.02.2024 तक आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते है। नामांकन आवेदन–प्रपत्र संबंधित विद्यालय अथवा जिला कल्याण कार्यालय से प्राप्त एवं संबंधित विद्यालय में जमा लिये जायेगें। शेष जानकारी के लिए वेबसाईट (www.hazaribag.nic.in) पर जनसधारण के अवलोकनार्थ अपलोड कर दिया गया है।

क्र0	जिला		विद्यालयो का नाम	वर्ग	कोटि	छात्र / छात्रा
01.	हजारीबाग	01	अनुसूचित जाति आवासीय उच्च विद्यालय बरसोत (हजारीबाग)	प्रथम	SC	छात्रों के लिए
		02	आदिम जनजाति आवासीय बालिका प्राथमिक विद्यालय दीपूगढ़ा (ह0बाग)	प्रथम	ST	आदिम जनजाति छात्राओं के लिए
02.	रामगढ़	03	अनुसूचित जनजाति आवासीय उच्च विद्यालय माण्डू (रामगढ़)	प्रथम	ST	छात्रों के लिए
		04	अनुसूचित जनजाति आवासीय बालिका मध्य विद्यालय गोला (रामगढ़)	प्रथम	ST	छात्राओं के लिए
03.	गिरिडीह	05	अनुसूचित जनजाति आवासीय बालिका उच्च विद्यालय पीरटांड (गिरिडीह)	प्रथम	ST	छात्राओं के लिए
		06	अनुसूचित जाति आवासीय उच्च विद्यालय खरगडीहा (गिरिडीह)	प्रथम	SC	छात्रों के लिए
		07	अनुसूचित जाति आवासीय उच्च विद्यालय जमुआ (गिरिडीह)	प्रथम	SC	छात्रों के लिए
04.	धनबाद	08	अनुसूचित जाति आवासीय उच्च विद्यालय गोविन्दपुर (धनबाद)	प्रथम	SC	छात्रों के लिए
05.	बोकारो	09	अनुसूचित जाति आवासीय उच्च विद्यालय चास, (बोकारो)	प्रथम	SC	छात्रों के लिए
06.	चतरा	10	अनुसूचित जनजाति आवासीय उच्च विद्यालय लावालौंग (चतरा)	प्रथम	ST	छात्रों के लिए
		11	अनुसूचित जाति आवासीय बालिका प्राथमिक विद्यालय सिमरिया (चतरा)	प्रथम	SC	छात्राओं के लिए
		12	अनुसूचित जाति आवासीय प्राथमिक विद्यालय हंटरगंज (चतरा)	प्रथम	SC	छात्राओं के लिए
		13	अनुसूचित जाति आवासीय प्राथमिक विद्यालय प्रतापपुर (चतरा)	प्रथम	SC	छात्राओं के लिए

1. आवेदन–पत्र प्रत्येक कार्य दिवस के दिन प्रातः 10:00 बजे से अपराह्न 3:00 बजे तक संबंधित विद्यालय से प्राप्त किये जायेगें।
2. अनुसूचित जाति के विद्यालयों में अस्वच्छ कार्य मे लगे परिवार के बच्चों के लिए 25% प्रतिशत तथा मुसहर एवं भुईयाँ जाति के बच्चों के लिए 25% प्रतिशत स्थान नामांकन में सुरक्षित रहेगा। उसी प्रकार अनुसूचित जनजाति की सभी उपजातियों के लिए संचालित आवासीय विद्यालयों मे आदिम जनजातियों के लिए नामांकन 25% प्रतिशत स्थान सुरक्षित रहेगा। यदि उक्त कोटि आरक्षित सीटों के लिए / छात्राओं के लिए उपलब्ध नहीं है, तो प्रमण्डलीय उप निदेशक कल्याण, उत्तरी छोटानागपुर प्रमण्डल, हजारीबाग से अनुमोदन प्राप्त कर मेघा सूची से ही अन्य अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजातियों की अन्य उपजातियों के बच्चों का नामांकन आरक्षित सीट के विरूद्ध किया जायेगा।
3. वर्ग प्रथम में नामांकन हेतु मौखिक परीक्षा दिनांक–03.03.2024 को संबंधित विद्यालय मे प्रातः 11:00 बजे पूर्वाह्न में होगी।
4. नामांकन हेतु आवेदन–पत्र जमा करने की अन्तिम तिथि–27.02.2024 निर्धारित है।
5. नामांकन के समय चयनित छात्र / छात्राओं को जाति प्रमाण–पत्र, **BPL** कार्ड अथवा आय प्रमाण–पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।
6. गरीबी रेखा से नीचे आय वाले परिवार के बच्चों को ही नामांकित किया जायेगा। इसके लिए **BPL** की सूची में नाम अंकित होने के आधार पर नामांकन की पात्रता निर्धारित की जायेगी।
7. नामांकन के लिए उम्र सीमा दिनांक–01.04.2024 तक 06 / 07 वर्ष के अन्दर होनी चाहिए। जिन छात्र / छात्राओं के माता–पिता सरकारी नौकरी में कार्यरत है उनके बच्चों के नामांकन हेतु आवेदन–पत्र स्वीकार नही किया जायेगा। इस आशय का घोषणा–पत्र आवेदक के माता / पिता / अभिभावक के द्वारा आवेदन पत्र के साथ जमा करना अनिवार्य होगा। असत्य / फर्जी घोषणा देने वाले अभिभावक के विरूद्ध आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जायेगी।

ह0 / –
(बासुदेव प्रसाद)
उप निदेशक कल्याण,
उत्तरी छोटानागपुर प्रमण्डल, हजारीबाग।

PR 314083 (Welfare) 23-24 (D)

पावर प्लांट में लोहा चोरी करने आये व्यक्ति की मौत

मुकेश कुमार सिंह

लातेहार (आजाद सिपाही)। लातेहार जिला के चंदवा प्रखंड स्थित अभिजीत ग्रुप पावर प्लांट बंद हुए लगभग 10 से 12 साल हो गए हैं और अभिजीत ग्रुप को बैंक ले ली है। बैंक लेने के बाद स्क्रैप कंपनी को स्क्रैप लोहा बेची जा रही है। उसके बाद से चंदवा, बालूमाथ और कई क्षेत्रों के कबाड़ी दुकानदारों को भी लोकल चोरों के द्वारा प्लांट से लोहा चोरी कर बड़े मात्रा में बेची जाती है। ऐसे कोई बार अभिजीत ग्रुप पावर प्लांट से लोहा चोरी करने के दौरान कई लोगों का पूर्व में मौत हो गई है। इधर गुरुवार की रात्रि को भी बंगाल से आए हुए लोहा चोरी करने मुर्शिदाबाद के शमीम अंसारी की भी लोहा चोरी कर ले जाने के क्रम में चोट लगने से अभिजीत ग्रुप पावर प्लांट से सटे हुए बस्ती बसार टोला के पास मौत हो गई है। पूर्व में भी लोहा काटने लोहा ले जाने के क्रम में कई लोगों की मौतें हो चुकी है। सबसे अहम बात यह है कि बंगाल के मुर्शिदाबाद पुरुलिया जैसे जगह से चंदवा बालूमाथ के कबाड़ी दुकानदारों के द्वारा बुलाया जाता है और अभिजीत ग्रुप से लोहा चोरी कर अपने कबाड़ी दुकानों में लेने का काम कराया जाता है ।

इधर पुलिस लोहा चोरी बंद करने का प्रयास तो करती है। पर पूरी तरह बंद नही हो रहा है।

जेजेएमपी के चार सक्रिय सदस्य गिरफ्तार

रवि कुमार गुप्ता

बरवाडीह (आजाद सिपाही)। बरवाडीह प्रखंड के छिपादोहर पुलिस को जेजेएमपी के चार सक्रिय सदस्यों उग्रवादियों को हथियार व वसूली गई लेवी के साथ गिरफ्तारी करने में कामयाबी हासिल हुई है। इस संबंध में छिपादोहर थाना परिसर में बरवाडीह सर्किल इंस्पेक्टर अनिल उरांव ने प्रेस वार्ता कर बताया कि छिपादोहर थाना प्रभारी अभिषेक कुमार को दूरभाष से सूचना मिली कि थाना क्षेत्र के हंसराज टोला के नवीन तिर्की के घर के पास अज्ञात अपराधी हथियार के साथ पहुंच कर ग्रामीणों के साथ गाली गलौज एवं मारपीट कर है।

इस मामले की सत्यापन हेतु सनहा दर्ज कर वरीय पुलिस अधिकारियों को सूचना देते हुए घटनास्थल पर पुलिस टीम के साथ पहुंचने पर पाया गया कि कुछ लोग नवीन तिर्की के घर के बाहर गाली-गलौज व हल्ला कर रहे हैं। पुलिस को आते देख सभी लोग इधर-उधर भागने लगे। लेकिन पुलिस बल की तत्परता से सामदेव सिंह बाबनरिया थाना लातेहार, रामसुंदर सिंह, बाजकूम लातेहार, अख्तर अंसारी एवं लक्ष्मण ठाकुर (दोनों मनकारी लातेहार के रहने वाले) को पकड़ा गया। जबकि पांचवा अभियुक्त मोहन परहिया उर्फ आलोक परहिया (नावाडीह छिपादोहर थाना के रहने वाला) भागने में कामयाब रहा। पकड़े गए चारों अभियुक्तों ने अपने स्वीकारयुक्ति बयान में कहा की वे सभी जेजेएमपी सुप्रीमो पप्पू लोहारा के कहने पर लेवी वसूलने एवं जमीन में कब्जा दिलाने का काम करते हैं। यहां पर अपने संगठन के पुराने साथी मोहन परहिया के कहने पर जमीन कब्जा दिलाने के लिए आए थे। छिपादोहर पुलिस ने पकड़े गए चारों लोगों के पास से चार मोबाइल, एक देशी कट्टा, दो कारतूस, लेवी की 71000 रुपए एवं उपयोग में लाए गए स्विफ्ट कार (जेएच 01 ईजे 3734) बरामद किया है। पकड़े गए जेजेएमपी उग्रवादी के सदस्यों ने बताया कि वे लोग हंसराज टोला के स्व. नंदू परहिया के 5 एकड़ 60 डिसमिल जमीन को मोहन परहिया को कब्जा दिलाने के लिए ग्रामीणों को पिस्टल के नोक पर धमका रहे थे। सर्किल इंस्पेक्टर अनिल उरांव ने बताया कि सभी लोगों को गिरफ्तार कर छिपादोहार थाना में जेजेएमपी सुप्रीमो पप्पू लोहारा, सामदेव सिंह, राम सुंदर सिंह, अख्तर अंसारी, लक्ष्मण ठाकुर, मोहन परहिया के विरुद्ध 17 सीएल आर्म्स एक्ट समेत अन्य सुसंगत धाराओं में मामला दर्ज कर आवश्यक कार्रवाई प्रारंभ किया गया है।

इस छापामारी अभियान में थाना प्रभारी अभिषेक कुमार, पुलिस पदाधिकारी रंजीत राम, काशी माहली समेत पुलिस के कई जवान शामिल थे।

कॉलेज में मनायी गयी रामानुजन की जयंती

लोहरदगा (आजाद सिपाही)। मनोहर लाल अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर इंटर महाविद्यालय लोहरदगा में श्रीनिवास रामानुजन की जयंती मनाई गई कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय के प्राचार्य उत्तम मुखर्जी के द्वारा रामानुजन के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन व पुष्पार्चन कर किया गयो श्रीनिवास रामानुजन की जयंती के अवसर पर छात्र-छात्राओं को रामानुजन के जीवन परिचय और उपलब्धियां से संबंधित डॉक्यूमेंट्री फिल्म दिखाई गई महाविद्यालय के प्राचार्य उत्तम मुखर्जी ने कहा, विपरीत परिस्थितियों में भी मेहनत करने वाला मनुष्य, लक्ष्य को प्राप्त करता है, हमें महापुरुषों की जीवनी से सीख लेनी चाहिऐ उन्होंने आगे कहा कि श्रीनिवास रामानुजन की प्रतिभा ना केवल भारत अपितु पूरे विश्व को गौरवान्वित करती है गणित की आचार्या रश्मि साहू ने रामानुजन के जीवनी और उपलब्धियां पर प्रकाश डाला और कहा कि हमें रामानुजन की संघर्षों और उसके बाद मिली उपलब्धियां से सीख लेनी चाहिऐ कार्यक्रम में प्रीति कुमारी गुप्ता, रेणु कुमारी, यशोदा कुमारी, ऋद्धि मिश्रा, चेतना प्रिया, कविता कुमारी, स्नेहा शर्मा, अर्चना कुमारी, रितेश कुमार पाठक सहित शिक्षक- शिक्षिकाएं एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

अभिराम कॉलेज में क्रिसमस गैदरिंग आयोजित

चंदवा (आजाद सिपाही)। चंदवा स्थित अविराम ग्रामीण विकास स्वयंसेवी संस्थान कॉलेज ऑफ नर्सिंग एंड फामेर्सी हूटाप चंदवा लातेहार में क्रिसमस गैदरिंग मनाया गया। साथ ही कई कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। सर्वपथम कार्यक्रम की शुरआत चरनी के समक्ष दीप जलाई गई साथ ही कॉलेज के बच्चो ने मिलकर रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किया। वही बच्चों द्वारा क्रिसमस कैरोल और कई मनमोहक झांकी प्रस्तुत किए। इस कार्यक्रम में नर्सिंग की प्रिंसिपल मैम ने यीशु के जन्म का संदेश के बारे में बतलाया और सभी को क्रिसमस की बधाई दी। इस कार्यक्रम में नर्सिंग और फामेर्सी के सभी टीचर्स उपस्थित थे। बताते चले कि विराम अभिराम कॉलेज में सभी जनजातीय सभी त्योहार को बेहतर तरीके से बच्चों के बीच प्रस्तुत किए जाते हैं और साथ ही साथ अपने कॉलेज के माध्यम से लोगों तक संदेश पहुंचते हैं कि समाज अपने देश में मिलजुल कर रहे त्योहार मनाने का संदेश देते हैं।

सरकार की हर घर नल जल योजना फेल, ग्रामीणों को नहीं मिल रहा लाभ

आजाद सिपाही संवाददाता

मनिका/ लातेहार । मनिका प्रखंड के मनिका पंचायत स्थित ग्राम नावाडीह में फिर से हर घर नल जल योजना का मामला प्रकाश में आया है। जहां चारमुहान टोला और बांडी पोखर के रहने वाले ग्रामीणों ने ठेकेदार के ऊपर जल मीनार निर्माण में भारी लापरवाही बरतने का आरोप लगाया है। लोगों ने बताया कि पुराना चापाकल जिसका बोर लगभग 150 फिट है। इसी में ठेकेदार ने कनेक्शन कर जल मीनार का निर्माण करवाया है ग्रामीणों ने यह भी बताया कि हम लोगों ने इसका विरोध किया था । फिर भी ठेकेदार जबरदस्ती इसी बोर में कनेक्शन किया है, जलमिनार के कनेक्शन से लोगों के घर पर नल तो लगाया गया है। लेकिन पाइप फटने की वजह से जगह-जगह पर पानी का लीकेज होता है। जलमिनार से हमें पानी की सुविधा नहीं मिल पा रही है और चापाकल से भी पानी नहीं निकल रहा है । ठेकेदार ने बहुत ही कम बोर कर यहां पर जलमिनार का निर्माण करवाया है। ठेकेदार अपना काम पूरा करके यहां से चले जाएंगे लेकिन हमें आज भी पानी की समस्या से जूझना पड़ रहा है। सरकार की नजर में ठेकेदार भले ही योजना को पूरा दिखा रहे हैं । लेकिन हम लोगों को आज भी पानी की समस्या है। जिस पर जिला प्रशासन को संज्ञान लेते हुए ठेकेदार के ऊपर कारवाई करने की जरूरत है। संवेदक सिर्फ योजना को लीपापोती कर पूरा कर रहे हैं। मौके पर ग्रामीण ने सरकार व जिला प्रशासन से योजना की जांच कर कर संवेदक के ऊपर कार्रवाई की मांग की और पानी के लिए सही से सुविधा देने की गुहार लगाया। मौके पर सुमित्रा देवी, रीता देवी, सुषमा देवी, राजेंद्र भुइयां, अरविंद राम, राजेश कुमार, राजू भुइयां, योगेंद्र कुमार, अजीत कुमार, रेखा कुमारी, शीला कुमारी, चांदनी कुमारी, रोनिया देवी, राजू कुमारी समेत कई लोग उपस्थित थे।

146 सांसदों का निष्कासन संविधान के साथ खिलवाड़ हैः सुखदेव भगत

आजाद सिपाही संवाददाता

लोहरदगा। समाहरणालय मैदान के समक्ष केंद्र सरकार के विरोध में महागठबंधन के द्वारा एकदिवसीय धरना प्रदर्शन का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य रूप से इंडिया महागठबंधन घटक दल के सभी पार्टी उपस्थित हुए। मौके पर लोकसभा प्रभारी सुखदेव भगत ने कहा कि भारत सरकार 146 सदन का सांसदों का निष्कासन कर संविधान के साथ खिलवाड़ करने का कार्य किया गया है। जिला अध्यक्ष सुखेर भगत ने कहा कि अभी देश में आघोषित इमरजेंसी लागू है जो भी लोग अडानी अंबानी के खिलाफ में आवाज बुलंद करने में हैं। उसको केंद्र सरकार के द्वारा उसकी आवाज को कुचलने का कार्य किया जा रहा हैं। झामुमो जिला अध्यक्ष मुजम्मिल अहमद ने कहा की केंद्र की भाजपा सरकार अंग्रेजो वाली शासन चला रही है। अब वक्त आ गया है केंद्र सरकार को उखाड़ फेंकने का काम करे। महेश सांवरिया ने कहा कि मोदी सरकार अंग्रेजों के नक्शे कदम पर चल रही है। उसे सत्ता से बाहर करने का आवश्यकता है। कार्यकारी जिला अध्यक्ष शकील अहमद ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी हिंदू मुस्लिम मंदिर मस्जिद में लड़ाकर राज करना चाहती है जो यह देश हित के लिए खतरा है। बिहारी वर्मा ने कहा की महा गठबंधन ही एकमात्र विकल्प है। मौके पर रीना भगत, मोहन दुबे, अनिल उरांव, शंभू प्रजापति, मुजम्मिल अंसारी, विनय उराव, राधा तिर्की, तनवीर गौहर, संजू तुरी, वारिश अंसारी, अफरोज आलम, संतोष उराव आदि उपस्थित थे।

दून स्कूल में खेलकूद प्रतियोगिता आयोजित

बालूमाथ (आजाद सिपाही)। बालूमाथ प्रखंड मुख्यालय स्थित दून सेन्ट्रल पाब्लिक स्कूल में वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमे कब्बडी, खो खो, रस्सी रेस, बिस्कुट रेस, मेंढक रेस, चम्मच रेस, क्रिकेट, बालीबाल प्रतियोगिता शामिल थे। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में स्कूल के डायरेक्टर लाल राघवेन्द्र नाथ शाहदेव मौजूद रहे। प्रतियोगिता में स्कूल के बच्चों ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया। मुख्य अतिथि और दून सेन्ट्रल पाब्लिक स्कूल के शिक्षकों ने विजेता बच्चों को पुरस्कृत कर हौसला बढ़ाया। वहीं स्कुल के बच्चों ने जमकर मस्ती भी किया। कार्यक्रम में अभिषेक मिश्रा, अंजनी मिंज, संध्या कुमारी, अनुपमा कुमारी, मनीषा कुमारी, मनीषा टोप्पो, आर्यन कुमार, सुमाती उरांव, संध्या कुमारी ने प्रतियोगिता में शामिल बच्चों का हौसला उत्साहवर्धन किया। वक्ताओं ने कहा कि खेल से बच्चों का शारीरिक विकास के साथ मानसिक विकास होता है। यह प्रतियोगिता समय-समय पर होना चाहिए।

अवैध बालू लदे ट्रक को पुलिस ने किया जब्त

आजाद सिपाही संवाददाता

भंडरा/ लोहरदगा। अवैध बालू तस्करों के खिलाफ भंडरा पुलिस ने कार्रवाई करते हुए अवैध बालू लदे एक हाईवा को जब्त किया है। बताया जाता है कि शुक्रवार की भंडरा थाना प्रभारी गौतम कुमार को गुप्त सूचना मिली थी कि लोहरदगा बेड़ो मुख्य मार्ग के नंदनी पुल के पास अवैध बालू तस्करों द्वारा हाईवा पर अवैध बालू लादकर उसे दूसरे जिले को भेजा जा रहा है। वहीं सूचना के बाद की गई छापेमारी में भंडरा थाने की पुलिस ने थाना क्षेत्र के नंदनी पुल के पास से बालू लदे एक ट्रक को जब्त किया। हालांकि पुलिस को देखते ही चालक वाहन छोड़कर फरार हो गया। पुलिस चालक एवं वाहन के मालिक सलीम अंसारी ग्राम रहमतनगर सिसई थाना सिसई जिला गुमला के खिलाफ अवैध उत्खनन का मामला दर्ज कर मामले की छानबीन में जुट गई है।

साक्षरता कार्यक्रम मे शिक्षकों को मिला प्रशिक्षण

सेन्हा/ लोहरदगा (आजाद सिपाही)। प्रखंड मुख्यालय स्थित रिसोर्स कक्ष में सरकारी विद्यालय के शिक्षक शिक्षिकाओं को नव भारत साक्षरता कार्यक्रम के अन्तर्गत प्रखंड स्तरीय प्रशिक्षण को दिया गया। वही प्रशिक्षण का संचालन मुख्य रूप से प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी प्रकाश रंजन द्वारा किया गया। प्रशिक्षण में प्रखंड साधन सेवी अम्बिकाशरण पाण्डेय द्वारा जानकारी देते हुए बताया गया की प्रखंड क्षेत्र में जितने भी निरक्षर हैं। सभी को साक्षर बनाने के लिए भारत सरकार द्वारा यह कार्यक्रम चलाया जा रहा है। विद्यालय के चिन्हित शिक्षकों द्वारा समुदाय में स्वयंसेवकों को चिन्हित कर जोड़ने का कार्य किया जा रहा है। वही कार्यक्रम के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई।

महान गणितज्ञ रामानुजन की जयंती पर गणित प्रश्न मंच आयोजित

गणित के क्षेत्र में अविस्मरणीय रहेंगे रामानुजनः संजीव मंडल

आजाद सिपाही संवाददाता

लोहरदगा। सुंदरी देवी सरस्वती शिशु मंदिर लोहरदगा में महान गणितज्ञ रामानुजन की जयंती मनाई गई। इस मौके पर गणित प्रश्न मंच प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। मौके पर संजय कुमार मंडल ने कहा गणित के क्षेत्र में श्रीनिवास रामानुजन का योगदान अविस्मरणीय स्मरणीय है। प्रधानाचार्य सुरेश चंद्र पांडे ने कहा हमारा देश ज्ञान विज्ञान एवं गणित के क्षेत्र में अग्रणी रहा है । गणित के विविध विधाओं में श्रीनिवास रामानुजन का योगदान प्रेरणादाई एवं अनुकरणीय रहा है। विद्यालय के आचार्य नंदकिशोर साहू ने श्रीनिवास रामानुजन के जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उनका जीवन संघर्ष से भरा हुआ था। लेकिन कठोर परिश्रम के बल पर वह पढ़ाई के क्षेत्र में असीम प्रगति की । वे आगे की पढ़ाई के लिए कैंब्रिज विश्वविद्यालय यूनाइटेड किंगडम गए जहां प्रोफेसर हार्डी का भरपूर सहयोग उनको मिला । गणित के कई पुस्तकों की रचना उनके द्वारा किया गया। प्रत्येक कक्षा से प्रथम , द्वितीय तथा तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र प्रधानाचार्य सुरेश चंद्र पांडे द्वारा प्रदान किया गया। आज के इस प्रश्न मंच प्रतियोगिता में विद्यालय के सभी आचार्य बंधु -भगिनी एवं भैया बहन उपस्थित रहे।

जिला नियोजन कार्यालय, लातेहार ने किया एक दिवसीय रोजगार मेला का आयोजन

लातेहार **(आजाद सिपाही)** । जिला नियोजन कार्यालय, लातेहार के द्वारा 'रोजगार आपके द्वार' के तहत जिला खेल स्टेडियम परिसर, लातेहार में एक दिवसीय रोजगार मेला का आयोजन किया गया। जिसमें स्थानीय नियोजको के साथ जिले के बाहर से भी नियोजको ने विभिन्न प्रकार के रिक्तयों के साथ भाग लिया। मेला का शुभारम्भ जिला नियोजन पदाधिकारी, संतोष कुमार के द्वारा किया गया। उन्होने अपने संबोधन में कहा कि आये हुए सभी युवक/ युवतियां अपने इच्छा एवं योग्यता के अनुसार रोजगार पा सकतें है । साथ ही उन्होने निजी नियोजकों को झारखण्ड राज्य के निजी क्षेत्र के स्थानीय उम्मीदवारों का नियोजन अधिनियम 2021 एवं नियमावली 2022 पर भी प्रकाश डाला एवं निजी नियोजकों को इनके प्रावधानों की अनुपालन करने हेतू निर्देशित किया। जिला नियोजन पदाधिकारी, लातेहार ने मेले में आये हुए सभी अभ्यथीर्यों को सभी रिक्तीयों पर ज्यादा से ज्यादा चयन होने हेतु शुभकामना देते हुए अपने सम्बोधन को अंत किया। इस रोजगार मेले में 14 निजी नियोजकों ने भाग लिया। रोजगार मेला में लगभग 250 अभ्यर्थी उपस्थित हुए। जिसमें 77 अभ्यर्थियों का चयन किया गया तथा 48 अभ्यर्थियों को शॉट लिस्ट किया गया है। अभ्यर्थियों के हित को देखते हुए भविष्य में भी रोजगार मेला एवं भर्ती कैम्प का आयोजन जिला नियोजनालय लातेहार के द्वारा निरन्तर किया जाएगा । अभ्यर्थियों से अनुरोध किया गया है कि नियोजनालय से जुड़ कर नियोजनालय के द्वारा दी जाने वाली सुविधाओं का लाभ अधिक से अधिक उठाएं। एवं अपना निबंधन झारनियोजन पोर्टल पर या कार्यालय में आकर निःशुल्क निबंधन अवश्य कराएं। इस रोजगार मेले में जिला नियोजनालय लातेहार के सभी कर्मी उपस्थित थें।

मुखिया का बढ़ा अधिकार : पंचायत सचिव मुखिया को देंगे जरूरी सूचना

संतोष सिन्हा

बालूमाथ (आजाद सिपाही)। राज्य का पंचायती राज निदेशालय अब पंचायत स्तर तक आम जनों को अधिक से अधिक सुविधा पहुंचाने की कवायद में जुट गया है। इस कड़ी में निदेशक स्तर से पत्र जारी कर दिया गया है। इस आदेश के तहत हर दिन पंचायत सचिव को पंचायत भवन जाना अनिवार्य कर दिया गया है। पंचायत सचिवों के लिए अब पंचायत भवन में बायोमेट्रिक अटेंडेंस अनिवार्य कर दिया गया है। पंचायती राज निदेशालय की ओर से सभी जिलों के डीसी, डीडीसी और अन्य को लेटर जारी कर सूचना दे दी गई है। निदेशक निशा उरांव के स्तर से लिखी गयी चिट्ठी में कहा गया है कि पंचायत सचिव अपने निर्धारित दायित्वों के निर्वाहन के लिए पंचायत भवन में उपस्थित रहेंगे। साथ ही आधार आधारित बायोमेट्रिक अटेंडेंस नियमित रूप से दर्ज करायेंगे। एक से अधिक ग्राम पंचायत के प्रभारी होने के मामले में जिला द्वारा निर्गत रोस्टर ड्यूटी की सूचना बीडीओ / पंचायत समिति के कार्यपालक पदाधिकारी संबंधित ग्राम पंचायत के मुखिया को देंगे। साथ ही कहा गया है कि ग्राम पंचायत सचिव आकस्मिक अवकाश के लिए संबंधित पंचायत के मुखिया, प्रभारी मुखिया को सूचना देंगे।

फिर वे पंचायत समिति के कार्यपालक पदाधिकारी को सूचित करेंगे। सचिव को यह अधिकार होगा कि वह आकस्मिक छुट्टी के अलावा बाकी छुट्टियां जरूरतों के मुताबिक मुखिया, प्रभारी मुखिया को सूचित करके लेंगे। जिन ग्राम पंचायतों में बायोमेट्रिक अटेंडेंस प्रणाली के लिए आवश्यक उपकरण नहीं हैं, वहां जल्द ही इसकी व्यवस्था हो। ऐसा होने तक सचिव उपस्थिति पंजी पर अपनी हाजिरी दर्ज करायेंगे।

बीएस कॉलेज लोहरदगा फाइनल में

आजाद सिपाही संवाददाता

लोहरदगा। बीएस कॉलेज में रांची विवि कॉलेज स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता के सेमीफाइनल मुकाबले सम्पन्न हुए। सेमीफाइनल के दो मैचों में बी एस कॉलेज और एसएस मेमोरियल कॉलेज ने अपने-अपने मैच जीत कर फाइनल के लिए प्रवेश किया। आज बी एस कॉलेज स्टेडियम में दोनों टीमें खिताबी ट्रॉफी के लिए आमने सामने होंगी। सेमीफाइनल के पहले मैच में गोस्सनर कॉलेज की टीम ने टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी करते हुए बी एस कॉलेज लोहरदगा के खिलाफ 33.2 ओवर में 10 विकेट खो कर 136 रन बनाए। गोस्सनर कॉलेज के प्रभात ने सबसे अधिक 26 रन बनाए। बीएस कॉलेज ने 22.2 ओवर में 3 विकेट खो कर लक्ष्य हासिल कर लिया। बीएस कॉलेज के सुमित नाबाद 54 रन बनाकर सर्वाधिक स्कोरर रहे, जबकि गोस्सनर कॉलेज के उत्कर्ष ने 10 रन देकर 2 विकेट हासिल किया। बी एस कॉलेज के सुमित को उनके ऑलराउंड प्रदर्शन के लिए मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार दिया गया। सेमीफाइनल के दूसरे मैच में मारवाड़ी कॉलेज ने टॉस जीत कर एसएस मेमोरियल कॉलेज को पहले बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित किया। एसएस मेमोरियल कॉलेज ने 35 ओवर में 9 विकेट पर 321 रन बनाए, जिसमें सुशांत सिंह ने 80 और मनीष उरांव ने 52 रनों का योगदान दिया। लक्ष्य का पीछा करते हुए मारवाड़ी कॉलेज की टीम ने निर्धारित 35 ओवर में 9 विकेट खो कर 252 रन बनाए। मारवाड़ी कॉलेज के बल्लेबाज प्रशांत कुमार नाबाद 101 रन बनाकर सर्वाधिक स्कोरर रहे। एसएस मेमोरियल के सुशांत सिंह को उनके शानदार प्रदर्शन के लिए मैन ऑफ द मैच दिया गया। सेमीफाइनल की दोनों विजेता टीमें बीएस कॉलेज और एसएस मेमोरियल कॉलेज कल फाइनल मुकाबले के लिए आपस में भिड़ेंगी। उल्लेखनीय है कि रांची विवि कॉलेज स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता में पहली बार बीएस कॉलेज ने फाइनल में प्रवेश किया है। इसको लेकर कॉलेज के सभी शिक्षकों व शिक्षकेत्तर कर्मियों सहित कॉलेज के सभी विद्यार्थियों में उत्साह का माहौल है।

मुआवजा की मांग को लेकर किया गया सड़क जाम

आजाद सिपाही संवाददाता

बसिया। थानांतर्गत कोनबीर ऊपर चौक में शुक्रवार को दुर्घटना उपरांत मुआवजा राशि को लेकर परिजनों द्वारा मृतक के शव के साथ एक घंटा सड़क जाम किया गया। स्थानीय लोगो ने कहा कि बस ड्राइवर बहुत तेजी ओर लापरवाही से चलाकर 16 वर्षीय सुनील सोरेंग को अपनी चपेट में ले लिया जिससे उसकी मौत हो गयी। सड़क जाम की सूचना पर जिला परिषद सदस्य बसंती डुंगडुंग, मुखिया अमृता देवी, इंस्पेक्टर एसएन मंडल, थाना प्रभारी छोटु उरांव एसआई अजय रजक जाम स्थल पर पहुंचे। इसके उपरांत इंस्पेक्टर एसएन मंडल, जिला परिषद सदस्य बसंती डुंगडुंग, मुखिया अमृता देवी द्वारा जामकताओं को समझा बुझाकर जाम हटवाया गया। जामकताओं की मांग पर थाना प्रभारी छोटु उरांव द्वारा मृतक के परिजनों को अंतिम संस्कार के लिए पांच हजार रुपया नगद दिया गया। जबकि मुखिया अमृता देवी एवं इंस्पेक्टर एसएन मण्डल द्वारा दस दस हजार रुपया का आश्वासन दिया गया। जनप्रतिनिधियों एवं पुलिस पदाधिकारियों द्वारा समझाने और हरसंभव मदद का आश्वासन भी दिया गया।

आइएनडीआइए गठबंधन ने सांसदों के निलंबन को लेकर दिया धरना

निरंकुश है केंद्र की सरकार: चैतू

आजाद सिपाही संवाददाता

गुमला। जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष चैतू उरांव की अध्यक्षता में कचहरी परिसर गुमला स्थित हड़ताली पेड़ के समीप आइएनडीआइए गठबंधन ने केंद्र सरकार की गलत नीतियों के विरोध में धरना प्रदर्शन किया। जिला कांग्रेस कमिटी के द्वारा जिला मुख्यालय में इंडिया यानी इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इंक्लूसिव अलायन्स, के सहयोगी दलों के साथ मिलकर केन्द्र की तानाशाही मोदी सरकार द्वारा 142 सांसदों की निलंबन एवं लोकतंत्र को बेहरमी से खत्म करने के खिलाफ यह सामूहिक विरोध प्रदर्शन हुआ। धरना प्रदर्शन की अध्यक्षता वरिष्ठ कांग्रेसी बैरागी उरांव ने की। इस दौरान कांग्रेस जिला अध्यक्ष चैतू उरांव ने कहा कि केंद्रीय सत्ता पर बैठी भाजपा सरकार निरंकुश और तानाशाह है।

उसे भारत के लोकतंत्र की कोई परवाह नहीं। भाजपा चाहती है कि वह केवल अपने मन की करें। उसे भारतीय नागरिकों की भावनाओं से कोई लेना-देना नहीं। उन्होंने कहा कि इंडिया गठबंधन इसका विरोध करती है। वही जिला कांग्रेस के महासचिव मोहम्मद फिरोज आलम ने कहा कि अगर केंद्र सरकार अपने इस गलत रवैया से बाज नहीं आती है तो उसे आईना दिखाने के लिए चरणबद्ध आंदोलन किया जाएगा। वही महासचिव रामनिवास प्रसाद ने कहा कि भाजपा गैर संवैधानिक कामों में बढ़-चढ़कर हिस्सा देती है और उसने हमेशा भारत के आम नागरिकों की भावनाओं को आहत किया है। भाकपा के गजेंद्र सिंह ने कहा कि इस प्रकार के गैर संवैधानिक तरीके से निर्णय लेने वाली सरकार को उखाड़ फेंकना जरूरी है। मौके पर भाकपा के बसंत गोप, आदिवासी कांग्रेस के लेथे उरांव, युवा कांग्रेस के आजाद अंसारी, चंद्रशेखर उरांव, तरुण गोप, लालू कल्लू, अकील रहमान, अरुण गुप्ता, वेलसाजर, मनीष तिर्की, निलेश उरांव, जयंती टोप्पो, गुलाम सरवर, हंदू भगत, संजय गोप, मिनहाज अंसारी, बिंदेश्वर साहू, सांझो लकड़ा सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित है।

श्रीनिवास रामानुजन के जन्मदिन पर लगा गणित प्रेमी छात्र-छात्राओं का जमावड़ा

गुमला (आजाद सिपाही)। गुमला पॉलिटेक्निक ने महान गणितज्ञ श्रीनिवास रामानुजन की 136वीं जयंती के उपलक्ष्य में राष्ट्रीय गणित दिवस मनाया। कार्यक्रम में गणित के क्षेत्र में रामानुजन के बेजोड़ योगदान को श्रद्धांजलि दी गई। संस्थान के गणित विभाग ने एक दिवसीय विविध बौद्धिक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया। इनमें सुबह 9:00 बजे से शाम 4:00 बजे तक वैदिक गणित प्रतियोगिता, ड्राइंग प्रतियोगिता, भाषण प्रतियोगिता और एक उत्तेजक प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता शामिल थी। इन प्रतियोगिताओं में गुमला जिले के विभिन्न विद्यालयों के सौ से अधिक छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों ने भाग लिया। प्रतियोगिताओं में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को नकद पुरस्कार एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। संस्थान के मुख्य प्रशासनिक अधिकारी अजीत कुमार शुक्ल ने कहा कि 22 दिसंबर, 1887 को जन्मे श्रीनिवास रामानुजन भारत के एक स्व-सिखाया गणितीय प्रतिभावान व्यक्ति थे। संख्या सिद्धांत, निरंतर भिन्न और अनंत श्रृंखला में उनके बेजोड़ योगदान ने उन्हें वैश्विक पहचान दिलाई। प्राचार्य डॉ. शीबा नारायण साहू ने अपने संबोधन में विश्लेषणात्मक सोच और समस्या-समाधान कौशल को आकार देने में गणित के महत्व को दोहराया तथा छात्रों से इसके सार्वभौमिक अनुप्रयोग की सराहना करने का आग्रह किया। संस्थान के निदेशक अभिजीत कुमार राष्ट्रीय गणित दिवस के अवसर पर कार्यक्रम में ऑनलाइन शामिल हुए और युवा पीढ़ी को गणित सीखने के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण अपनाने और समाज के शिक्षकों को इसके प्रति प्रेरित करने और जागरूक करने पर जोर दिया।

खलिहान में रखे धान को जलाया

आजाद सिपाही संवाददाता

गुमला। सदर थाना क्षेत्र के कुलाबीरा पंचायत स्थित पंडरिया गांव में बुधारा खड़िया का खलिहान में रखे धान का गांज में आग लगा दी गई। बुधारा ने आरोप लगाया है कि करमा खड़िया वगैरह के द्वारा ग्रुप बनाकर लगभग 45 क्विंटल धान को हरवे हथियार से लैस होकर 20 दिसंबर रात्रि में जला दिया गया । बुधरा खड़िया द्वारा धान जलाने वालों पर गुमला थाना में 21 दिसंबर को केस दायर किया गया और दोषियों पर कठोर कार्रवाई करते हुए क्षतिपूर्ति दिलाने की मांग पुलिस प्रशासन से की गई है । बुधरा की माने तो करमा खड़िया वगैरह लाठी के बल पर खाता नंबर 68 प्लॉट 448 और रकबा करीब 1 एकड़ 17 डसिमल को जबरन कब्जा करने की नीयत से दावेदारी किया जाता है। बुधरा खड़िया ने अपने आवेदन में यह भी कहा है कि गैर कानूनी तरीके से कब्जा करने के नियत से करमा खड़िया द्वारा जमीन पर दावेदारी के बाबत 20 दिसंबर 2023 को जमीन संबंधी मामले निपटाने के लिए आयोजित गुमला थाना दिवस के दिन गुमला अंचलाधिकारी व गुमला पुलिस की मौजूदगी में निपटारा शांतिपूर्ण व सर्व सहमति से कर दिया गया था, लेकिन गांव के ही कुछ दबंग लोगों का साथ लेकर जान मारने के नियत से 20 दिसंबर 2023 को ही रात्रि में ही उसके घर को घेराबंदी कर खलियान में रखा गया धान का गांज को जला दिया गया । रात में खबर करते ही गुमला पुलिस पंडरिया गांव पहुंच गई थी तब जाकर घर घेराबंदी करने वाले पुलिस को देखकर भागे और हमलोग पुलिस के मदद से खलियान जाकर देखें तो पता चला कि सभी धान जलकर राख हो चुका था, जिसका मूल्य करीब 90 हजार रुपया होगा। बुधरा खड़िया ने कहा है कि हम कानून को मानने वाले लोग हैं जिसका फायदा उठाकर हमें दबाने का प्रयास किया जा रहा है। इस बाबत दोषियों पर जांचोपरांत कड़ी कार्रवाई करते हुए पुत्र-पुत्री की जान का सुरक्षा की भी गुहार लगाई है।

बजरंग दल ने सौंपा अक्षत और निमंत्रण पत्र

भरनो (आजाद सिपाही)। विहिप बजरंग दल अध्यक्ष सुदामा केशरी के नेतृत्व में शुक्रवार को बाजार टांड़ भरनो स्थित श्रीहनुमान मंदिर में विधिवत पूजा अर्चना के बाद अयोध्या से आये अक्षत और निमंत्रण पत्र को विहिप बजरंग दल के द्वारा प्रखण्ड के सभी 12 पंचायत के कार्यकताओं के बीच कारसेवक गया प्रसाद केशरी,शिव सिंह,महावीर सिंह,बजरंग दल अध्यक्ष सुदामा केशरी एवं संजय गुप्ता ने कार्यकर्ताओ को अक्षत व निमंत्रण पत्र सौंपा। सभी पंचायत के कार्यकर्ता 69 गॉवो में घूमकर सभी सनातनी लोगो के घर मे रामलला का अक्षत और निमंत्रण बांटेंगे।मौके पर बजरंग प्रखण्ड अध्यक्ष सुदामा केशरी ने बताया कि आगामी 22 जनवरी 2024 को अयोध्या में श्रीराम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर प्रखंड के सभी मंदिरों को सजाया जायेगा।

नगर परिषद ने रोड किनारे लग रही दुकानों को हटाया

आजाद सिपाही संवाददाता

गुमला। जशपुर रोड के किनारे लगा रहे सब्जी दुकानदारों से नगर परिषद प्रशासन ने शुक्रवार को जुमार्ना वसूला। इस संबंध में नगर प्रशासक ने बताया कि पूर्व से कई चेतावनी, सूचना और माइक से एलान कराने के बाद भी जशपुर रोड के किनारे कुछ लगा लगातार सब्जी व अन्य दुकान लगा रहे थे। शुक्रवार को सब्जी विक्रेताओं व अन्य दुकानदारों को सड़क के किनारे से हटाते हुए कुछ लोगों पे लगभग 6000 का सांकेतिक जुमार्ना लगाया गया। साथ ही सख्त चेतावनी दी गई कि किसी भी हाल में सड़क के किनारे अपनी दुकान संचालित न करे। चेताया गया कि सड़क के किनारे पुनः दूकान लगाते हुए पकड़े जानें पर जुमार्ना के रुप में मोटी रकम वसूली जाएगी। ये भी संभव है कि उनका सामान जब्त करते हुए अग्रेतर कारवाई की जाय। कुछ दुकानदारों ने स्थल नहीं होने की बात कही। इस पर त्वरित कार्रवाई करते हुए जिन दुकानदारों को पूर्व से स्थल आवंटित नहीं की गई थी उन्हें दुकान भी आवंटित किया गया।

दो दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता का समापन

घाघरा (आजाद सिपाही)। जनहित जन विकास संस्थान द्वारा घाघरा पाकरटोली स्थित गोपाल साहू पब्लिक स्कूल के प्रांगण में चल रहे दो दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता का समापन शुक्रवार को किया गया। समापन समारोह के मुख्य अतिथि भाजयुमो अध्यक्ष आशीष कुमार सोनी व विशिष्ट अतिथि स्थानीय पत्रकार प्रवीण विक्की मुख्य रूप से शामिल हुए। कार्यक्रम की शुरूआत मां सरस्वती और स्व. गोपाल साहू के चित्र पर अतिथियों द्वारा पुष्पअर्पित व दीप प्रज्वजलित किया गया। मौके पर उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए भाजयूमो अध्यक्ष आशीष कुमार सोनी ने कहा कि शारीरिक शिक्षा का पुरजोर महत्व विद्यालय में दिया जाने लगा है। जिससे बच्चों में अतिरिक्त शिक्षा का विकास तेजी से ह्यो रह है। वहीं मौजुद पत्रकार प्रवीण विक्की ने प्रतिभागी बच्चों को कहा की खेल को खेल की भावना से खेले, हारे हुए टीम वह प्रतिभागी को हताश न होकर निरंतर प्रयासरत रहने की जरूरत है। वही अतिथियो द्वारा विजेता उपविजेता और तृतीय स्थान तक आने वाले प्रतिभागियों और टीमो को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इसके पूर्व अतिथियों ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया। आयोजक संस्थान द्वारा बच्चों के बीच फुटबॉल, क्रिकेट, कबड्डी, 100 मीटर रेस, 200 मीटर रेस सहित कई अन्य तरह की प्रतियोगिता कराई गई। मौके पर उपस्थित लोगों में विद्यालय के निदेशक नीरज कुमार साहू, शुभम कुमार, शिक्षक शिक्षिका छात्र-छात्रा व अभिभावक उपस्थित थे।

जनता दरबार में हो रहा लोगों की समस्याओं का समाधान: बसंती

आजाद सिपाही संवाददाता

बसिया। प्रखंड के ईटाम पंचायत भवन परिसर में झारखंड सरकार के निदेर्शानुसार आपकी योजना आपके सरकार आपके द्वार के तहत पंचायत स्तरीय शिविर का आयोजन शुक्रवार को किया गया। इस शिविर में बतौर मुख्य अथिति जिला परिषद सदस्य बसंती डुंगडुंग, बीडीओ सुप्रिया भगत द्वारा ईटाम पंचायत के लाभुकों के बीच पेंशन का पीपीओ, कम्बल, सावित्री बाई फुले योजना, धोती साड़ी, छात्रवृति, सायकिल , खाद्यान्न बीज, बीज आदि परिसम्पतियों का वितरण किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला परिषद सदस्य बसंती डुंगडुंग ने ग्रामीणों को कहा कि वे आप लोग जनता दरबार का फायदा उठाइये। मिले हुए परिसम्पतियों का अच्छे से उपयोग करे पीपीओ को सुरक्षित रखे। छात्र छात्रवृति और सायकल का उपयोग अपने शिक्षण कार्य मे करे। उन्होंने सरकारी योजनाओं की जानकारी देते लोगो को अधिक से अधिक सरकारी योजनाओं का लाभ लेने का भी अपील किया। जिप सदस्य बसंती डुंगडुंग द्वारा क्रिसमस ओर नववर्ष की की शुभकामनाएं भी दिया गया। कार्यक्रम संचालन एई दिवाकर केसरी द्वारा किया गया। इस मौके पर मुखिया अनीमा डुंगडुंग, तुरबुङ्ग मुखिया फिलिसिता टोप्पो, प्रखंड पशुपालन पदाधिकारी डॉक्टर सूर्यवंश ठाकुर, अलीम खान, विकास साहू, मुकेश गोप, समेत विभागीय पदाधिकारी, कर्मचारी एवं सैकड़ो ग्रामीण उपस्थित थे।

डीएवी पब्लिक स्कूल में गणित दिवस पर कार्यक्रम आयोजित

आजाद सिपाही संवाददाता

गुमला। राष्ट्रीय गणित दिवस के अवसर पर डीएवी पब्लिक स्कूल गुमला में गणित सप्ताह की कड़ी के रूप में शुक्रवार को गणित दिवस मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ महान गणितज्ञ श्रीनिवास रामानुजन के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन तथा पुष्पार्चन के साथ हुआ। इस अवसर पर प्रधानाचार्य डा रमाकान्त साहु ने सभी शिक्षकों तथा विद्यार्थियों को राष्ट्रीय गणित दिवस की बधाई दी और कहा कि लोगो को गणित की महता बताना और उसके प्रति जागरूक करना ही इस दिवस का उद्देश्य है। उन्होंने कहा कि यदि आप गणित विषय में अच्छे हैं तो आप सभी विषयों में अच्छा प्रदर्शन करेंगे, क्योंकि गणित के साथ आपकी लॉजिकल सोच भी विकसित होती है। पीके मोहंती ने कहा कि हर साल 22 दिसंबर को भारत के महान गणितज्ञ रामानुजन के जन्मदिन पर गणित दिवस मनाया जाता है। रामानुजन ने गणित के क्षेत्र में अपना बहुमूल्य योगदान दिया है। शैलेंद्र कुमार सिंह ने कहा की गणित हम सभी के जीवन में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। आशीष कुमार मिश्रा ने कहा कि गणित हमारे जीवन का एक अभिन्न अंग है। इस अवसर पर विद्यालय के गणित विभाग के तत्वावधान में षष्ठ से कक्षा अष्टम के लिए गणितीय मॉडल निर्माण प्रतियोगिता जिसमें सौरभ प्रसाद ने प्रथम, शौर्य केसरी ने द्वितीय एवं ख्याति मंत्री पल्लवी जसवाल तथा सौम्य प्रकाश एवं सिद्धार्थ राव ने तृतीय स्थान प्राप्त किया. कक्षा नवम एवं एकादश के लिए मैथ्स एक्जीबिशन आयोजित किया गया।

डीलिस्टिंग रीलिस्टिंग आदिवासियों को आपस में लड़ाने की राजनीति: हेमंत

गुमला (आजाद सिपाही)। डीलिस्टिंग रीलिस्टिंग मामले को लेकर झारखंड क्रिश्चियन यूथ एसोसिएशन गुमला के अध्यक्ष हेमंत कुमार ने कहा कि यह आदिवासियों को आपस में लड़ाने की राजनीति है। सबसे अहम सवाल है की डीस्टिंग की मांग करने वाले लोग कौन हैं लोग जो प्रकृति पूजक आदिवासी समुदाय के लिए अलग धर्म कोड़ पर चुप रहते हैं। जो देश में आदिवासियों के शोषण उत्पीड़न जुल्म और जमीन की लूट पर चुप रहते हैं। आदिवासी समुदाय के राजनीतिक हिस्सेदारी प्रतिनिधित्व आरक्षण, नौकरी, जमीन हड़पने के मांग पर कुर्मी महतो जाति के द्वारा आदिवासी बनने की मांग पर भी शांत रहते हैं। झारखंड में नगर निकाय चुनाव में पांचवी अनुसूचित क्षेत्र में आदिवासी सीटें छीने जाने आदिवासी समुदाय के सभी विशिष्ट कानून जो संविधान प्रदत है उसको खत्म करने के लिए समान नागरिक संहिता जैसे कानून भारत सरकार ला रही है। आदिवासी पुरुषों द्वारा गैर आदिवासी महिलाओं और आदिवासी महिलाओं द्वारा गैर आदिवासी पुरुषों से विवाह करने या संबंध रखने संतान उत्पत्ति करने छत्तीसगढ़ मणिपुर मध्य प्रदेश झारखंड में आदिवासियों के ऊपर हमला किया जा रहा है। इन सभी बातों पर चुप रहते हैं।हो सियाना तिर्की और उपाध्यक्ष रोबोट टोप्पो ने कहा यह लोग आदिवासियों पर टारगेट करते हैं लेकिन हिंदू, मुस्लिम ,सिख बौद्ध, जैन धर्म में किए गए आदिवासियों को लेकर चुप रहते हैं। यह लोग वनवासी कल्याण केंद्र राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ हिंदूवादी संगठनों और भाजपा की गोद में बैठकर डिलिस्टिंग बोलते हैं। प्रेस वार्ता में अध्यक्ष हेमंत कुमार, सुनील कुमार, एंथोनी लकड़ा, रॉबर्ट टोप्पो सेत कुमार एक्का उपस्थित थे।

ग्रामीणों में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने की है आवश्यकता: डीएफओ

आजाद सिपाही संवाददाता

गुमला। वन प्रमंडल पदाधिकारी गुमला के निदेर्शानुसार रेडी के बीट के सिलम पतराटोली में निशुल्क चिकित्सा जांच शिविर का आयोजन किया गया। जांच में डॉक्टर अरुण कुजूर के द्वारा ब्लड प्रेशर शुगर बुखार दस्त मलेरिया जैसे बीमारियों का जांच किया गया। विभाग की ओर से मल्टीविटामिन फोलिक एसिड कैल्शियम अल्मोराजोल किशोरियों को नैपकिन आयरन की गोली दी गई। महिलाओं को रागी के लड्डू का वितरण किया गया। लगभग 100 लोगों की जांच एवं 100 लोगों के बीच दवा का वितरण किया गया। वहीं महिलाओं को स्वास्थ्य संबंधित जानकारी भी प्रदान की गई। कार्यक्रम में स्वास्थ्य विभाग एवं वन विभाग की ओर से डॉक्टर अरुण कुजूर, अनिरुद्ध चौबे समन्वयक कार्यक्रम वन विभाग, अभय प्रसाद, वन प्रमंडल गुमला, मुनेश्वर राम, वनरक्षी, हेमराज उरांव, प्रभारी वनपाल, प्रभावती कुमारी, अनिता लकड़ा, ज्योति केरकेट्टा, अब्राहम मिंज, मदन कुमार, गीता लकड़ा सहित सीलम, पतराटोली, वन प्रबंधन समिति के अध्यक्ष माइकल एक्का सहित समिति के सदस्य एवं ग्रामीण उपस्थित थे।

आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम आयोजित

आजाद सिपाही संवाददाता

बिशुनपुर । प्रखंड के सिरका पंचायत स्थित आदिम जनजाति बहुल पठारी क्षेत्र हडूप में आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन प्रखंड प्रशासन के द्वारा आयोजित किया गया। जहां मुख्य रूप से गुमला पुलिस अधीक्षक का नंबर हरविंदर कुमार सिंह पुलिस अधीक्षक अभियान मनीष कुमार बन बीडीओ छंदा भट्टाचार्य सीओ धनंजय पाठक एवं स्थानीय जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। पुलिस अधीक्षक ने संबोधित करते हुए कहा कि आज युवा पीढ़ी नशा का सेवन कर अपनी राह से भटक रहे हैं जो निश्चित रूप से चिंता का विषय है उन्होंने आदिम जनजाति एवं युवा पीढ़ी से अपील करते हुए कहा कि सर्वप्रथम युवाओं को नशा के सेवन से बचना चाहिए। कार्यक्रम में अबुआ आवास 40 आपूर्ति विभाग 110 मनरेगा एंम बाल विकास परियोजना 60 आंचल 65 श्रम विभाग 32 122 लोगों लोगों का स्वास्थ्य जांच एवं दवा वितरण पशुपालन विभाग में 54 निर्वाचन 8 एवं अन्य विभागों से कुल 820 आवेदन प्राप्त हुए । फूलों झरनों योजना के तहत 5 लाख राशि का वितरण सीसी लिंकेज के तहत महिला समूह को कल 3 लाख परिसंपत्ति का वितरण किया गया।

पालकोट (आजाद सिपाही)। प्रखंड अंतर्गत पोजेंगा में आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विधायक भूषण बाड़ा उपस्थित थे। मौके पर विधायक ने कहा कि राज्य सरकार के साथ मिलकर क्षेत्र में विकास को जड़ें को सींचने का काम किया जा रहा है। हमारे पुरखों, बाफ दादाओं के सपनों को साकार करते हुए पालकोट प्रखंड को सतत विकास की ओर ले जाने का कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के विकास में यहां के गरीब, मजदूर, किसान, महिलाएं, युवा, बुजुर्ग माता, वयापारी सभी को ध्यान में रखा जा रहा है।

संत मरियम के सभी कर्मी परिवार के अभिन्न सदस्य : अविनाश देव

आजाद सिपाही संवाददाता

मेदिनीनगर। ठंड के बढ़ते प्रकोप को देखते हुए संत मरियम स्कूल प्रबंधन ने अपने सभी बस चालक एवं सह चालक को ऊनी स्वेटर प्रदान किया। स्कूल के चेयरमैन अविनाश देव ने कहा कि इस कपकपाती ठंड में आप सभी सुरक्षित रहें और बच्चों को भी सही सलामत स्कूल और घर तक पहुंचाए। अपने शरीर को यथासंभव ठंड से बचाए तभी स्वस्थ रह सकेंगे और अपना कार्य बेहतर ढंग से कर पाएंगे। हम सभी विद्यालय परिवार के सदस्य हैं। यहां काम करने वाले सभी लोगों के सुख-दुःख में विद्यालय परिवार सदैव शामिल रहा है और रहेगा।

एमकेडीएवी में याद किये गये गणितज्ञ श्रीनिवास रामानुजन

मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)। एमकेडीएवी पब्लिक स्कूल में प्रसिद्ध गणितज्ञ श्रीनिवास रामानुजन की जयंती धूमधाम से मनाई गई। विद्यालय की प्रातः कालीन प्रार्थना सभा में प्राचार्य डॉ जीएन खान ने वरिष्ठ एवं गणित शिक्षकों के साथ रामानुजन जी के चित्र के समक्ष वेद मंत्रोचार के बीच दीप प्रज्वलन कर एवं पुष्प अर्पित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। डॉ जीएन खान ने कहा कि गणित विषय सभी विषयों में कठिन मानी जाती है। किसी भी परीक्षा के लिए गणितीय ज्ञान परम आवश्यक है। श्रीनिवास रामानुजन जी जैसे अनेक गणितज्ञों ने अपने ज्ञान एवं प्रतिभा के बल पर गणित को अत्यंत सुगम एवं सरल बनाया, जिससे आप विद्यार्थी लाभ उठाकर अपने जीवन में सफलता प्राप्त करते हैं और भविष्य निर्माण करते हैं। श्रीनिवास रामानुजन जी के योगदान को हमेशा याद रखा जाएगा। ज्ञात हो कि आगामी शनिवार को पाठ्य सहगामी क्रियाकलाप में गणित प्रश्नोत्तरी का भी कार्यक्रम रखा गया है। इस दिन कीप्रार्थना सभा की समस्त गतिविधियां भी श्रीनिवास रामानुजन जी पर आधारित थी। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक राज किशोर राणा और संयोजक कन्हैया राय थे। वेद मंत्रोचार शिक्षक अरविंद कुमार एवं दिनेश दूबे ने किया।

प्रभार संभालते ही हुसैनाबाद एसडीओ अशीष गंगवार ने किया अस्पताल का निरीक्षण

हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)। अनुमंडल के प्रशिक्षु आइएएस सह नवपदस्थापित एसडीओ अशीष गंगवार ने शुक्रवार को निवर्तमान अनुमंडल पदाधिकारी कमलेश्वर नारायन से प्रभार ग्रहण किया। प्रभार संभालने के बाज ही अनुमंडलीय अस्पताल का निरीक्षण किया। इस दौरान इमरजेंसी वार्ड, डिलीवरी वार्ड, दवा वितरण कक्ष, 108 एबुलेंस सेवा अस्पताल परिसर में लगे ऑक्सीजन प्लांट, लैब की जानकारी ली। साथ ही स्वास्थ उपाधीक्षक डॉक्टर दीपक कुमार से आयुष्मान कार्ड व स्वास्थ्य सहिया को समय पर मिलने वाले मानदेय की जानकारी ली। उन्होंने स्वास्थ्य उपाधीक्षक से अस्पताल की साफ-सफाई ,पेयजल, शौचालय और नियमित रूप से चिकित्सकों को रहने का निर्देश दिया। मौके पर तत्कालीन एसडीओ कमलेश्वर नारायन, अंचल पदाधिकारी धनंजय गुप्ता, बीडीओ रोशन कुमार, नगर पंचायत के कार्यपालक पदाधिकारी विपुल सन्नी, स्वास्थ्य उपाधीक्षक दीपक कुमार, नगर प्रबंधक हिमानी बाड़ा, बीपीएम विभूति कुमार आदि उपस्थित थे।

सौगात : विधायक ने आहर और सड़क का किया शिलान्यास

उन्नत सड़कें ही विकास का पैमाना: डॉ शशिभूषण

आजाद सिपाही संवाददाता

पांकी/पलामू। विधायक डॉ शशिभूषण मेहता ने शुक्रवार को पांकी के मंगलपुर और सोरठ में आहर और तेतराईं मेन रोड से धानुक टोला होते शेख मोहल्ला तक वर्षों से उपेक्षित पथ के निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। विधायक ने उपस्थित ग्रामीणों से कार्य में निगरानी रखने की अपील की। कहा कि उन्नत सड़कें ही विकास का पैमाना तय करती है। उक्त सड़क का आजादी के बाद से अब तक निर्माण कार्य नहीं कराया जा सका था। यह पूर्व के जनप्रतिनिधियों की उपेक्षा को दर्शाता है। अब हर सड़क को उन्नत बनाया जाएगा। मौके पर निर्मल मेहता, श्यामनंदन ओझा, साधु मांझी, राजेंद्र यादव, शत्रुघ्न सिंह, प्रसिद्ध सिंह, धनुषदेव सिंह, विनोद यादव, विश्वनाथ साव, प्रमोद चौरसिया, ज्ञानी सिंह, कार्तिक सिंह आदि मौजूद थे।

सड़क निर्माण कार्य का शिलान्यास करते पांकी विधायक डॉ शशिभूषण मेहता।

महान गणितज्ञ रामानुजन की जयंती पर गणित प्रदर्शनी आयोजित

हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)। जपला सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में महान गणितज्ञ श्रीनिवासन रामानुजन के जयंती पर राष्ट्रीय गणित दिवस सह गणित प्रदर्शनी एवं गणित प्रश्नोत्तरी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ जपला डिग्री कॉलेज के गणित विभागाध्यक्ष अरुण कुमार सिंह, अध्यक्ष डॉ शिवप्रसाद मेहता, उपाध्यक्ष सत्येंद्र चंदेल, सचिव राकेश कुमार तिवारी, समिति सदस्य विनय शर्मा, प्रधानाचार्य कृष्णकांत दूबे और प्रभारी प्रधानाचार्य अखिलेश विश्वकर्मा ने संयुक्त रूप से किया। इसके बाद प्रधानाचार्य कृष्णकांत दूबे ने अतिथियों का परिचय कराया और अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया। उन्होंने विषय प्रवेश कराते हुए कहा कि श्रीनिवास रामानुजन भारत के महानतम गणितीय प्रतिभाओं में से एक थे। उन्होंने संख्याओं के विश्लेषणात्मक सिद्धांत में महत्वपूर्ण योगदान दिया। वहीं अरुण सिंह ने बच्चों को महान गणितज्ञ श्रीनिवास अयंगर रामानुजन की जीवनी से परिचय कराया। कहा कि महज 12 साल की उम्र में ही रामानुजन ने अपनी योग्यता साबित कर दी थी। हमें रामानुजन की जिंदगी व उनके कार्यों से सीख लेनी चाहिए। इस दौरान शिशु, बाल, किशोर वर्ग के छात्र-छात्राओं के लिए गणित प्रदर्शनी एवं गणित प्रश्नोत्तरी का आयोजन किया गया। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वालों को पुरस्कृत किया गया।

कुशानारायनपुर के ग्रामीणों ने प्रधानाध्यापक पर लगाया एमडीएम का चावल बेचने का आरोप

आजाद सिपाही संवाददाता

हुसैनाबाद। प्रखंड क्षेत्र के पथरा पंचायत अंतर्गत राजकीयकृत प्राथमिक विद्यालय कुशा नारायणपुर के प्रधानाध्यापक शाने अहमद पर स्थानीय ग्रामीणों ने मध्याह्न भोजन के चावल की कालाबाजारी कर बेचने का आरोप लगाया है। जानकारी के अनुसार शुक्रवार की सुबह ग्रामीणों ने विद्यालय से एक वाहन पर मध्याह्न भोजन का करीब पांच बोरा (250 केजी) चावल ले जाते देखा। ग्रामीणों ने इसकी सूचना मुखिया नरेश पासवान को दी। लेकिन मुखिया के विद्यालय पहुंचने से पहले ही राशन लेकर वाहन फरार हो गया था। मुखिया ने बताया कि भंडार कक्ष के निरीक्षण करने पर एक बोरा ही चावल पाया गया, जबकि 19 दिसंबर को छह बोरा चावल का उठाव किया गया है। मुखिया ने तत्काल इसकी सूचना हुसैनाबाद बीइइओ राम नरेश राम को देते हुए कार्रवाई की मांग की है। इस संबंध में बीइइओ ने बताया की मुखिया द्वारा एमडीएम के चावल की कालाबाजारी की सूचना मिली है। वेंडर और प्रधानाध्यापक की मिलीभगत से एमडीएम के चावल की कालाबाजारी की जा रही है। इसकी जांच की जा रही है। दोषी पाए जाने पर कार्रवाई की जाएगी।

विश्रामपुर में लगा डिज्नीलैंड मेला सह मीना बाजार

आजाद सिपाही संवाददाता

विश्रामपुर/पलामू। विश्रामपुर नगर परिषद मुख्यालय में डिज्नीलैंड मेला सह मीना बाजार का शुभारंभ हुआ। जिसका उद्घाटन शुक्रवा को स्थानीय विधायक के पुत्र सह भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी उर्फ मुन्ना चंद्रवंशी, विधायक के जिला प्रतिनिधि रामचंद्र यादव, निवर्तमान वार्ड पार्षद सुनील कुमार चौधरी व भाजपा नगर मंडल महिला मोर्चा अध्यक्ष किरण शर्मा ने संयुक्त रूप से किया। इस अवसर पर डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी ने कहा कि विश्रामपुर में किसी भी तरह के मनोरंजन का साधन नहीं है। ऐसे में मेले का आयोजन होने से लोगों में काफी उत्साह है। खासकर बच्चों को इस मेले से काफी आनंद आयेगा। वहीं, विश्वकर्मा इंटरटेनमेंट के प्रो ज्वाला विश्वकर्मा ने कहा कि नये साल, क्रिसमस और मकर संक्रांति के मौके पर विश्रामपुर में मेला का आयोजन किया गया है। जो पांच जनवारी तक चलेगा। संचालक रोशन विश्वकर्मा ने बताया कि इस मेले में ब्रेक डांस, टावर झुला, नौका झूला, ड्रैगन झूला, स्कार्पियो झूला, जंपिंग नागिन शो, मिक्की माउस सहित कई प्रकार के झूले के साथ खिलौने के अलावा हर तरह की व्यवस्था उपलब्ध है। इस मौके पर विजय बवाली, मेराज अहमद, इसरार हवारी, धर्मेंद्र कुमार, अर्चना देवी, रजनीश चंद्रवंशी सहित कई लोग मौजूद थे।

महत्वपूर्ण न्यूज

सरकार आपके द्वार का आयोजन सैकड़ों लोगों ने जमा किया आवेदन

नीलांबर पितांबरपुर/पलामू। जामुनडीह पंचायत भवन परिसर में शुक्रवार को आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में लोगों की काफी भीड़ उमड़ी। पंचायत के सैकड़ों लोग विभिन्न योजनाओं का लाभ लेने शिविर में पहुंचे। इस दौरान वहां मौजूद प्रखंड प्रमुख सुनील पासवान, उपप्रमुख कुसुमलता देवी, 20 सूत्री अध्यक्ष नंदकिशोर सिंह, बीडीओ सुकेशनी करकेटा, सीओ आशीष कुमार साहू, विपीआरो विनय कुमार शर्मा को मुखिया कृष्णकांत चौबे द्वारा पुष्पगुच्छा देकर स्वागत किया गया। इसके बाद शहीद नीलांबर पीतांबर की चित्र पर पुष्पांजलि व दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस दौरान मुखिया ने अपने संबोधन में कहा कि जनता को लाभ पहुंचाने के लिए ही हेमंत सरकार व सभी विभाग पूरी लगन के साथ कर रहे हैं। मनरेगा आपके हित से जुड़ा हुआ है और यह आपका अधिकार है। इसके जरिये आपको 100 दिन का रोजगार मिलता है। उन्होंने सरकार की सभी विभागों की योजनाओं से संबंधित जानकारी दी। कहा कि शिविर के बाद भी अगर किसी कारण वश ऑनलाइन आवेदन नहीं प्राप्त कर सके हैं तो आप घबराएं नहीं। आपके मोबाइल पर एसएमएस चला गया है। हम आपके काम के निष्पादन के लिए 24 घंटा आपके पंचायत में उपलब्ध हैं। शिविर में सोना सोब्रन धोती साड़ी योजना के तहत 15 लाभुकों को कपड़े देकर शुरूआत की गई। वहीं पांच जॉब कार्ड, 22 आईडी 130 कंबल 10 छात्र छात्राओं को निःशुल्क साइकिल योजना का लाभ दिया गया। मौके सीआई महेंद्र राम, प्रखंड खाद्य आपूर्ति पदाधिकारी आलोक कुमार तिवारी, प्रखंड कृषि पदाधिकारी, पंचायत सेवक, रोजगार सेवक, आंचल कर्मचारी सहित पंचायत के कई गणमान्य समाजसेवी उपस्थित थे।

ग्रामीणों ने अबुआ आवास योजना में दिखायी रुचि

हरिहरगंज/पलामू (आजाद सिपाही)। प्रखंड क्षेत्र के सरसोत पंचायत अंतर्गत सुलतानी गांव में शुक्रवार को सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का दूसरा राउंड के आयोजन में काफी संख्या में ग्रामीण पहुंचकर आवेदन जमा किये। इस दौरान अबुआ आवास योजना में ग्रामीणों ने रूचि दिखाई और आवेदन जमा किया। वहीं एसबीआई के शाखा प्रबंधक अनिल कुमार भगत ने बताया कि जिन किसानों को प्रधानमंत्री कृषि सम्मान योजना का लाभ मिल रहा है वैसे सभी किसानों को केसीसी ऋण दिया जाएगा। शिविर में आवेदन लिया जा रहा है। स्वच्छ भारत मिशन के ब्लॉक वास कोऑर्डिनेटर जयप्रकाश सिंह ने बताया कि करीब 100 आवेदन शौचालय निर्माण के लिए ग्रामीणों ने जमा किया है। आवेदन जांच कर शौचालय का निर्माण होगा। वहीं, मुखिया विनय कुमार सिंह ने कहा कि शिविर में सबसे अधिक अबुआ आवास योजना के लिए आवेदन प्राप्त हुआ है। सभी आवेदनों की जांच की जा रही है एवं योग्य लाभुकों को जल्द आवास दिया जाएगा। उन्होंने ग्रामीणों से शिविर में अपनी समस्या रखने की बात कही, ताकि इसका निष्पादन किया जा सके। शिविर में सीओ यामुन रविदास, एमओ ब्रजेश कुमार, सीआई प्रगति प्रकाश, अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार संघ के जिला अध्यक्ष सुजीत कुमार सिंह आदि थे।

विद्यार्थी परिषद ने डीसी को सौंपा ज्ञापन कहा-ऐसे स्कूल की मान्यता रद्द की जाये

मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)। विद्यार्थी परिषद की ओर से नगर मंत्री रामाशंकर पसवान की अध्यक्षता में पलामू डीसी को ज्ञापन सौंपा गया। जिसके माध्यम से ध्यान आकृष्ट कराते हुए कहा गया कि मेदिनीनगर सेक्रेट हार्ट स्कूल में हाल ही में हुए नाबालिक छात्रा का यौन शोषण करने वाले शिक्षक पर तत्काल कार्रवाई की जाए। निजी संस्थानों में पढ़ाने वाले शिक्षकों द्वारा पढ़ाई जाने वाले कोचिंगों को अभिलंब बंद कराया जाए, इस विद्यालय में लगातार हो रही ऐसे दुर्भाग्यपूर्ण घटनाओं को जिला प्रशासन संज्ञान में लेते हुए सीक्रेट हर्ट स्कूल मेदिनीनगर की मान्यता रद्द करें। परिषद के कार्यकर्ताओ ने डीसी सें अभिलंब उचित कार्रवाई की मांग की हैं। छात्र हित में उचित कार्रवाई नहीं होने की स्थिति में परिषद के कार्यकर्ता आंदोलन को बाध्य होंगे। इस मौके पर राष्ट्रीय प्रादेशिक विश्वविद्यालय सह संयोजक विनीत पांडे, प्रदेश का कार्यकारिणी सदस्य अभिषेक कुमार रवि, राहुल कुमार चेरो, विवेक तिवारी, अभय वर्मा, राजन कश्यप, प्रकाश पांडे, नितीश दूबे, उत्कर्ष तिवारी आदि थे।

ट्रेन से गिर कर व्यक्ति घायल, प्राथमिक उपचार के बाद एमएमसीएच रेफर

विश्रामपुर/पलामू (आजद सिपाही)। ट्रेन से गिरकर गुरुवार की देर रात एक व्यक्ति घायल हो गया। स्थानीय लोगों ने 108 एम्बुलेंस को फोन कर घायल व्यक्ति को विश्रामपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजवाया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसे मेदनीनगर रेफर कर दिया गया। जानकारी के अनुसार जपला थाना क्षेत्र के झारहा गांव निवासी दिनेश बैठा का पुत्र रूपेश बैठा किसी काम से गढ़वा आया था। गुरुवार की देर रात रूपेश गढ़वा रोड से ट्रेन पकड़कर वापस अपने घर जपला जा रहा था। तभी सिगसिगी व करकट्टा के बीच जोगा गांव के पास ट्रेन से नीचे गिर कर गंभीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय लोगो ने तत्काल 108 एम्बुलेंस को फोन कर घायल व्यक्ति को विश्रामपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजवाया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर स्थिति देखते हुए बेहतर इलाज के लिए घायल रूपेश को मेदनीनगर एमएमसीएच भेज दिया।

स्पोर्ट्स

भारतीय पहलवान बजरंग पुनिया ने भारतीय कुश्ती संघ के नए प्रमुख संजय सिंह के विरोध में अपना पद्मश्री पुरस्कार लौटा दिया है। शुक्रवार को पीएम मोदी के घर से सामने पुटपाथ पर अवार्ड रख दिया। सोशल मीडिया पर इसकी जानकारी दी।

प्रधानमंत्री के घर के बाहर फुटपाथ पर रखा अवॉर्ड, कहा- अब इस सम्मान के बोझ तले नहीं जी सकते

रेसलर बजरंग पूनिया ने लौटाया पद्मश्री पुरस्कार

एजेंसी

रेवाड़ी। भारतीय पहलवान बजरंग पूनिया ने भारतीय कुश्ती संघ के नए प्रमुख संजय सिंह के विरोध में अपना पद्मश्री पुरस्कार लौटा दिया है। उन्होंने सोशल मीडिया पर इसकी जानकारी दी। बजरंग ने पद्मश्री पुरस्कार लौटाने का एलान करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को खत लिखा है। जिसकी फोटो सोशल मीडिया पर शेयर करते हुए बजरंग ने लिखा मैं अपना पद्मश्री पुरस्कार प्रधानमंत्री जी को वापस लौटा रहा हूं। कहने के लिए बस मेरा यह पत्र है। यही मेरा स्टेटमेंट है। बजरंग पूनिया ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को लिखे खत में लिखा है कि माननीय प्रधानमंत्री जी, उम्मीद है कि आप स्वस्थ होंगे। आप देश की सेवा में व्यस्त होंगे। आपकी इस भारी व्यस्तता के बीच आपका ध्यान हमारी कुश्ती पर

दिलवाना चाहता हूं। आपको पता होगा कि इसी साल जनवरी महीने में देश की महिला पहलवानों ने कुश्ती संघ पर काबिज बृजभूषण सिंह पर सेक्सुएल हरासमैंट के गंभीर आरोप लगाए थे, जब उन महिला पहलवानों ने अपना आंदोलन शुरू किया तो मैं भी उसमें शामिल हो गया था। आंदोलित पहलवान जनवरी में अपने घर लौट गए, जब उन्हें सरकार ने ठोस कार्रवाई की बात कही। लेकिन तीन महीने बीत जाने के बाद भी जब बृजभूषण पर एफआईआर तक नहीं की तब हम पहलवानों ने अप्रैल महीने में दोबारा सड़कों पर उतरकर आंदोलन किया, ताकि दिल्ली पुलिस कम से कम बृजभूषण सिंह पर एफआईआर दर्ज करे, लेकिन फिर भी बात नहीं बनी तो हमें कोर्ट में जाकर एफआईआर दर्ज करवानी पड़ी। जनवरी में शिकायतकर्ता महिला पहलवानों की गिनती 19 थी जो अप्रैल तक आते आते सात रह गई थी। यानी इन तीन महीनों में अपनी ताकत के दम पर बृजभूषण सिंह ने 12 महिला पहलवानों को अपने न्याय की लड़ाई में पीछे हटा दिया था। आंदोलन 40 दिन चला। इन 40 दिनों में एक महिला पहलवान और पीछे हट गई। हम सब पर बहुत दबाव आ रहा था। हमारे प्रदर्शन स्थल को तहस नहस कर दिया गया और हमें दिल्ली से बाहर खदेड़ दिया गया और हमारे प्रदर्शन करने पर रोक लगा दी। इसी बीच हमारे गृहमंत्री अमित शाह जी से भी मुलाकात हुई, जिसमें उन्होंने हमें आश्वासन दिया कि वे महिला पहलवानों के लिए न्याय में उनका साथ देंगे और कुश्ती फेडरेशन से बृजभूषण, उसके परिवार और उसके गुर्गों को बाहर करेंगे। हमने उनकी बात मानकर सड़कों से अपना आंदोलन समाप्त कर दिया। लेकिन गुरुवार को हुए कुश्ती संघ के चुनाव में बृजभूषण दोबारा काबिज हो गया है। उसने स्टेटमैंट दी कि दबदबा है और दबदबा रहेगा। महिला पहलवानों के यौन शोषण का आरोपी सरेआम दोबारा कुश्ती का प्रबंधन करने वाली इकाई पर अपना दबदबा होने का दावा कर रहा था। इसी मानसिक दबाव में आकर ओलंपिक पदक विजेता एकमात्र महिला पहलवान साक्षी मलिक ने कुश्ती से सन्यास ले लिया। साल 2019 में मुझे पद्मश्री से नवाजा गया। खेल रत्न और अर्जुन अवार्ड से भी सम्मानित किया गया। तब मैं बहुत खुश हुआ। लेकिन आज उससे कहीं ज्यादा दुखी हूं और ये सम्मान मुझे कचोट रहे हैं। जिन बेटियों को बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ की ब्रांड अंबेसडर बनना था उनको इस हाल में पहुंचा दिया गया कि उनको अपने खेल से ही पीछे हटना पड़ा। हम सम्मानित पहलवान कुछ नहीं कर सके। महिला पहलवानों को अपमानित किए जाने के बाद मैं सम्मानित बनकर अपनी जिंदगी नहीं जी पाउंगा। ऐसी जिंदगी कचोटेगी ताउम्र मुझे। इसलिए ये सम्मान मैं आपको लौटा रहा हूं।

बिजली विभाग के अधिकारी कार्य प्रणाली में सुधार करें : कमलेश

हरिहरगंज/पलामू (आजाद सिपाही)। बिजली विभाग के अधिकारी की लापरवाही से उपभोक्ताओं द्वारा बिल जमा करने के बावजूद दो महीने में ही 7 से 8 हजार रुपये का बिल थमा दिया जा रहा है। जिससे उपभोक्ता परेशान हैं। उक्त बातें शुक्रवार को राजद नेता कमलेश कुमार यादव ने कही। उन्होंने कहा कि बिजली विभाग के अधिकारी अपने कार्य प्रणाली में सुधार करें। कहा कि ग्रामीण व शहरी उपभोक्ताओं को एक से दो महीने में ही 7 से 8 हजार रुपये का बिल थमा देना दुर्भाग्यपूर्ण है। ऐसी कई शिकायतें मिली है। वहीं दुर्भाग्यवश पदाधिकारी उसको निराकरण के लिए बैठे नहीं रहते है, कलर्क और चपरासी को बैठा दिया जाता है और गरीब किसके पास जाए कि उसे न्याय मिले।

आक्रोश : ग्रामीणों ने पांच घंटे तक मुख्य मार्ग जाम कर किया प्रदर्शन

तेज रफ्तार पिकअप ने किशोर को रौंदा, मौत

मुआवजा राशि मिलने के बाद समाप्त हुआ प्रदर्शन

आजाद सिपाही संवाददाता

महुदा। मधुबन थाना अंतर्गत महुदा-राजगंज मुख्यमार्ग स्थित सिनीडीह शिव हनुमत द्वार के पास शुक्रवार रफ्तार का कहर देखने को मिला। इस दिन सुबह सड़क दुर्घटना में बाइक सवार एक किशोर की मौके पर ही मौत हो गयी। उसकी पहचान गुड्डू कर्मकार (19) के रूप में हुई है। वह महेशपुर निवासी गणेश कर्मकार का छोटा बेटा था, जो किसी काम से घर से बाजार के लिए निकला था। तभी विपरीत दिशा से आ रही तेज रफ्तार पिकअप वैन ने जोरदार टक्कर मार दी।

सड़क पर शव रखकर जाम कर प्रदर्शन करते लोग।

प्रत्यक्षदर्शियों की मानें तो पिकअप वैन तेज रफ्तार में कतरास से महुदा की ओर जा रहा थी। तभी सिनीडीह शिव हनुमत मंदिर के समीप बाइक सवार को रौंद दिया। जिससे मौके पर ही उसकी दर्दनाक मौत हो गयी। घटना को अंजाम देकर भाग रहे पिकअप चालक को पकड़ने के लिए स्थानीय लोगों ने पीछा भी किया। हालांकि चालक महुदा मोड़ स्थित एक निजी होटल के समीप अपना वाहन छोड़कर मौके से फरार हो गया। इसकी सूचना पाकर मौके पर पहुंची महुदा पुलिस वाहन जब्त कर थाना ले गयी। दूसरी ओर, घटना से आक्रोषित स्थानीय लोगों ने महुदा-राजगंज मुख्यमार्ग को जाम कर मुआवजे की मांग करने लगे। करीब पांच घंटे सड़क जाम के बाद स्थानीय विधायक प्रतिनिधि शत्रुधन महतो के नेतृत्व में बाघमारा प्रखंड विकास पदाधिकारी व परिजनों के बीच ग्रामीणों के साथ वार्ता हुई। जिसमें वाहन मालिक द्वारा मृतक के परिजनों को एक लाख रुपये मुआवजा दिया गया। इसके अलावा झारखंड सरकार की तरफ से सड़क दुर्घटना में मिलने वाले मुआवजा राशि 20 हजार रुपये बाघमारा बीडीओ ने मृतक के परिजनों को दिया। इसके बाद सड़क अवरोध समाप्त हो गया।

रेल मंत्री से मिले सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी और विधायक ढुल्लू महतो

धनबाद-रांची, धनबाद-हटिया गरबेटा व धनबाद- चंद्रपुरा मुरी पैसेंजर ट्रेन का परिचालन पुनः शुरू करने की मांग

आजाद सिपाही संवाददाता

धनबाद। गिरिडीह के सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी व बाघमारा के विधायक ढुल्लू महतो ने केंद्रीय रेल मंत्री अश्विन वैष्णव से नई दिल्ली में मिलकर धनबाद-रांची पैसेंजर ट्रेन, धनबाद-हटिया गरबेटा पैसेंजर ट्रेन व धनबाद-चंद्रपुरा मुरी पैसेंजर ट्रेन का पुनः परिचालन करने की मांग की है।

रेल मंत्री को ज्ञापन देते सांसद व विधायक।

उन्होंने रेल मंत्री का ध्यान आकृष्ट कराया कि 15 जून 2017 तक इन पैसेंजर ट्रेनों का परिचालन होता था। साथ ही रेल मंत्री को इस बात स्मरण कराया कि 19 फरवरी 2019 से धनबाद चंद्रपुरा रेल मार्ग का पुनः परिचालन शुरू कर दिया गया है। इसको देखते हुए 5333/53336 धनबाद-रांची पैसेंजर ट्रेन, 53337/53338 धनबाद-हटिया गरबेटा पैसेंजर ट्रेन व 53339/53340 धनबाद-चंद्रपुरा मुरी पैसेंजर ट्रेन का धनबाद-चंद्रपुरा रेल मार्ग पर पुनः परिचालन किए जाने की जरूरत है। यह पैसेंजर ट्रेन धनबाद चंद्रपुरा रेल मार्ग की जीवन रेखा कही जाती है। इस पैसेंजर ट्रेन के परिचालन होने से आम जन विशेष कर विद्यार्थियों, श्रमिकों व ग्रामीणों को व्यापक राहत मिलेगी। मौजूदा समय में इन लोगों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। हाट-बाजारों पर भी लोग पैसेंजर ट्रेन पर ही निर्भर हैं। इस पर रेल मंत्री ने शीघ्र समुचित कार्रवाई को लेकर आश्वस्त किया।

जश्रसं और धनसार प्रबंधन के बीच वार्ता आंदोलन स्थगित

धनसार (आजाद सिपाही)। विश्वकर्मा परियोजना में आए न्यू आउटसोर्सिंग कंपनी में रोजगार, पानी छिड़काव और इंडस्ट्री पहाड़ी बस्ती इलाके में पानी आपूर्ति करने के मुद्दे पर जनता श्रमिक संघ (जश्रसं) और प्रबंधन के बीच धनसार कोलियरी कार्यालय में वार्ता हुई। जिसमें जश्रसं नेता अमर सिंह ने प्रबंधन को चेतावनी दी कि अगर आउटसोर्सिंग से प्रभावित स्थानीय लोगों को रोजगार नहीं मिला तो यहां का कार्य प्रभावित कर दिया जाएगा। वार्ता के दौरान आउटसोर्सिंग का प्रतिनिधित्व कर रहे प्रमोद सिंह ने रोजगार देने की मांग पर पांच जनवरी तक का समय मांगा है। साथ ही नियमित पानी छिड़काव करने की बात कही। नेतृत्व कर रहे जश्रसं नेता अमर सिंह व प्रदीप सिंहा का आरोप था कि आउटसोर्सिंग कंपनी में स्थानीय बेरोजगार युवकों को रोजगार नहीं दिया जा रहा है। जबकि परियोजना से होने वाले प्रदूषण का शिकार आसपास के लोग होते हैं। वही बस्ती में प्रबंधन की ओर से पेयजल की बेहतर व्यवस्था नहीं की गई है।

वरीय पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, राँची

सर्वसाधारण के लिए सूचना

उपरोक्त ट्रक नं0–RJ02GB-6536 के उपचालक (खलासी) विक्की कोली उम्र–33 वर्ष पे0 विमल कोली सा0 कुर्जा थाना+जिला अरवल , राजस्थान लापता के खोजबीन हेतु समाचार पत्रों में प्रकाशित करना आवश्यक है। जिसके संबंध ओरमांझी थाना सन्हा सं0–14/2019 दिनांक 06.09.2019 दर्ज कर खोजबीन की जा रही है। इनके खोजबीन हेतु जनसाधारण का सहयोग अपेक्षित हैं।

अतः सभी जनसाधारण से अनुरोध है कि यदि इस पते के व्यक्ति आपके क्षेत्र में कहीं मिलते/दिखते है तो इसके संबंध में वरीय पुलिस अधीक्षक के कार्यालय में या निम्नाकित फोन नम्बर पर संपर्क कर इसकी सूचना दें।

पुलिस उपाधीक्षक सिल्ली,राँची। – 9431770066
पु0नि0–सह–थाना प्रभारी ओरमांझी,राँची। – 9431706183

वरीय पुलिस अधीक्षक, राँची

PR 314148 Police(23-24).D

कार्यालय, विद्युत कार्यपालक अभियंता विद्युत कार्यप्रमंडल, इन्जीनियर्स हॉस्टल धुर्वा, राँची

अति अल्पकालिन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या – 66/23–24.

1. विभाग का नाम :– उर्जा विभाग।
2. विज्ञापन दाता का पदनाम :– विद्युत कार्यपालक अभियंता, विद्युत कार्य प्रमंडल, राँची।
3. परिमाण विपत्र बिकी की अंतिम तिथि :– दिनांक 28/12/2023 तक (2.00 बजे अपराह्न तक)
4. निविदा प्राप्ति की तिथि :– दिनांक 29/12/2023 को 2.00 बजे अपराह्न तक।
5. निविदा खोलने की तिथि :– दिनांक 29/12/2023 को 3.00 बजे अपराह्न में।
6. परिमाण विपत्र बिकी का स्थान :– नगर नियंत्रण कक्ष, राँची,/विद्युत अधीक्षण अभियन्ता, विद्युत कार्य अंचल राँची, एवं विद्युत कार्यपालक अभियंता, विद्युत कार्य प्रमण्डल, राँची।
7. निविदा प्राप्ति का स्थान :– नगर नियंत्रण कक्ष, राँची।
8. निविदा खोलने का स्थान :– विद्युत कार्य प्रमण्डल, राँची।

1.	कार्य का नाम	प्राक्कलित राशि (रूपये में)	परिमाण विपत्र का मूल्य	अग्रधन की राशि	कार्य समाप्ति की अवधि
1.	योजना भवन, नेपाल हाउस, डोरण्डा, राँची स्थित स्पलीट एवं कैसेट टाईप वातानुकूलित संयंत्र के वार्षिक सम्पोषण का कार्य।	9,98,369=00	1250=00	20,000=00	एक वर्ष

विद्युत कार्यपालक अभियंता, विद्युत कार्य प्रमंडल, राँची

PR 314025 Energy(23-24)#D

पिछली सरकार ने पैसों की बर्बादी की, हेमंत सरकार जन-जन का कर रही है विकास : सत्यानंद भोक्ता

आजाद सिपाही संवाददाता

धनबाद। बलियापुर में आयोजित सरकार आपके द्वारा कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राज्य के श्रम, रोजगार, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास मंत्री सत्यानंद भोक्ता ने कहा कि जैसे ही राज्य में हमारी सरकार बनी कोरोना आ गया। जिस कारण दो साल तक सरकार सिर्फ बचने और बचाने में लगी रही। इसके बाद से दो वर्ष में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन नयी-नयी योजनाएं लाकर यहां के लोगों का विकास करने में जुटे हैं। आज बुनियादी सुविधाओं के लिए किसी को प्रखंड कार्यालय या जिला मुख्यालय जाना नहीं पड़ता, बल्कि हर पंचायत तक सरकार और अधिकारी बुनियादी सुविधाओं को दूर करने के लिए खुद पहुंच रहे हैं। सरकार की योजनाएं चल रही है जिसका लोग ज्यादा से ज्यादा लाभ लें। पूर्व की सरकार में बिना पानी के ढोबा बन रहा था। हमारी सरकार में बड़े-बड़े तालाब, जलापूर्ति योजनाएं, चेक डैम बन रहे हैं। पिछले सरकार ने मोमेंटम झारखंड के नाम पर हाथी उड़ाकर सिर्फ पैसा बर्बाद किया। वहीं, सूबे के स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने कहा कि यहां के प्रभारी मंत्री होने के नाते धनबाद में मैं मुख्यमंत्री का स्वागत करता हूं। केंद्र सरकार की चुनौतियों और नौ-नौ प्रकार के साजिशों के बीच मुख्यमंत्री परेशान नहीं होते। हंसते मुस्कुराते रहते हैं। मुझे खुशी है कि ऐसी सरकार का हिस्सा हैं जिसमे राज्य के एक-एक व्यक्ति की चिंता है। जब हम मंत्रिमंडल की बैठक करते हैं तो विपक्षियों को चिंता होती है कि अब यह सरकार कौन सी योजना लाएगी। हम झारखंड के लोग हमेशा उंगुलान किये है चाहे वो अंग्रेजों के खिलाफ हो या किसी अन्य के। हम सभी मुख्यमंत्री के साथ खड़े हैं।

हेमंत सोरेन जैसी सोच दूसरे किसी भी मुख्यमंत्रियों में नहीं: मथुरा महतो

टुंडी विधायक मथुरा महतो ने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की जो सोंच रही है वो भारत के किसी भी मुख्यमंत्री की नहीं है। उनकी सोच का ही नतीजा है कि हर वर्ष इस कार्यक्रम के माध्यम से नए-नए योजनाओं को लेकर पदाधिकारी जनता के बीच जा रहे है।विधायक ने कहा कि सरकार की नई योजना आ रही है। इसके बाद गांव के छात्र-छात्राओं, बुजुर्ग, महिला सहित झारखंड आंदोलनकारियों को एक जिला से दूसरे जिला नि:शुल्क बस सेवा मिलेगी। चार साल पूरे होने पर सभी को पेंशन देने की योजना सरकार लायी है।

सरकार की सोच जनता के बीच पहुंचने की : पूर्णिमा

झरिया विधायक पूर्णिमा नीरज सिंह ने कहा कि सरकार की सोच ब्यूरोक्रेसी से निकल कर आम जनता तक पहुंचने की है। मुझे खुशी होती है कि मैं ऐसी सरकार का हिस्सा हूं जिसमें जनता को सरकार के पास नहीं आना पड़ता, बल्कि सरकार जनता के द्वार तक पहुंचती है।

उन्होंने मुख्यमंत्री को धन्यवाद देते हुए कहा कि हमेशा यह कार्यक्रम शहर के बीचोबीच होती थी। पर इस बार सुदूर ग्रामीण क्षेत्र में हो रही है, ताकि लोगों को पहुंचने में दिक्कत न हो। झरिया विधायक ने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार ने आवास योजना का पैसा रोक रखा था। इसी लिए झारखंड की हेमंत सोरेन सरकार ने अबुआ आवास योजना लाई है, ताकि राज्य स्तर से लोगों को आवास उपलब्ध कराया जा सके।

वरीय पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, राँची।

सर्वसाधारण के लिए सूचना।

नाम–राजेश कुमार, उम्र–31 वर्ष, रंग–सांवला, ऊँचाई– 5 फीट, पहनावा–गुलाबी रंग का शर्ट एवं नीला जींस पहने हुए है।

उपरोक्त लापता व्यक्ति राजेश कुमार, पे0–स्व0 नथुन शर्मा, सा0–न्यु मधुकम देवी मंडप, रोड हनं0–5/4, थाना–सुखदेवनगर, जिला–राँची जो दिनांक–02.08.2023 को बगैर बताए बताए कहीं चले गए जो आज तक अपने घर वापस नही आए है जिसके संबंध में सुखदेवनगर, थाना सन्हा सं0–10/23, दिनांक–07.08.2023 दर्ज कर खोजबीन की जा रही है। इनकी खोजबीन हेतु जनता का सहयोग अपेक्षित है। उपरोक्त सूचना की सार्वजनिक किया जाना आवश्यक है।

अतः सभी जनसाधारण से अनुरोध है कि यदि उपरोक्त लापता व्यक्ति कहीं मिलतें/दिखते हैं तो इसके संबंध में वरीय पुलिस अधीक्षक के कार्यालय में या निम्नांकित फोन नम्बर पर संपर्क कर इसकी सूचना दें।

पुलिस उपाधीक्षक कोतवाली, राँची। – 9431770077
थाना प्रभारी सुखदेवनगर ,राँची। – 9431706158

वरीय पुलिस अधीक्षक, राँची।

PR 314137 (Police) 23-24 (D)

झारखण्ड शिक्षा परियोजना, हजारीबाग

नया समाहरणालय भवन, Ground Floor (B-002), हजारीबाग – 825301
Email Id - ssa_hazaribagh@rediffmail.com

विज्ञप्ति संख्या–04/2023–24

राज्य परियोजना निदेशक, झारखण्ड शिक्षा परियोजना परिषद्, राँची के पत्रांक–3415 दिनांक– 01.09.2023 के आलोक में उपायुक्त, हजारीबाग के निदेशानुसार झारखण्ड बालिका आवासीय विद्यालय, कटकमदाग में पूर्णकालिका शिक्षिका के रिक्त पदों पर पूर्णतया अस्थायी एवं अल्पकालिक संविदा के आधार पर चयन हेतु प्राप्त आवेदन की कम्प्यूटर में प्रविष्टि के उपरांत तैयार सूची के आधार पर अभ्यर्थियों के चयन हेतु जिला चयन समिति की दिनांक–15.12.2023 की बैठक में लिये गये निर्णयानुसार वर्ग–9 से 12 के अभ्यर्थियों के प्रत्येक पद के लिए 05 अभ्यर्थियों की काउंसलिंग **दिनांक–26.12.2023 को झारखण्ड शिक्षा परियोजना, नया समाहरणालय भवन, भूतल (B-002), हजारीबाग में पूर्वाह्न 11:00 बजे से** आयोजित है।

काउंसलिंग हेतु वर्ग–9 से 12 के विषयवार अभ्यर्थियों की सूची हजारीबाग के वेबसाईट www.hazaribag.nic.in पर प्रदर्शित की जा रही है।

उक्त सूची में प्रदर्शित सभी अभ्यर्थी को निदेश दिया जाता है कि **दिनांक–26.12.2023 को पूर्वाह्न 11:00 बजे से झारखण्ड शिक्षा परियोजना, नया समाहरणालय भवन, भूतल (B-002), हजारीबाग** में आयोजित छान–बीन/भौतिक जाँच (Counselling) में निम्नलिखित अभिलेख (मूल अभिलेख एवं स्वअभिप्रमाणित प्रति दो फोल्डर में) के साथ सम्मिलित होंगे :–

1. शैक्षणिक प्रमाण पत्र एवं अंक प्रमाण पत्र (मैट्रिक से लेकर उच्चतर योग्यता तक)।
2. प्रशैक्षणिक प्रमाण पत्र एवं अंक प्रमाण पत्र। (बी0एड0) NCTE से संस्था एवं सत्र की मान्यता से संबंधित अभिलेख।
3. आवासीय प्रमाण पत्र।
4. जाति प्रमाण पत्र।
5. आधार/पैन/वोटर आई0डी0 एवं चार पासपोर्ट साईज फोटोग्राफ।
6. दिव्यांगता प्रमाण पत्र (विकलांगता कोटि के अभ्यर्थियों के लिए)।
7. अनापत्ति एवं अनुभव प्रमाण पत्र (यदि पूर्व से कहीं नियोजित हैं, तो उन अभ्यर्थियों के लिए)।

निर्धारित तिथि को आयोजित छान–बीन/भौतिक जाँच (Counselling) में अनुपस्थित रहने पर अभ्यर्थित्व रद्द कर दिया जायेगा।

जिला शिक्षा पदाधिकारी–सह–जिला कार्यक्रम पदाधिकारी
समग्र शिक्षा अभियान, हजारीबाग

PR 314088 (School Education and Literacy) 23-24 (D)

खेल को खेल की भावना से खेलें : रूदप्रताप सिंह

आदर्श विद्या निकेतन में एक दिवसीय वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का समापन

रूदप्रताप सिंह ने सभी सफल प्रतिभागियों को किया सम्मानित

आजाद सिपाही संवाददाता

चिरकुंडा। मैथन केसरकुरल स्थित आदर्श विद्या निकेतन के प्रांगण में शुक्रवार को एक दिवसीय वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता सह पुरस्कार वितरण समारोह संपन्न हुआ। जिसमें बतौर मुख्य अतिथि के रूप में डीबीसी के सेवानिवृत वरिष्ठ उपमहाप्रबंधक प्रशासन रूदप्रताप सिंह के अलावा कालिमाटी पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि मोती हेंब्रम और प्रणव बनर्जी शामिल हुए। कार्यक्रम का उद्घाटन रूदप्रताप सिंह द्वारा भारत माता की तस्वीर के समक्ष दीप प्रज्वलित कर एवं समारोह को हरी झंडी दिखा कर किया गया। इससे पूर्व उनका स्वागत विद्यालय की प्रधान शिक्षिका गौरी सिंह ने किया। अपने संबोधन में रूदप्रताप सिंह ने कहा कि खेल को खेल की भावना से खेलें और अपने शिक्षण, संस्था, माता-पिता एवं अपने निवास स्थान का नाम रोशन करें। उधर, इस प्रतियोगिता में हरडल रेस, 100मीटर की दौड़, गो टू बर्थडे पार्टी, मेढ़क रेस, गो टू मार्केट, चम्मच रेस, बिस्किट रेस, मेकिंग पिरामिड, बोरा रेस, ड्रेस रेस, 200 मीटर रेस, चॉकलेट रेस, जोड़ी बनाओ दौड़, बैट बाल रेस, 800 मीटर दौड़, गोला फेंक, भाला फेंक आदि का आयोजन किया गया था। प्रतियोगिताओं में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को अतिथियों द्वारा पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में प्रधानाध्यापक आनंद कुमार मिश्रा, प्रधान शिक्षिका गौरी सिंह, शशांक शेखर दत्त, सोमेन भट्टाचार्या, तरुण अधिकारी, कंचन सिंह, अनवीन चक्रवर्ती, दीपक साव, रिंकू राजभर, श्रावणी बासु, शिल्पी श्रीवास्तव, काजल सिंह, बेबी रविदास, पिंकी रजक, खुशी कुमारी, रिया दास, परिचारिका चंदा सिंह, संतोषी कर्मकार, गीता रजक और बाबन महतो की भूमिका सराहनीय रही।

वरीय पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, राँची

सर्वसाधारण के लिए सूचना

नाम–विकाश कुमार महतो, उम्र–26 वर्ष, रंग–सांवला, ऊँचाई–5 फीट 5 ईंच, पहनावा–पीला रंग का शर्ट एवं जींस पहने हुए है।

उपरोक्त लापता विकाश कुमार महतो, पे0–सुरेन्द्र नाथ महतो, सा0–बाम्हनी टोला सातपालु, गोडाडीह, थाना–सिल्ली, जिला–राँची जो दिनांक–22.07.2023 को बगैर बताए बताए कहीं चले गए जो आज तक अपने घर वापस नही आए है जिसके संबंध में सिल्ली, थाना सन्हा सं0–11/23, दिनांक–22.07.2023 दर्ज कर खोजबीन की जा रही है। इनकी खोजबीन हेतु जनता का सहयोग अपेक्षित है। उपरोक्त सूचना की सार्वजनिक किया जाना आवश्यक है।

अतः सभी जनसाधारण से अनुरोध है कि यदि उपरोक्त लापता व्यक्ति कहीं मिलतें/दिखते हैं तो इसके संबंध में वरीय पुलिस अधीक्षक के कार्यालय में या निम्नांकित फोन नम्बर पर संपर्क कर इसकी सूचना दें।

पुलिस उपाधीक्षक सिल्ली, राँची। –9431770066
थाना प्रभारी सिल्ली ,राँची। –9431706153 **वरीय पुलिस अधीक्षक, राँची**

PR314139 (Police)23-24*D

झारखण्ड राज्य ग्रामीण पथ विकास प्राधिकरण (JSRRDA)

एफ0एफ0पी0 भवन, तृतीय तल्ला, धुर्वा, राँची - 834004, झारखण्ड

ई-निविदा आमंत्रण सूचना

ई–निविदा संख्या:- **175/2023-24** दिनांक :- 20.12.2023

मुख्य अभियंता, जे0एस0आर0आर0डी0ए0, राँची द्वारा निम्नविवरण के अनुसार e-procurement पद्धति से निविदा आमंत्रित की जाती है।

क्र0 सं0	आईडेन्टीफिकेशन संख्या/पैकेज संख्या	प्रखण्ड का नाम		कार्य का नाम	प्राक्कलित राशि अंक में (लाख में)	प्राक्कलित राशि अक्षर में (रूपये में)	कार्य समाप्ति की अवधि
1	2	3		4	5	6	7
1	JH-M-GUM-02/2023-24	विषुनपुर	1	बनालात से घाघरा तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (लं0–4.150 कि0मी0)	1673.832	सोलह करोड़ तिहत्तर लाख तिरासी हजार दो सौ रू0 मात्र	09 महीना
		विषुनपुर	2	जोरी रेहेलदाग बेथथ रोड तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (लं0–4.660 कि0मी0 (Working Length-3.710 Km)			
		घाघरा	3	हहारी मोड़ से पतराटोली तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (लं0–2.800 कि0मी0)			
		घाघरा	4	अरंगी आर0ई0ओ0 रोड से कुहीपाट भाया पलमा तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (लं0–3.500 कि0मी0)			
		घाघरा	5	चुंदरी से कटियाटोली तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (लं0–2.330 कि0मी0)			
		घाघरा	6	सरांगो नावाटोली से चामा भाया चमेली तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (लं0– 4.000 कि0मी0)			
		विषुनपुर	7	L036-T01 से लाईन टोली तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (लं0–1.100 कि0मी0)			
		विषुनपुर	8	बनारी बनालात रोड दरदाग से चिलपोखर तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (लं0–3.500 कि0मी0)			
		विषुनपुर	9	बेती से रांगे तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (लं0–3.000 कि0मी0)			

2. वेबसाईट मे निविदा प्रकाशन की तिथि:–26.12.2023
3. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समयः– 11.01.2024 अपराह्न 5.00 बजे तक।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समयः–12.01.2024 .अपराह्न 5.00 बजे।
5. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पताः– मुख्य अभियंता का कार्यालय, जे0एस0आर0आर0डी0ए0, राँची, एफ0एफ0पी0 भवन, तृतीय तल्ला, धूर्वा, राँची –834004, झारखण्ड।
6. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0– .....

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है। मुख्य अभियंता
जे0एस0आर0आर0डी0ए0, राँची

PR 314096 Rural Work Department (23-24)_D

न्यूज रील्स

टाटा-एर्नाकुलम-टाटा एक्सप्रेस को पांच दिन करने का निर्णय लिया गया



भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)। अब सप्ताह में दो दिन की बजाय पांच दिन चलेगी। पश्चिमी और दक्षिणी ओडिशा के लोगों को फायदा मिलेगा। जनवरी 2024 से टाटा से प्रत्येक सोमवार, बुधवार, गुरुवार, शुक्रवार और रविवार को प्रस्थान करेगी। 2024 04 जनवरी से प्रत्येक सोमवार, बुधवार, गुरुवार, शनिवार और रविवार को एनार्कुलम से प्रस्थान करेगी। भुवनेश्वर 22/12 यात्रियों की सुविधा के लिए, विशेष रूप से ओड़िशा के पश्चिमी और दक्षिणी जिलों और उत्तरी आंध्र प्रदेश से संबंधित, टाटा-एनार्कुलम-टाटा एक्सप्रेस को सप्ताह में दो दिन से बढ़ाकर सप्ताह में पांच दिन करने का निर्णय लिया गया है।

112 करोड़ की लागत से बनेगा योरंदा महिमा पीठ

पीठ के सौंदर्यीकरण के लिए भूमि पूजन, तीन साल में पूरा होगा काम

आजाद सिपाही संवाददाता

भुवनेश्वर। मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने ओड़िशा के ढेंकनाल जिले में महिमा पीठ और बती मंडप के निर्माण, भव्य महिमा गादी के शून्य मंडप के निर्माण और महिमा गादी के चार तरफ के उन्नति कारण की आधारशिला रखी। योरंदा में आयोजित कार्यक्रम में भाग लेते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि ओड़िशा देवभूमि और पुण्य भूमि है। महिमा धर्म ने योरंदा भूमि को पवित्र किया और इसे प्रसिद्ध बनाया, जिससे इसे भारत के आध्यात्मिक मानचित्र पर एक विशेष स्थान मिला। उन्होंने कहा कि ऐसी पवित्र भूमि पर आकर और आपसे घुलने-मिलने का अवसर पाकर मुझे बहुत खुशी हो रही है। मुख्यमंत्री ने आगे कहा कि महिमा धर्म पूरे विश्व को एक परिवार मानकर सरल जीवन, समानता और वैश्विक कल्याण में

विश्वास करता है। महिमा धर्म के महान संत भीम भोई का संदेश हम सभी के लिए प्रेरणा है। उन्होंने कहा कि विश्व कल्याण के लिए स्वयं को समर्पित करने की सोच ने हमें धर्म की महिमा सिखाई है और उन्होंने कहा कि महिमा धर्मपीठ के उन्नति के लिए 112 करोड़ रुपये स्वीकृत किये गये हैं। उन्होंने कहा कि जल्द ही काम शुरू किया जायेगा और 3 साल के अंदर काम पूरा कर लिया जायेगा। मुख्यमंत्री ने योरंदा को ओड़िशा और भारत के आध्यात्मिक पर्यटन मानचित्र पर एक प्रमुख शिखर बनाने के लिए सभी का सहयोग मांगा और आगामी माघ मेला और अग्नि पूर्णिमा की शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम में राज्य के इस्पात और खान तथा पुर्त्त मंत्री प्रफुल्ल कुमार मल्लिक ने कहा कि ढेंकनाल जिला ओड़िशा को महिमा धर्म दिया है। मुख्यमंत्री ने इस धर्म के प्रचार-प्रसार और विकास के लिए हरसंभव सहायता प्रदान कर धर्म के प्रति अपनी ईमानदारी का परिचय दिया है। 5टी और नवीन ओड़िशा के अध्यक्ष वीके पांडियन ने शामिल होकर कहा कि कई लोगों के विरोध के बावजूद मुख्यमंत्री ने इस पीठ को विकसित करने का निर्णय लिया है। इस महिमा धर्म को सरलता, स्वच्छता, सेवा और निस्वार्थता के संदेश में दुनिया का नेतृत्व करना चाहिए। उन्होंने कहा कि इस पीठ और इसके आसपास के विकास के लिए कदम उठाये गये हैं, उन्होंने कहा कि हमारे मुख्यमंत्री श्रेय के लिए नहीं, बल्कि सेवा की भावना से काम करते हैं। मुख्यमंत्री ने महिमा पीठ के विकास को अपने हृदय में रखा है। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि ओड़िशा के सभी महिमा पीठों का विकास कार्य भी किया जायेगा। ढेंकनाल सांसद महेश कुमार साहू, विधायक सुधीर कुमार सामल, परजंग विधायक डॉ नरसिंह चरण साहू, हिन्दोल विधायिका सीमारानी नायक, जिला परिषद अध्यक्ष अर्चना पुहान प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

अनंत कोयला खदान को मिली 5-स्टार रेटिंग

भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)। तालचेर महानदी कोलफील्ड्स लिमिटेड (एमसीएल) की अनंत ओपनकास्ट परियोजना (ओसीपी) को वर्ष 2021-22 में अपने सर्वांगीण प्रदर्शन के लिए भारत सरकार से कोयला खदानों में 5-स्टार रेटिंग का पुरस्कार मिला। कल शाम आयोजित स्टार रेटिंग पुरस्कार समारोह में एमसीएल की ओर से एके बापट निदेशक (तकनीकी/परियोजना और योजना) ने अमृत लाल मीना आइएएस सचिव की उपस्थिति में माननीय केंद्रीय कोयला खान और संसदीय मामलों के मंत्री प्रल्हाद जोशी से पुरस्कार प्राप्त किया। भारत सरकार द्वारा प्रत्येक खदान की उपलब्धियों का समग्र रूप से मूल्यांकन करते हुए 1 से 5 के पैमाने पर स्टार रेटिंग प्रदान की जाती है। स्टार रेटिंग सुरक्षा पर्यावरण और स्थिरता, प्रौद्योगिकियों को अपनाना, आर्थिक प्रदर्शन आदि जैसे विभिन्न मोर्चों पर खदान विकास का एक संकेतक है।



कृषि विभाग, सिमडेगा
प्रेस विज्ञप्ति
किसान दिवस (23 दिसंबर 2023) के शुभ अवसर पर जिला के सभी किसान भाईयों को शुभकामनाएं।
कृषि विभाग के द्वारा चलाई जा रही लाभकारी योजनाएं-
- बीज विनिमय एवं वितरण की योजना अंतर्गत 50% अनुदान पर विभिन्न लैम्पस के द्वारा ब्लॉक चेन प्रणाली के माध्यम से कुल 833.00 क्विं. धान एवं मूंग बीज का वितरण।
- जिले के कुल 1547 बिरसा किसानों को कृषि कार्य करने हेतु लगभग पांच करोड़ बेरासी लाख रूपैया का किसान क्रेडिट कार्ड (KCC) ऋण वितरित।
- झारखंड कृषि ऋण माफी योजना अन्तर्गत जिले के कुल 6624 किसानों का कृषि ऋण माफ।
- प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना अन्तर्गत 90% अनुदान पर टपक सिचाई योजना का लाभ।
- मिट्टी जांच प्रयोगशाला, कृषि विज्ञान केन्द्र एवं एग्री क्लीनीक के माध्यम से मिट्टी नमूना का मुफ्त जांच।
- किसान कॉल सेंटर 1800-123 - 1136 द्वारा किसानों के समस्याओं का समाधान।
- किसान भाईयों को कृषि की अधिक जानकारी के लिए जिला स्तर पर एग्री क्लीनीक का संचालन।

ह./-
जिला कृषि पदाधिकारी
सिमडेगा

प्रशांति एक्सप्रेस निराकरपुर में रुकेगी

भुवनेश्वर। रेलवे प्रशासन द्वारा परीक्षण के आधार पर 18463/18464 भुवनेश्वर-बेंगलुरु-भुवनेश्वर प्रशांति एक्सप्रेस को निराकारपुर में रोकने का निर्णय लिया गया है। 18464 बेंगलुरु-भुवनेश्वर प्रशांति एक्सप्रेस 29 दिसंबर को बेंगलुरु से प्रस्थान करेगी और 30 दिसंबर को आने वाला यह निराकरपुर में ठहराव प्रदान करेगा। 31 दिसंबर से भुवनेश्वर से प्रस्थान करने वाली 18463 भुवनेश्वर से रवाना होने वाली भुवनेश्वर-बेंगलुरु प्रशांति एक्सप्रेस 1 सितंबर से निराकरपुर में रुकेगी । भुवनेश्वर से प्रस्थान करने वाली 18463 भुवनेश्वर-बेंगलुरु प्रशांति एक्सप्रेस 31 दिसंबर से निराकरपुर में ठहराव प्रदान करेगी।

एसटीएफ के हाथ लगी सैयद बुखारी की सीडीआर रिपोर्ट: 6 भाषाएं बोलता था, 4 पत्नियों से लेता था पैसा

आजाद सिपाही संवाददाता

भुवनेश्वर। संदिग्ध आतंकी सयद बुखारी की रिमांड शुक्रवार को चौथा दिन है। रविवार को रिमांड के बाद उसे कोर्ट में पेश किया जायेगा। इस बीच, बुखारी की सीडीआर रिपोर्ट एसटीएफ के हाथ लगा है। बुखारी व्हाट्सएप पर कई लोगों से चैटिंग और बातचीत कर रहा था। बुखारी चाइनीज डेटिंग ऐप के एजेंट थे।

बुखारी ने 4 पत्नियों से पैसे ले रहा था। सोलापुर में बुखारी की पत्नी लेक्चरर हैं। बुखारी ने खुद को पीएमओ का वरिष्ठ अधिकारी बताकर पुलिस अधिकारियों को भी चूना लगाया। बुखारी ने कश्मीर पुलिस अधिकारियों को पोस्टिंग बदलने के नाम पर लाखों रुपये ठगे गये।

9 बैंक खातों में पैसों का लेनदेन हुआ है। बुखारी की शैक्षणिक योग्यता युक्त दो है और वे अंग्रेजी, हिन्दी, डुंगरी, कश्मीरी, मराठी, उर्दू में निपुण थे। वह उड़िया भाषा भी समझता था।

भुवनेश्वर में इस्टर्न जोनल लेवल बैंड कंपटीशन का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता

भुवनेश्वर। उड़ीसा के भुवनेश्वर में आयोजित ईस्टर्न जोनल लेवल बैंड कंपटीशन 2023 24 में पाइप बैंड बालिका वर्ग में झारखंड आवासीय बालिका विद्यालय फतेहपुर झारखंड द्वितीय स्थान प्राप्त किए, संत जेवियर स्कूल चाईबासा, झारखंड की टीम ब्रास बैंड बालक वर्ग में द्वितीय स्थान

प्राप्त की। पाइप बैंड बालक वर्ग में करेली स्कूल रांची झारखंड द्वितीय स्थान प्राप्त की झारखंड के टीमों को उड़ीसा के राजस्व और आपदा प्रबंधन मंत्री सुदाम मरांडी के द्वारा पुरस्कृत किया गया। इस उपलब्धि पर स्कूली शिक्षा साक्षरता विभाग के सचिव के रवि कुमार, परियोजना निदेशक किरण पासी राज्य कार्यक्रम समन्वयक धीर सेन सोरेंग और शारीरिक शिक्षा खेलकूद कोसंग के सभी सदस्यों ने तीनों टीमों को ढेर सारी बधाइयां और शुभकामनाएं दी।

मीशो पर मेट्रो शहरों के अलावा भी 14 करोड़ ग्राहकों ने शॉपिंग की, 80% ऑर्डर टियर 2+ बाजारों से मिले

आजाद सिपाही संवाददाता

भुवनेश्वर। भारत का एकमात्र ट्रू ई-कॉमर्स मार्केटप्लेस, मीशो जबरदस्त वृद्धि और महत्वपूर्ण उपलब्धियों वाले साल का समापन कर रहा है। मीशो पर कश्मीर से लेकर कन्याकुमारी तक पूरे देश में अमरावती, औरंगाबाद, देहरादून, नेल्लोर, सोलापुर और वारंगल जैसे शहरों के ग्राहकों ने जमकर खरीददारी की। बाजार में मीशो की मजबूत पहुंच के साथ कंपनी ने 14 करोड़ ग्राहकों के लेनदेन दर्ज किए, जिनमें से लगभग 80% ऑर्डर टियर 2+ बाजारों से आए। टियर 2+ बाजारों में ई-कॉमर्स द्वारा लगातार तेजी पकड़ने के साथ मीशो ने भारत में शॉपिंग करने के तरीके का विश्लेषण पेश किया है। **असली बाजीगर:** सूरत, गुजरात में एक ग्राहक को आभूषणों केस इतना शौक था कि उसने इस प्लेटफार्म पर सबसे ज्यादा ऑर्डर देने का रिकॉर्ड बना लिया, वो 20,000 ऑर्डर दे चुका है, जो अभी भी बढ़ रहे हैं। **घर में रहना अच्छा:** होम इम्प्रूवमेंट की इच्छा से ग्राहकों ने अपने घरों को सजाने के लिए फर्नीचर, फिक्स्चर और घर की सजावट में निवेश किया। होम डेकोर की श्रेणी में साल-दर-साल 60% की वृद्धि दर्ज हुई है। भागलपुर, डिंडीगुल, जोरहाट और शहडोल में ग्राहकों का रुझान तोरण और दीयों से लेकर क्रिसमस और अन्य त्योहारों के लिए सजावट पर रहा। **स्ट्रैप और स्टाइल:** ग्राहकों में तेजी से पारंपरिक घड़ियों से स्मार्टवॉच की ओर बदलती रुचि देखी गयी, और हर दिन 25,000 से ज्यादा ग्राहकों ने स्मार्टवॉच खरीदी। विशेषतया चित्तूर, दीमापुर, पलवल और सतारा जैसे टियर 2+ शहरों के ग्राहक स्मार्टवॉच ज्यादा पसंद कर रहे हैं, जिससे वियरेबल टेक्नोलॉजी की ओर बढ़ता रुझान प्रदर्शित होता है। **फिट इंडिया अभियान:** फिटनेस उपकरणों की मांग 55% बढ़ी, और चांदपुर, करवर, पठानकोट एवं रत्नागिरी जैसे शहरों के ग्राहकों ने डंबल, योगा मैट, एक्सरसाइज रिंग्स, और बॉल्स आदि के ऑर्डर दिए। **शेल्फ के सामान की मांग:** भारत में हर दिन 3 लाख से अधिक कुर्तियां, 39,000 ब्लूटूथ हेडफोन और 21,000 बेडशीट खरीदी गयीं। गुजरात से ब्लूटूथ इयरफोन के ऑर्डर मिले, हिमाचल प्रदेश से मोबाइल केस और कवर, कर्नाटक से वॉलपेपर और उड़ीसा से हेयर आयल के ऑर्डर ज्यादा मिले। मीशो ने सेहत के लिए शॉपिंग बनाई आसान: मीशो पर 67 लाख से ज्यादा ग्राहकों ने बालों के हेयर फॉल से छुटकारा पाने के उपायों की खरीदारी की। खुद की देखभाल के बारे में जागरूकता बढ़ने के साथ लोगों की आदतें भी बदल रही हैं और ब्यूटी और पर्सनल केयर में 40% की वृद्धि दर्ज हो रही है। **रविवार की हलचल बरकरार:** परंपरा, प्रतिष्ठा, अनुशासन की परंपरा को बनाए रखते हुए भारतीय शॉपर्स द्वारा लगातार दो सालों से रविवार को खरीदारी के लिए सबसे अच्छा दिन घोषित किया जा रहा है, और इस दिन वो सुबह 7 बजे से शॉपिंग शुरू करते हैं, जो तड़के 3 बजे तक चलती है।

विक्रेता तोड़ रहे हैं सारे रिकॉर्ड

कौन (नहीं) बनेगा करोड़पति: 2023 में लगभग 10,000 मीशो विक्रेता करोड़पति और 130,000 विक्रेता लखपति बने। इनमें से 60% विक्रेता अविनाशी, भरूच, फियाजाबाद और सिलचर जैसे छोटे शहरों से हैं। नॉन-जीएसटी विक्रेताओं का स्वागत: उद्यमिता को बढ़ावा देने की मीशो की प्रतिबद्धता के साथ इस प्लेटफॉर्म पर 2 महीनों में लगभग 25,000 नॉन-जीएसटी विक्रेताओं ने अपना कारोबार शुरू किया। इन विक्रेताओं ने प्लेटफॉर्म पर 1 लाख से ज्यादा अद्वितीय उत्पादों की सूची पेश की। **विक्रेता स्पॉटलाइट:** लगभग 75,000 विक्रेताओं ने मीशो शानदार वृद्धि दर्ज की, जबकि 20,000 से अधिक विक्रेताओं का कारोबार 10 गुना बढ़ा। इस साल मीशो मुनाफा दर्ज करने वाली पहली क्षैतिज भारतीय ई-कॉमर्स कंपनी थी। इस कंपनी ने जुलाई में लाभ की घोषणा की थी, जिसके बाद यह लगातार लाभ की स्थिति में है, और नकदी प्रवाह सकारात्मक बना हुआ है। ये आंकड़े 1 जनवरी से 17 दिसंबर तक के लिए हैं।

आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. RN/249/2019-21